

सेंट्रल माइन प्लानिंग एण्ड
डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
मिनी रत्न कंपनी (कैट-I)

वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखा विवरण

2019-20

वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण

2019-20

सेंट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

मिनी रत्न कंपनी (**कैट-I**)

आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणित

गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड

राँची - 834 031

सीआईएन : यू14292 जेएच1975 जीओआई 001223

वेबसाइट : www.cmpdi.co.in

विजन

बढ़ते भू–संसाधन के क्षेत्र तथा संबंधित (व्यवसायिक) क्रिया–कलापों में वैश्विक बाजार का नेतृत्व करना ।

मिशन

प्रमुख परामर्शदाता के रूप में भारत तथा अंतराष्ट्रीय परिदृश्य में भी कोयला, गवेषण, खनन, अभियंत्रण तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में संपूर्ण परामर्शी सेवा प्रदान करना।

सीएमपीडीआईएल की प्रबंधन नीति

कोयला और अन्य खनिज संसाधनों के गवेषण तथा खान आयोजन प्लानिंग, डिजाइन एवं अभियंत्रण तथा प्रबंधन प्रणाली में परामर्श सेवा देने के उद्देश्य से सीएमपीडीआई बढते भू–संसाधन क्षेत्र तथा अन्य व्यावसायिक क्रिया–कलापों में अग्रणी परामर्शदाता के रूप में बाजार नेता (मार्केट लीडर) बनने का प्रयास कर रहा है। हम निम्नलिखित के प्रति समर्पित हैं।

हम निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं :-

1. पर्यावरण, सूचना सुरक्षा तथा ऊर्जा उपलब्धि पर सम्यक (यथोचित) ध्यान देते हुए अपने परामर्श एवं अन्य सहायता सेवाओं की गुणवत्ता में सत्त् सुधार लाना।
2. उत्पन्न अपशिष्ट में लगातार (दृढ़तापूर्वक) कमी लाकर, पुनः उपयोग कर तथा उसके कुछ भाग को पुनर्चक्रित (रिसाइक्लिंग) कर हमारे कार्यों द्वारा पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरित प्रभाव को कम कर पर्यावरण के संरक्षित करना।
3. गुणवत्ता, पर्यावरण, ऊर्जा तथा सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के उद्देश्य एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराना।
4. व्यापार निरंतरता को बनाए रखने के लिए खतरों (जोखिम) तथा व्यवधान से अपनी सूचना संपदा (परिसम्पत्ति) को बचाए रखने तथा सूचना सुरक्षा उपलब्ध (कार्यनिष्पादन) में सत्त् सुधार लाने।
5. कानूनी एवं अन्य सभी प्रयोज्य (लागू) आवश्यकताओं (अपेक्षाओं) के अनुपालन।

कोल इंडिया लिमिटेड के शेयर होल्डरों के लिए सामान्य नोट

सीएमपीडीआईएल की वार्षिक लेखा विवरण जाँच के लिए मुख्यालय में रखा रहेगा तथा कोल इंडिया लिमिटेड के किसी भी शेयर होल्डर के माँगने पर जानकारी देने के लिए भी उपलब्ध रहेगा।

विषय-सूची

क्र. सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	2019–2020 के दौरान प्रबन्धन	01
2.	27.07.2020 के अनुसार निदेशक मंडल के सदस्य	02
3.	बैंकर्स, अंकेक्षक तथा पंजीकृत कार्यालय	03
4.	45 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना	04
5.	अध्यक्ष का कथन	07
6.	उपलब्धि : एक नजर में	17
7.	वित्तीय पर्यवेक्षण एवं सांख्यिकी	18
8.	निदेशक–मंडल की रिपोर्ट	20
9.	निदेशक–मंडल की रिपोर्ट की अनुसूची	114
10.	सीईओ एवं सीएफओ प्रमाण–पत्र	120
11.	निगमित शासकीय प्रमाण–पत्र	121
12.	सांविधिक अंकेक्षकों की रिपोर्ट एवं प्रबंधन का उत्तर तथा सचिवीय अंकेक्षकों की रिपोर्ट	129
13.	धारा 143 (6)(बी) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ तथा प्रबंधक का उत्तर	150
14.	निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर वार्षिक रिपोर्ट	152
15.	लेखे का अंकेक्षित विवरण	170
16.	नकद प्रवाह (कैशफ्लो) विवरण के साथ–साथ लेखे पर टिप्पणी	175
17.	महत्वपूर्ण लेखा नीति तथा खण्डवार विवरण सहित लेखे पर टिप्पणी	210

31-03-2020 के अनुसार निदेशक मंडल

अधयक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

शेखर सरन

कार्यकारी निदेशक

श्री के.के. मिश्रा



श्री आर.एन. झा

श्री ए.के. राणा

श्री एस.के. गोमास्ता

अंशकालिक सरकारी निदेशक

श्री बिनय दयाल

डा. अनिंद्य सिन्हा

स्वतंत्र निदेशक

डा. के.सी. पाण्डेय

श्रीमती अलका पण्डा

श्री प्रमोद सिंह चौहान

स्थाई आमंत्रित सदस्य

श्री अजितेश कुमार

कंपनी सचिव

श्री अभिषेक मुंधड़ा

वर्ष 2019-2020 के दौरान प्रबंधन

कार्यकारी निदेशक

श्री शेखर सरन	:	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (01.01.2016 से)
श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्र	:	निदेशक (तकनीकी) (11.10.2018 से)
श्री रवीन्द्र नाथ झा	:	निदेशक (तकनीकी) (30.01.2019 से)
श्री अनिल कुमार राणा	:	निदेशक (तकनीकी) (01.08.2019 से)
श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता	:	निदेशक (तकनीकी) (25.02.2020 से)
श्री भोला नाथ शुक्ला	:	निदेशक (तकनीकी) (17.08.2017 से 14.06.2019 तक)
श्री असीम कुमार चक्रवर्ती	:	निदेशक (तकनीकी) (03.08.2016 से 31.07.2019 तक)

अंशकालिक सरकारी निदेशक

श्री विनय दयाल	:	निदेशक (तकनीकी) (09.11.2017 से)
डा. अनिंद्य सिन्हा	:	परियोजना सलाहकार, कोयला मंत्रालय (05.02.2018 से 01.05.2020)

स्वतंत्र निदेशकों/अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	:	स्वतंत्र निदेशक (10.07.2019 से)
श्रीमती अलका पाण्डा	:	स्वतन्त्र निदेशक (10.07.2019 से)
श्री प्रमोद सिंह चौहान	:	स्वतंत्र निदेशक (16.10.2019 से)
डा. देबाशीष गुप्ता	:	स्वतंत्र निदेशक (17.11.2015 से 16.11.2019 तक)
श्री राजेन्द्र प्रसाद	:	स्वतंत्र निदेशक (17.11.2015 से 16.11.2019 तक)

स्थायी आमंत्रित सदस्य

श्री अजीतेश कुमार	:	उप सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (13.01.2020 से)
श्री पीयूष कुमार	:	निदेशक (तकनीकी), कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (06.05.2016 से 12.01.2020)

कम्पनी सचिव

श्री अभिषेक मुंधड़ा	:	प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव (18.02.2016 से)

वर्ष 2019-2020 के दौरान प्रबंधन

कार्यकारी निदेशक

श्री शेखर सरन	:	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (01.01.2016 से)
श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्र	:	निदेशक (तकनीकी) (11.10.2018 से)
श्री रवीन्द्र नाथ झा	:	निदेशक (तकनीकी) (30.01.2019 से)
श्री अनिल कुमार राणा	:	निदेशक (तकनीकी) (01.08.2019 से)
श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता	:	निदेशक (तकनीकी) (25.02.2020 से)
श्री भोला नाथ शुक्ला	:	निदेशक (तकनीकी) (17.08.2017 से 14.06.2019 तक)
श्री असीम कुमार चक्रवर्ती	:	निदेशक (तकनीकी) (03.08.2016 से 31.07.2019 तक)

अंशकालिक सरकारी निदेशक

श्री विनय दयाल	:	निदेशक (तकनीकी) (09.11.2017 से)
डा. अनिंद्य सिन्हा	:	परियोजना सलाहकार, कोयला मंत्रालय (05.02.2018 से 01.05.2020)

स्वतंत्र निदेशकों/अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक

डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	:	स्वतंत्र निदेशक (10.07.2019 से)
श्रीमती अलका पाण्डा	:	स्वतन्त्र निदेशक (10.07.2019 से)
श्री प्रमोद सिंह चौहान	:	स्वतंत्र निदेशक (16.10.2019 से)
डा. देबाशीष गुप्ता	:	स्वतंत्र निदेशक (17.11.2015 से 16.11.2019 तक)
श्री राजेन्द्र प्रसाद	:	स्वतंत्र निदेशक (17.11.2015 से 16.11.2019 तक)

स्थायी आमंत्रित सदस्य

श्री अजीतेश कुमार	:	उप सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (13.01.2020 से)
श्री पीयूष कुमार	:	निदेशक (तकनीकी), कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (06.05.2016 से 12.01.2020)

कम्पनी सचिव

श्री अभिषेक मुंधड़ा	:	प्रबंधक (वित्त)/कंपनी सचिव (18.02.2016 से)

27.07.2020 के अनुसार बोर्ड के सदस्य

कार्यकारी निदेशक

श्री शेखर सरन	:	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्र	:	निदेशक (तकनीकी)
श्री रवीन्द्र नाथ झा	:	निदेशक (तकनीकी)
श्री अनिल कुमार राणा	:	निदेशक (तकनीकी)
श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता	:	निदेशक (तकनीकी)

अंशकालिक सरकारी निदेशक

श्री विनय दयाल	:	निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता
डा. मुकेश चौधरी	:	निदेशक, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली (26.05.2020 से)

स्वतंत्र निदेशक

डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	:	स्वतंत्र निदेशक
श्रीमती अलका पाण्डा	:	स्वतंत्र निदेशक
श्री प्रमोद सिंह चौहान	:	स्वतंत्र निदेशक

स्थायी आमंत्रित सदस्य

श्री अजीतेश कुमार	:	उप सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली

कम्पनी सचिव

श्री अभिषेक मुंधड़ा	:	प्रबंधक (वित्त)/ कंपनी सचिव

निगमित सूचना

निबंधित कार्यालय

सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लि0,
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची– 834 031,
(झारखण्ड), भारत

सीआईएन : यू 14292 जेएच 1975
जीओआई 001223
वेबसाइट : www.cmpdi.co.in

बैंकर्स

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
केनरा बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
आईडीबीआई बैंक
एक्सिस बैंक
एचडीएफसी बैंक

अंकेक्षक

सांविधिक अंकेक्षक
मेसर्स लोधा पटेल, बाधवा एंड कंपनी, राँची

सचीविय अंकेक्षण
मेसर्स सतीश कुमार एंड असोसिएट्स, राँची

कर अंकेक्षक
मेसर्स लोधा पटेल, बाधवा एंड कंपनी, राँची

डिपोजिटरी
मेसर्स नेशनल सिक्यूरिटी डिपोजिटरी लिमिटेड

रजिस्टर एंड शेयर ट्रान्सफर एजेंट
मेसर्स एनएसडीएल डाटाबेस मैनेजमेंट लिमिटेड

आईएसआईएन
INE05HV01019

45वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

सेंट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड के शेयरधारकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कारोबार के संचालन के लिए विडियो कन्फ्रेंसिग/ओएवीएम के जरिए कंपनी की 45वीं वार्षिक आम बैठक सोमवार दिनांक 27 जुलाई, 2020 के पूर्वाह्न 10.30 बजे कंपनी के निबंधित कार्यालय, राँची में आयोजित की जाएगी।

क. सामान्य कार्य:

1. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय विवरण के साथ–साथ भारत के सांविधिक नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर विचार करना तथा अंगीकार करना।
2. फरवरी, 2020 में कंपनी के 3,80,800 इक्विटी शेयर पर प्रतिशेयर 712.00 (डिविडेंट प्रति शेयर) की दर से 27.11 करोड़ रू. के अंतरिम लाभांश (डिविडेंट) का भुगतान की संपुष्टि तथा जुलाई 2020 में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए 3,80,000 इक्विटी शेयर पर 811.72 रू. प्रति शेयर की दर से प्रस्तावित 30.90 करोड़ रू. के फाइनल लाभांश (डिविडेंट) का भुगतान, इस प्रकार डिविडेंट के रूप में कुल 58.02 करोड़ रू. के भुगतान, को अनुमोदित करना।
3. श्री शेखर सरन (डीआईएन 06607551) पूर्णकालिक निदेशक,जो कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) के चक्रानुक्रम की शर्तों के अनुसार सेवा–निवृत्त हुए हैं, जो पुनर्नियुक्ति के योग्य हैं तथा अपने आपको इसके लिए प्रस्तावित करते हैं, के बदले एक निदेशक नियुक्त करना।
4. श्री विनय दयाल (डीआईएन 07367625) अंशकालिक सरकारी निदेशक, जो कंपनी अधिनियम 2013 की ध ाारा 152(6) के चक्रानुक्रम की शर्तों के अनुसार सेवा–निवृत्त हुए हैं, एवं पुनर्नियुक्ति के योग्य हैं तथा अपने आपको इसके लिए प्रस्तावित करते हैं, के बदले एक निदेशक नियुक्त करना।

ख. विशेष कार्य :

1. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित कास्ट आडिटरों की पारिश्रमिक की संपुष्टि

   यदि विचार किया गया तथा उपयुक्त पाया गया तो निम्नलिखित संकल्प को संशोधन के साथ या बिना संशोधन के सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना :–

   संकल्प किया गया कि 18.09.2019 को आयोजित 227वीं बोर्ड बैठक में कास्ट आडिटर मेसर्स डीजीएमएंड असोसिएट्स, कोलकाता को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंकेक्षण हेतु अनुमोदित पारिश्रमिक 1,47,650 रू. प्रतिवर्ष + लागू कर और कॉस्ट आडिट शुल्क की 50 प्रतिशत की सीमा तक जेब खर्च (ऊपरि खर्च) होगा, को एतद् द्वारा संपुष्ट किया जाता है।

   उपर्युक्त निर्धारित विशेष कार्य व्यापार के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है।

ध्यातव्य: 1 देश में जारी कोविड 19 के चलते महामारी के कारण उत्पन्न वर्तमान असाधारण परिस्थिति के आलोक में भारत सरकार निगमित मामले के मंत्रालय (कुछ समय के लिए लागू किसी प्रकार का चयनित संशोधन और उसे पुनः लागू करने) द्वारा जारी क्रमशः सामान्य परिपत्र सं : 14/2020, दिनांक 8 अप्रैल, 2020, सामान्य परिपत्र सं: 17/2020, दिनांक 13 अप्रैल, 2020 तथा सामान्य परिपत्र सं: 17/2020 5 मई,

2020 तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 18 के प्रावधान एवं अन्य लागू कानून एवं विनियमन के अनुरूप सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के शेयर होल्डर, निदेशक सचिवीय अंकेक्षक सहित अंकेक्षक बैठक में उपस्थिति होने/मत देने के हकदार है, वे Cosecretary.cmpdi@coalindia.in को ईमेल भेज कर बैठक में विचार किए गए मदों पर सिर्फ ऐसी स्थिति में अपनी सहमति या असहमति व्यक्त करने के लिए विडियो कन्फ्रेन्सिग (वीसी) या अन्य दृष्य श्रव्य माध्यम (ओएवीएम) के जरिए बैठक में भाग ले सकते हैं या मद दे सकते हैं। सदस्यों के द्वारा एवजी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं है। तथापि कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 112 एवं 113 के अनुसरण में वीसी या ओएवीएम के जरिए भागेदारी एवं मतदान के लिए सदस्यों के प्रतिनिधि नियुक्त किए जा सकते हैं। वीसी या ओएवीएम के जरिए बैठक में भाग लेने के लिए अग्रिम रूप से कंपनी के अधिकृत ईमेल आईडी के जरिए लिंक उपलब्ध करा दिया जाएगा तथा बैठक के प्रारंभ होने के निर्धारित समय से कम–से–कम 15 मिनट पहले बैठक में सम्मिलित होने की सुविधा उपलब्ध रहेगी और निर्धारित समय के बाद 15 मिनट तक बंद नहीं किया जाएगा।

2. सदस्यों से अनुरोध है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101(।) के अनुसार अल्पकालिक सूचना पर बैठक आयोजित करने के लिए अपनी सहमत प्रदान करें।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
वास्ते– सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड

(अभिषेक मुंधड़ा)
कंपनी सचिव

दिनांक : 21.07.2020
स्थान : राँची

वितरण :

सभी शेयरधारकों
कंपनी के सभी निदेशकों
अंकेक्षण समिति के अध्यक्ष
नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष
कंपनी के सांविधिक अंकेक्षक
कंपनी के सचिवीय अंकेक्षक
कंपनी के लागत अंकेक्षक
महाप्रबंधक (वित्त)/सीएफओ

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण

मद संख्या-बी (1): निदेशक-मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कॉस्ट आडिटरों के पारिश्रमिक की संपुष्टि।

सीएमपीडीआईएलके निदेशक मंडल ने दिनांक : 18.09.2019 को आयोजित अपनी 227वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2019–20 के कॉस्ट अंकेक्षण करने के लिए अंकेक्षण समिति के मेसर्स डीजीएम एंड असोसियट्स पोस्ट रिकॉमेडेंशन ऑफ ऑडिट कमेटी की नियुक्ति को अनुमोदित कर दिया है, जिनका शुल्क 1,47,650 रू. प्रतिवर्ष + लागू कर तथा कास्ट ऑडिट शुल्क की 50 प्रतिशत की सीमा तक जेब खर्च (ऊपरि खर्च) होगी। कंपनी (अंकेक्षण एवं अंकेक्षक) अधिनियम 2014 के नियम 14 के साथ पटित कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 148 के अनुसरण में अंकेक्षण समिति द्वारा अनुशंसित और निदेशक–मंडल द्वारा अनुमोदित कॉस्ट ऑडिटरों के पारिश्रमिक को बाद में सामान्य बैठक में शेयर होल्डरों द्वारा संपुष्टि की जरूरत पड़ती है।

इस संकल्प में निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या उनके संबंधी को कोई रूचि नहीं या इससे कोई संबंध नहीं है।

बोर्ड ने सदस्यों के अनुमोदन के लिए संकल्प की अनुशंसा कर दी।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
वास्ते– सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड

(अभिषेक मुंधड़ा)
कंपनी सचिव

अध्यक्ष का कथन

श्री शेखर सरन
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

प्रिय शेयरधारक,

सीएमपीडीआईएल की 45वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का बेहद गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 की कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। 31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि की निदेशक मंडल की रिपोर्ट, अंकेक्षित (ऑडिट) लेखे की रिपोर्ट के साथ–साथ सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा समीक्षा पहले ही कंपनी के शेयरधारकों को दी जा चुकी है।

1.0 विकास की रूप-रेखा:

संपूर्ण भारतीय खनन उद्योग को एक ही छत के नीचे विस्तृत प्लानिंग सेटअप के रूप में सीएमपीडीआईएल की स्थापना का विचार एवं प्रस्ताव मूलतः 1972 में पोलैंड के विशेषज्ञों वाले संयुक्त अध्ययन दल द्वारा आया। इसके बाद सीएमपीडीआई की स्थापना 1 नवम्बर, 1975 को की गई।

आपकी कंपनी कोयले के गवेषण, खान आयोजन एवं अभिकल्पन, पर्यावरण अभियांत्रिकी, कोयले का परिष्करण एवं उपयोग, संबंधित अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) सेवाएँ, सूचना संचार, प्रौद्योगिकी, सुदूर, संसाधन विकास, रिमोट सेंसिंग) सीआईएल से बाहर की कंपनियों को भी इसी तरह की सेवाएँ दी जा रही है। कुछ हद तक धात्विक खनन उद्योग को भी आयोजना प्लानिंग एवं सम्बद्ध सेवाएँ दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, सीएमपीडीआई गैर–सीआईएल ब्लॉक, कोयला आधारित गैर–पारंपरिक ऊर्जा संसाधन यानि सीबीएम, यूसीजी शेल गैस से संबंधित इसी प्रकार की सेवाएँ कोयला मंत्रालय तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भी दे रहा है।

सीएमपीडीआईएल के गठन के बाद के वर्षों के दौरान बड़ी खुली खान तथा भूमिगत खान परियोजना के लिए संयुक्त प्लानिंग कार्य करने हेतु पूर्ववर्ती यूएसएसआर के जिप्रोशाख्त, पोलैंड के कोपेक्स तथा ब्रिटेन के ब्रिटिश माइनिंग कन्सल्टेंट जैसे उन्नत (अग्रणी) कोयला खनन वाले देश के संस्थानों के साथ द्विपक्षीय समझौते के जरिए अपने योजनाकारों एवं अभियंताओं की विशेषज्ञता के स्तर को बढ़ाया गया। सीएमपीडीआईएल के कार्मिकों की विशेषज्ञता के स्तर को बढ़ाने के अतिरिक्त कम्प्यूटर एवं प्रयोगशाला सुविधा की स्थापना के द्वारा महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधा का निर्माण किया गया। इन सब उपायों से सीएमपीडीआईएल एक ही छत के नीचे खनिज एवं खनन के क्षेत्र में संपूर्ण समाधान करने वाला अद्वितीय कंपनी बन गई है। फिर भी, विश्वव्यापी व्यावसायिक वातावरण में आए बदलाव के कारण 1990 के दशक में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते महत्वहीन हो गए हैं एवं अपनी गति खो चुके हैं। कर्मियों की सेवा–निवृत्ति, कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य अनुषंगी कंपनियों में स्थानान्तरण तथा युवा अभियंताओं

की बहाली नहीं होने के कारण 90 के दशक में कार्यकुशल श्रमशक्ति के मामले में कंपनी की शक्ति में कमी आने लगी जो काफी समय तक चलती रही।

कुल मिलाकर बदलते व्यापार परिवेश के फलस्वरूप देश तथा विदेश के खनन क्षेत्र में अवसर में बदलाव आने के चलते यहाँ से विशेषज्ञों का पलायन और बढ़ गया, जो अगले 5–6 वर्षों तक जारी रहा। कुल मिलाकर कंपनी अपनी सेवाओं एवं सुविधाओं को उत्कृष्ट स्तर तक बढ़ाने के प्रति पूर्णतः समर्पित है ताकि भारत तथा विदेश में व्यापार के वातावरण में बदल रहे परिदृष्य के साथ सामांजस्य बैठाया जा सके। इस कथन की इस तथ्य से पुष्टि की जा सकती है कि यह कंपनी कुछ संभव सीमा तक कम्प्यूटरीकरण के साथ–साथ खनन उद्योग से संबंधित आधुनिकतम साफ्टवेयर के प्रयोग, खासकर पर्यावरणिक सुविधा से संबंधित उपकरण, कोयले का गुण निर्धारण एवं आईएसओ मानक शामिल करने में सक्रिय रूप से लगी रही है।

सीएमपीडीआईएल के प्रमुख क्रिया–कलापों में से एक ड्रिलिंग की क्षमता, जिससे भावी कोयला उत्पादन की आवश्यकता के लिए कोल ब्लॉक के अनुमान करने में मदद मिलती है लगभग 2 लाख मीटर प्रतिवर्ष (04–05 में 2.02 लाख मीटर से 07–08 में 2.09 लाख मीटर) के आस–पास थी तथा बिक्री लगभग 150 से 200 करोड़ रूपये (2004–05 में 151 करोड़ रूपए तथा 2007–08 में 196 करोड़ रूपए) थी। ड्रिलिंग में योगदान सिर्फ विभागीय संशोधन का ही था। 11वीं योजना के प्रारंभ में यह विचार आया कि संसाधनों को तेजी से प्रमाणित करने की आवश्यकता को ध्यान में रख कर, खासकर गवेषण के क्षेत्र में सीएमपीडीआईएल की भूमिका में काफी वृद्धि करने की जरूरत होगी। तद्नुसार, विभागीय क्षमता को बढ़ाने के अलावा एमईसीएल सहित अन्य एजेंसियों की ड्रिलिंग क्षमता का उपयोग कर सभी ड्रिलिंग क्षमता में वृद्धि करने पर बल दिया गया तथा निजी एजेंसियों को ड्रिलिंग कार्य का कुछ भाग आऊटसोर्स कर ड्रिलिंग शुरू किया गया। इसी के साथ–साथ सीएमपीडीआईएल की कोयला कोर जाँच की क्षमता भी बढ़ाई गई। कुल मिलाकर स्वदेशी तथा आयात्ति उपकरण के जरिए अन्य प्रयोगशालाओं जैसे पर्यावरण, सीबीएम खनन प्रौद्योगिकी आदि की क्षमता को भी बढ़ाया गया है। आपकी कंपनी इन चुनौतियों को स्वीकार करने में सही साबित हुई और इसने आधुनिकतम मड टेक्नोलॉजी को शामिल कर उच्चतर क्षमता वाला ड्रिल एवं हाई पॉरफॉर्मेंस बिट, श्रमशक्ति को बढ़ाने जैसे कई कार्य (पहल) कर वर्ष 2018–19 के दौरान अपनी विभागीय ड्रिलिंग क्षमता को बढ़ाकर 5.00 लाख मीटर तक पहुँचा दिया।

इसके बाद प्रशासकीय मंत्रालय यानि कोयला मंत्रालय भी सीएमपीडीआईएल की गवेषण क्षमता बढ़ाने के लिए एक योजना लेकर आया जहाँ वर्ष 2015–16 तक विभागीय ड्रिलिंग क्षमता 4 लाख मीटर सहित 15 लाख मीटर तक बढ़ाई जानी थी। सीएमपीडीआईएल ने पूर्व के वर्ष में की गई ड्रिलिंग की तुलना में वर्ष 2016–17 में 13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज कर 11.26 लाख मीटर, वर्ष 2017–18 में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर 13.66 लाख मीटर तथा वर्ष 2018–19 में 13.60 मीटर ड्रिलिंग किया।

वर्ष 2019–20 के लिए एमओयू का लक्ष्य 14 लाख मीटर रखा गया था। आपकी कंपनी इस चुनौती पर खरी उतरी। इसने वर्ष 2019–20 के दौरान लगभग 12.94 लाख मीटर कुल ड्रिलिंग किया, जिसमें विभागीय संसाधन से किया गया 4.88 लाख मीटर ड्रिलिंग शामिल है। यह उम्मीद की गई कि विभिन्न उपाय जैसे न्यू हायर कॉपोसिटी ड्रिल एवं हाई परफार्मेंस बिट लगाकर तथा आधुनिकतम मड टेक्नोलॉजी आदि अपना कर वर्ष 2018–19 के दौरान प्राप्त 5.00 लाख मीटर ड्रिलिंग उपलब्धि से अधिक हो गई तथापि, कोविड–19 विश्वव्यापी महामारी के कारण राष्ट्रव्यापी लॉक डाउन के चलते 22 मार्च 2020 से 31 मार्च 2020 तक कोई प्रगति नहीं होने के कारण लक्ष्य की उपलब्धि पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ा। फिर भी वर्ष 2006–07 (10वीं योजनावधि के अंत) में 2.06 लाख मीटर की उपलब्धि से 15 प्रतिशत ड्रिलिंग में सीएजीआर, सहित (समेकित वार्षिक वृद्धि दर) 2019–20 में 12.94 लाख मीटर उपलब्धि प्राप्त की।

व्यापारिक गतिशीलता पर पुनरावलोकन की आवश्यकता के कारण रणनीतिक व्यापारिक योजना बनाई गई। संभावित जोखिमों का विश्लेषण करने के बाद सीएमपीडीआई ने उन कार्यों तथा उनके कर्त्ता की रूपरेखा तैयार उद्यम जोखिम प्रबंधन योजना बनाई है, जिन्हें हम किसी संगठन से अपने जोखिम का मूल्यांकन, पहचान, प्राथमिकता

देने, प्रशमन करने तथा मानिटरिंग करने की अपेक्षा रखते हैं। इसके साथ–ही–साथ विविधिकरण के बावजूद निकट भविष्य में संपूर्ण रूप से कोयला क्षेत्र के हितों के लए कंपनी की अपनी विशिष्टता भी बनाए रखनी होगी।

2.0 वित्तीय उपलब्धि:

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने 312.62 करोड़ (8.60 करोड़ की विस्तृत अन्य आय पर विचार करने के बाद) कर के पूर्व लाभ सहित 1381.31 करोड़ रू. का अधिकतम टर्न ओवर हासिल किया है। आपकी कंपनी का मूल्य 31.3.2019 के अनुसार 447.95 करोड़ रू. से बढ़कर 31.3.2020 को 570.31 करोड़ रू. हो गया है। प्रतिशेयर अर्जन गत वर्ष 4450.16 (3.80.800 शेयर पर परिकलित) से बढ़कर विवेच्य वित्तीय वर्ष के दौरान 5078.52 (3.8.800 शेयर पर परिकलित) हो गया।

3.0 ड्रिलिंग उपलब्धि:

वर्ष 2019–20 के दौरान एमओयू लक्ष्य 14.00 लाख मीटर की तुलना में 12.94 लाख मीटर ड्रिलिंग किया गया, जिसमें विभागीय ड्रिलों के जरिए 602 मीटर!ड्रिल/माह की उत्पादकता सहित 4.88 लाख मीटर डिलिंग शामिल है। ड्रिलिंग की उपलब्धि प्रभावित होने का मुख्य कारण कोविड–19 महामारी के कारण देशव्यापी लॉक डाउन था। वर्ष 2020–21 के कारण देशव्यापी लॉक डाउन था। वर्ष 2020–21 के लिए अधिक क्षेत्र शामिल करने तथा ड्रिलिंग की गति बढ़ाने के उद्देश्य से 50 लाइन कि.मी. 2डी सिसमिक सर्वेक्षण तथा 100 वर्ग कि.मी. 3डी सिसमिक सर्वेक्षण सहित 11.00 लाख मीटर ड्रिलिंग प्रस्तावित है।

सीएमपीडीआईएल ने विभिन्न कोयला ब्लॉकों में प्रतिवर्ष 1.00 लाख मीटर गवेषणात्मक ड्रिलिंग करने के लिए 6 जनवरी, 2009 को एमईसीएल के साथ दीर्घकालीन समझौता किया हे जिसे बढ़ाकर प्रतिवर्ष 4.00 लाख मीटर कर दिया गया है। राष्ट्रीय एवं वैश्विक निविदा के जरिए 2007–08 से 40 लाख मीटर ड्रिलिंग हेतु आउटसोर्स्ड एजेंसियों को 101 ब्लॉकों के लिए कार्यादेश जारी कर दिया गया।

4.0 परियोजना रिपोर्ट:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लगभग 178 मिलियन टन प्रतिवर्ष अतिरिक्त क्षमता वृद्धि वाली कुल 32 परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई। इन 32 परियोजना रिपोर्टा में से 22 परियोजना रिपोर्ट खुली खदानों के हैं, जिनमें 9 परियोजना रिपोर्ट बड़ी (मेगा) परियोजना (10 एमटीवाई या इससे अधिक के हैं) 10 परियोजना रिपोर्ट भूमिगत (यूजी) खान के हैं। भूमिगत परियोजना में 2 बड़ी (मेगा) भूमिगत परियोजनाएँ (जैसे बोरदा भू.ग. 6 (एमटीवाई) तथा झाँझरा विस्तारण (5 एमटीवाई पावर्ड सपोर्ट लॉगवाल टेक्नोलॉजी वाली तथा कंटीन्यूअर माइनर वाली 8 भूमिगत परियोजनाएँ शामिल है। गैर सीआईएल खानों के लिए 3 परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की गईं।

देश में कोयला खनन के इतिहास में पहली बार वकेट ड्रिल एक्सावेटर टेक्नोलॉजी वाली दो खुली खान परियोजना रिपोर्ट जैसे भंदार पर्वत (15 एमटीवाई तथा पिरपंति बारहाट (30 एमटीवाई) की रूप–रेखा (योजना) तैयार की गई।

5.0 प्रयोगशालाओं का उन्नयन:

सीएमपीडीआईएल की सभी प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ा दी गई है। रासायनिक एवं पेट्रोग्राफी प्रयोगशालाओं को आयात्ति परिष्कृत उपकरण से सुसज्जित कर उन्नत कर दिया गया है ।

भू रासायनिक प्रयोगशाला को अतिरिक्त सेम्पल प्रेपरेशन यूनिट तथा अन्य उपकरण जैसे स्वेलिंग इन्डेक्स एनटीजी के, क्रासिंग प्वाइन्ट एंड इग्निशन, बॅम्ब कैलोरी मीटर लगाकर उन्नत किया गया हे तकि प्रयोगशाला की क्षमता भी बढ़ा दी गई है। क्षमता में वृद्धि होने से रासायनिक प्रयोगशाला का राजस्व भी गत वर्ष से लगभग 70 प्रतिशत बढ़

गया है। 12 विभिन्न क्षेत्रों में ''जाँच'' के क्षेत्र में उपलब्ध इसकी सुविधा के लिए भू रासायनिक प्रयोगशाला को मानक आईएसओ/आईईसी 17025 : 2017 के अनुसार एनएबीएल प्रमाण पत्र के साथ मान्यता दी गई है। सीएमपीडीआई, क्षेत्रीय संस्थान–7, भुवनेश्वर में भी नई रासायनिक विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। सीएमपीडीआई की रासायनिक प्रयोगशाला कोल कोर नमूनों के विश्लेषण हेतु दो वर्षों के लिए आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू किया है, जो सीएसआईआर प्रयोगशाला के साथ वर्तमान एमओयू के अतिरिक्त है।

कोयला एवं खनिज परिष्करण (प्रेपरेशन) प्रयोगषाला को मई, 2019 में आईएसओ/आईईसी 17025 :2017 के अनुसार एनएबीएल मान्यता दी गई है। सीएमपीडीआई, क्षेत्रीय संस्थान–7, भुवनेश्वर में भी नई रासायनिक विश्लेषण ात्मक प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। सीएमपीडीआई की रासायनिक प्रयोगशाला कोल कोर नमूनों के विश्लेषण हेतु दो वर्षों के लिए आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू किया है, जो सीएसआईआर प्रयोगशाला के साथ वर्तमान एमओयू के अतिरिक्त है।

कोयला एवं खनिज परिष्करण (प्रेपरेशन) प्रयोगशाला को मई, 2019 में आईएसओ/आईईसी 17025 : 2017 के अनुसार एनएबीएल मान्यता दी जा चुकी है। परीक्षण परिणाम की आपसी स्वीकृति को सरल बनाने के लिए इस तरह की ख्याति प्राप्त संस्था द्वारा मान्यता मिलना पहला कदम माना जाता है। सीएमपीडीआई, मुख्यालय का एनडीटी सेल को भी एनएबीएल प्रमाण–पत्र दिया गया है, जो गेर विध्वंशक परीक्षण (एनडीटी) में परीक्षण/जाँच के क्षेत्र में उपलब्ध सुविधा के लिए आईएसओ/आईईसी 17025 : 2017 के अनुसार है।

वर्तमान पर्यावरण प्रयोगशाला को आधुनिकतम (स्टेट–ऑफ–आर्ट) उपकरण से सुसज्जित कर दिया गया है। सीएमपीडीआईएल, मुख्यालय, क्षेत्रीय संसथान–4 तथा क्षेत्रीय संस्थान–7 के पर्यावरणिक प्रयोगशाला को एनएबीएल द्वारा मान्यता दी गई है। सीएमपीडीआईएलके क्षेत्रीय संस्थान–1, क्षेत्रीय संस्थान–2 तथा क्षेत्रीय संस्थान–6 सिति पर्यावरण प्रयोगशाला को एनएबीएल मान्यता दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। सीएमपीडीआईएल, मुख्यालय के पर्यावरण प्रयोगशाला को सीपीसीबी मान्यता वर्ष 2016–17 के दौरान ही मिल चुकी है, जो पाँच वर्ष के लिए वैद्य है।

6.0 श्रमशक्ति की भर्ती:

गवेषण, आयोजना एवं अभिकल्पन (प्लानिंग एंड डिजाइन) के साथ–साथ सम्बद्ध अभियंत्रण सेवाओं की श्रमशक्ति की आवश्यकता पर ध्यान दिया गया है। वर्ष 2019–20 के दौरान, बहाली एवं स्थानान्तरण (कोल इंडिया लि.) के जरिए सीएमपीडीआईएल में 26 अधिकारियों का पदस्थापन किया गया है। इसी प्रकार बहाली/भर्ती/अनुकंपा के आधार पर नियोजन/अन्य कंपनियों से स्थानांतरण के द्वारा 24 कर्मचारियों (गैर–अधिकारी) को पदस्थापित किया गया है तथा श्रमशक्ति को और बढ़ाने की प्रक्रिया जारी है।

7.0 भूमि पुनरूद्धार मानिटरिंग तथा भू-उपयोग/वनस्पति आच्छादन मानचित्रण:

प्रति वर्ष 5 मिलियन घन मीटर (कोयला+ओबी) से अधिक उत्पादन करने वाली कोल इंडिया लिमिटेड की सभी खुली खानों में वर्ष 2008 से वार्षिक आधार पर भूमि पुनरूद्धार मानिटरिंग के लिए प्रति वर्ष उपग्रह–निगरानी की जा रही है। इसके बाद 2011 से तीन वर्ष के अंतराल पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिवर्ष 5 मिलिटन घन मीटर (कोयला ओबी) से कम उत्पादन करने वाली खुली खानों की भी भूमि पुनरूद्धार मानिटरिंग का कार्य शुरू किया गया है।

तद्नुसार वर्ष 2019–20 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न अनुषंगी की विभिन्न कोटि की 87 खुली खनन परियोजना तथा 8 कलस्टरों के लिए उपग्रह आकड़े पर आधारित भूमि पुनरूद्धार मानिटरिंग की जा चुकी है। वर्ष 2019–20 के दौरान 6 कोलफील्डों जैसे काम्पटी एवं वर्धाघाटी कोलफील्ड्स (डब्ल्यूसीएल), तालचर कोलफील्डस (एमसीएल), झरिया कोलफील्ड्स (बीसीसीएल), विश्रामपुर कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) तथा माकुम कोलफील्ड्स (एनईसी) का वनस्पति आच्छादन मापन किया गया। वर्ष 2019–20 के दौरान उपग्रह आँकड़ा पर आधारित 31 भू.ग./खु.खा. खानों के कोर एवं बफर जोन का भू उपयोग/भूआच्छादन मैपिंग किया गया।

वर्ष 2019–20 के दौरान एमओईएफएंडसीसी की आवश्यकता को पूरा करने के लए एसईसीएल की 15 भूमिगत परियोजनाओं के पट्टे वाल`क्षेत्र के लिए भू उपयोग/आच्छादन मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

8.0 कोल वाशरी की स्थापना में सहायता:

सीएमपीडीआईएल कार्यादेश देने के लिए वैचारिक रिपोर्ट की तैयारी से लेकर वर्तमान वाशरियों के मोडिफिकेशन/मॉडर्नाइजेशन और ड्राईंग की संवीक्षा तक का प्रस्ताव करता है। इन सेवाओं में परियोजना कार्यान्वयन के दौरान प्रयोगशाला अध्ययन, टेक्नों इकोनोमिक्स फिजिविलिटि रिपोर्ट (टीईएफआर), वैचारिक रिपोर्ट (सीआर), बिड प्रोसेस मैनेजमेंट, संविदा दस्तावेज की तैयारी और कार्यादेश में सहायता उसके बाद ड्राईंग की संवीक्षा करना भी शामिल है।

सीएमपीडीआईएल ने कोल इंडिया लिमिटेड के सम्बन्धित सीाी अनुषंगी कंपनियों के लिए 18 वाशरियों हेतु एनआईटी सुपुर्द की है। बीसीसीएल के अनुरोध पर इन 18 वाशरियों में से मूनीडीह वाशरी (2.5 मी.ट.प्र.व.) के लिए स्वच्छ कोल के 14 प्रतिशत राख की स्तर पर कोयले धुलाई के लिए फ्रेश एनआईटी तैयार किया गया और बीसीसीएल को सौंप दिया गया।

''तापीय मूल्य के रूप में थ्रोवावे कोल वाशरी अपशिष्ट को परिभाषित करने, अन्य निचले इलाके में पर्यावरण के अनुकूल सत्त् ढंग सं थ्रोवाले अपशिष्ट के निपटान के लिए मानक संचाल प्रक्रिया तैयार करने तथा थ्रोवावे अपशिष्ट की मानिटरिंग मेकानिज्म का नया तरीका ढूढने'' के लिए कोयला मंत्रालय के दिनांक : 4.4.2018 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार सीएमपीडीआईएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिहित का गठन किया गया है। विस्तृत विचार–विमर्श तथा कई बैठकों के बाद इसकी रिपोर्ट जून, 2019 में कोयला मंत्रालय को सौंप दी गई। इस समिति की रिपोर्ट से वाशरी से उत्पन्न अपशिष्ट को पर्यावरण के अनुकूल ढंग से उपयोग/ निपटान के लिए समरूप (एक समान) नीति अपनाने में सहूलियत होगी।

''सीएमपीडीआईएल, राँची द्वारा 22 फरवरी, 2020को सीएमपीडीआईएल में संबंधित विभिन्न पक्षों जैसे कोयला उत्पादकों, वाशरी परिचालकों संभावित बोलीदाताओं (बिड्डर), शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संस्थानों, छात्विक क्षेत्रों आदि के विशेषज्ञों की भागेदारी के साथ एक कार्यशाल का आयोजन किया गया। इसके निष्कर्ष की अंतिम अनुशंसा को अनुमोदन हेतु कोयला मंत्रालय के पास भेज दिया गया है।

9.0 पर्यावरणिक सेवा :

वर्ष 2019–20 के दौरान आसनसोल, धनबाद, नागपुर, बिलासपुर, कुसमुंडा, हसदेव, जयंत, भुवनेश्वर तथा रांची स्थित अपने 9 पर्यावरणिक प्रयोगशालाओं के जरिए कोल इंडिया लिमिटेड गई तथा 31 फार्म–1 सहित 52 ईआईए/ ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन योजना) भी तैयार किए गए। 11 माइन क्लोजर प्लान पर त्वरित टिप्पणी तैयार कर कोयला मंत्रालय को भेज दी गई। कुछ वैज्ञानिक तरीके से बालू पुनभराई अध्ययन तथा वर्टिकल ग्रीनरी सिस्टम/विन्ड बैरियर पूरे किए गए। इसके अतिरिक्त खुली खनन/भूमिगत खनन, तापीय, सीबीएम तथा कोंयला धुलाई (वाशिंग) देने के लिए सीएमपीडीआईएल क्वालिटी कॉन्सिल आफ इंडिया (क्यूसीआई) एमओईएफ एंडसीसी द्वारा नामित एजेंसी) नई दिल्ली द्वारा पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) संगठन के रूप में अपनी मान्यता जारी रखी हुई है।

10.0 कोयला आधाारित ऊर्जा का वैकल्पिक स्रोत:

सीएमपीडीआईएल ने कोयला आधारित गैर–पारंपरिक ऊर्जा संसाधन के आधारित कोयले के व्यावसायिक विकास को सरल बनाने के लिए अपना प्रयास जारी रखा और यह राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ व्यावसायिक तथा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का अनुसरण कर रहा है। सीएमपीडीआई, कोल इंडिया लिमिटेड के क्षेत्रों में कोल बेड मिथेन (सीबीएम) के विकास में लगा हुआ है।

1997 में कोल बेड मिथेन (सीबीएम) नीति की घोषणा के बाद भारत में सीबीएम के विकास की गति तेज हुई है। इस नीति के कारण भारत में सीबीएम के व्यावसायिक दोहन की नींव पड़ी है। भारत सरकार के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय है तथा देश में सीबीएम के विकास के लिए हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) को नोडेल एजेंसी बनाया गया है।

भारत सरकार ने कोल इंडिरूा लिमिटेड (सीआईएल) एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों को उन कोयला धारक क्षेत्रों से कोल बेड मिथेन (सीबीएम) का पता लगाने एवं दोहन करने की अनुमति दी है, जिनके लिए उन्हें कोयला हेतु खनन पट्टा मिला है। तद्नुसार कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसकी सहायक कंपनियों के लिए सीबीएम नीति, 1997 में पेट्रोलियम एवं प्रकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनांक : 8 मई, 2018 के द्वारा आंशिक संशोधन किया है। इसलिए सीआईएल को दिया गया खनन पट्टे को कुछ बाद्यता (दियित्व)/औपचारिकता को पूरा करने के बाद उसे ही पेट्रोलियम खनन पट्टा का अधिकार माना जाएगा। इसलिए इस अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न अधिनियमों के तहत कोयले की निकासी के लिए सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों के पास वेस्टेड/माइनिंग लीज के अधिकार को सीबीएम के गवेषण तथा दोहन के लिए पीएनजी नियमावली के तहत स्वीकृत खनन पट्टा माना जाएगा।

तद्नुसार, सीएमपीडीआईएल द्वारा कोल बेड मिथेन के व्यावसायिक दोहन के लिए पट्टेधारी (अनुषंगी कंपनियों तथा सीआईएल के परामर्श से सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों के खनन पट्टे क्षेत्र के भीतर संभावित सीबीएम ब्लॉकों की रूपरेखा निर्धारण के लिए कदम उठाए जा चुके हैं। गैसीय सीम आम तौर पर दामोदर वैली कोलफील्ड्स तथा सोहागपुर कोलफील्ड्स में मिलते हैं प्रारंभ में सीबीएम के व्यावसायिक दोहन के लिए सीआईएल के पट्टे वाले क्षेत्र में सीएमपीडीआईएल द्वारा तीन सीबीएम ब्लॉक (I) झांझरा सीबीएम ब्लॉक–I (बीसीसीएल क्षेत्र), (II) रानीगंज सीबीएम ब्लॉक (ईसीएल क्षेत्र) तथा सोहागपुर ब्लॉक (ईसीएल क्षेत्र) की रूपरेखा तैयार (निर्धारण) की गई है।

झरिया सीबीएम–I ब्लॉक (बीसीसीएल क्षे.) तथा रानीगंज सीबीएम ब्लॉक (ईसीएल क्षेत्र) की परियोजना संभाव्यता रिपोर्ट (पीएफआर) को एमडीओ मोड के जरिए अपने पट्टे वाले क्षेत्र में सीबीएम के व्यावसायिक दोहन के लिए संबंधित अनुषंगी कंपनियों संगठनों के बोर्ड द्वारा सिद्धांत रूप में सहमति दे दी गई है। तद्नुसार सीबीएम डेवलॉपर का चयन रेवन्यू शेयरिंग माडेल (आरएससी) के तहत ग्लोबल बिडिंग के जरिए किया जाएगा। यह प्रस्ताव किया गया हे कि समझौता ज्ञापन के तहत सीएमपीडीआईएल संबंधित अनुषंगी कंपनियों/पट्टेधारकों के साथ प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी होगा। परियोजना के परिचालन के आधार पर सीएमपीडीआईएल के साथ समझौता ज्ञापन पर कोल इंडिया की संबंधित अनुषंगी कंपनियों द्वारा सिद्धतांतः सहमति दे दी गई है। सीएमपीडीआईएल/सीआईएल द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड के पट्टे वाले क्षेत्र के भीतर भी बीसीसीएल तथा सीसीएल के अधिकार वाले क्षेत्र में अतिरिक्त सीबीएम ब्लॉकों की पहचान के लिए कदम उठाए जा चुके हैं।

सीआईएल के क्षेत्रों से सीबीएम का उत्पादन बहुत ही कम व्यावसायिक महत्व का है, परंतु इससे कोयला खनन के पहले सीबीएम के निष्कासन के कारण भावी गैसीय सीम से कोयला खनन को अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। यह विचार किया गया हे कि कोल इंडिया लिमिटेड के खेत्र से सीबीएम का उत्पादन अधिकतम 2 मिलियन घनमीटर प्रति दिन (2एमएमएससीएमडी) के आस–पास होगा बीसीसीएल बोर्ड द्वारा झरिया कोलफील्ड्स (बीसीसीएल) की मुनिडीह भूमिगत खान में कोल माइन मिथेन ड्रेनेज पर एक प्रदर्शन परियोजना की मंजूरी दे ही गई है। अवधारणा से संस्थापन तथा संचालन मोड के तहत परियोजना को कार्यान्वित करने हेतु उपयुक्त प्रौद्योगिकी प्रदाता के चयन के लिए बीससीसीएल द्वारा ग्लोबल बिड जारी कर दिया गया है।

भारत में भूमिगत कोयला गैसीकरण के विकास के लिए कोयला मंत्रालय ने सीएमपीडीआईएल को नोडल एजेंसी बनाया है। कोयला मंत्रालय ने प्रस्ताव किए जाने वाले क्षेत्र की पहचान करने, नामांकन आधार पर पीएसयू को देने या बोली लगाने वाले ब्लॉकों के बारे में निर्णय लेने, बोली प्रक्रिया या अन्य संबंधित मामले के बारे मेकानिज्म का प्रस्ताव करने के उद्देश्य से सीबीएम के विकास के वर्तमान नीति ही के अनुयप यूसीजी के लिए क्षेत्र की पहचान करने हेतु एक अंतर मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का गठन किया है। द्वितीय आईएमसी की बैठक में, इस उद्देश्य के लिए 7

कोयला ब्लॉक तथा 7 लिग्नाइट ब्लॉक को और सरल बनाने हेतु भारत सरकार के अनुमोदन के लिए अक्टूबर, 2019 में आईएमसी द्वारा मॉडेल कान्ट्रैक्ट डोक्यूमेंट तथा मॉडेल बीड दस्तावेज तैयार कर अनुशंसित कर दिया गया है।

कोयले से तरल प्रौद्योगिकी के जरिए 2030 तक लगभग 50 एमटीपीए उत्पादन करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसक सहायक कंपनियों द्वारा भूतल कोयला गैसीकरण के विकास का विचार किया गया है। सीएमपीडीआईएल ''कोयला गैसीकरण परियोजना'' के लिए कोयला खानों की उपयुक्तता पता लगाने के लिए अपनी सेवाएँ देगा तथा संबंधित अनुषंगी कंपनियों द्वारा चिह्नित कोयला खानों के लिए परियोजना संभाव्यता रिपोर्ट (पीएफआर) तैयार करने में मदद देगा।

11.0 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएँ:

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अनुसंधान एवं विकास परियोजना आपकी कंपनी कोयला मंत्रालय (एमओसी) तथा सीआईएल के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुदान के तहत निधिकृत अनुसंधान क्रिया–कलापों को समन्वित करने के लिए नोडल एजेंसी है। अनेक शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों के समन्वयन के अलावा सीएमपीडीआईएल अपने सुस्थापित प्रयोगशाल की सहायता से खनन गवेषण, कोयला आधारित गैर परंपरागत ऊर्जा संसाधन जेसे कोल बेड मिथेन (सीबीएम), कोल माइन मिथेन (सीएमएम), गैसीकरण (भूतल एवं भूमिगत) शेल गैस मूलयांकन कोयला परिष्करण एवं उपयोग तथा खान पर्यावरण से संबंधित मुद्दे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में अनुसंधान कार्य भी करता है।

अनेक वर्षों से इनमें से कई अनुसंधान परियोजनाओं से काफी लाभ मिला है, जिसके फलस्वरूप परिचालनात्मक सुधार, अपेक्षाकृत सुरक्षित कार्य स्थिति, बेहतर संसाधन प्राप्ति तथा पर्यावरण का संरक्षण हुआ। यद्धपि, कुछ अनुसंधान परियोजनाओं के कारण इस उद्योग पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है, कुछ अन्य परियोजना ऐसी भी जिनमें है जिनसे चालू खानों तथा भावी खनन योजनाओं दोनों के लिए अपेक्षित खान आयोजन, डिजाइन एवं तकनीकी सेवाएँ सशक्त हुई हैं। भारतीय भू–खनन स्थितियों जैसे भूमिगत कोल पिलर डिजाइन, रूफ कैवेब्लिटी का विश्लेषण, ओपेनकास्ट स्लोप स्टेब्लिटी, सतह धँसान का पूर्वानुमान, विभिन्न शैल स्थितियों के लिए अनुकूल विस्फोटन डिजाइन, ओपेनकास्ट स्लोप स्टेबिलिटी, ऑन लाइन कोल वाशेब्लिटी अनालाइजर, पुनरूद्धार किए गए खुली कोयला खदानों पर स्थायी जीवनयापन कार्यों आदि जैसी समस्याओं वाले भारतीय भू–खनन स्थितियों के लिए विभिन्न डिजाइन/मेथेडोलॉजी/प्रक्रिया विकसित की गई है।

वर्ष 2019–20 के दौरान 7 अनुसंधान परियोजनाएँ पूरी की जा चुकी है। पूरी की गई परियोजनाएँ ''भारत के दामोदर बेसीन का शेल गैस की संभावना के लिए मूल्यांकन, कोयला खानों में ओबर बर्डेन के विस्फोटन के लिए लोडेन्सिटी पोरस प्रिल्ड अमोनियम नाइट्रेट के साथ एएनएफओ की तकनीकी आर्थिक दक्षता का अध्ययन, इनवर्स मॉटेलिंग आफ ग्रेविटी, मैगनेटिक एंड एएमटी डाटा का प्रयोग कर सिंगरौली कोलफील्ड्स के प्रमुख कोल बेसिन में टेक्टोनिक अध्ययन के लिए इंटिग्रेंटेड जिओ फिजिकल अप्रेाच,'' ''अधिक राख वाले भारतीय तापीय कोले का शुष्क परिष्करण'', ''भूकंपनीय डाटा संसाधन,'' संसाधन के आकलन के लिए इनवर्स कन्टीन्यूअस वेवलेट ट्रांसफार्म डिकॉन्वोल्यूशन (आईसीडब्ल्यूटी–टेकॉन) का प्रयोग कर पतले कोयला सीमों की पहचान तथा प्रतिपादन, अम्लीय खान ड्रेनेज का किसी समय उपचार एसिड माइन ड्रेनेज के सिमुल्टेनियस रेमेडिएशन) तथा विशिष्ट धात्विक सल्फायड की प्राप्ति के लिए हाईब्रीड पीआरईएसआरआईएक्स प्रोसेस तथा भूतल खनन स्लोप के सुरक्षा क्षेत्र (सेफ्टी जोनिंग) में भू–आधारित इन्टरफेरोमेट्री सिन्थेटिक अपर्चर रडार (जीबीएलएनएसएआर) की उपयोगिता तकि उपलब्धि का मूल्यांकन से संबंधित है।

सीएमपीडीआईएल द्वारा आवश्यकता आधारित अनुसंधान कार्य, जो कोयला एवं लिग्नाइट उद्योग के लिए लाभकारी हो, के लिए कोयला/लिग्नाइट उत्पादक कंपनी, भारत तथा विदेश स्थित अधिक–से–अधिक अनुसंधान संस्थानों को शामिल करने का हर समय प्रयास जारी रखा गया। वर्तमान में 29 अनुसंधान परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रमुख परियोजनाएँ ''कोयला खान वर्किंग में विभिन्न खनन प्रणालियों के लिए पिलनों/अर्रे ऑफ पिलर का डिजाइन एवं स्थायित्व,'' समेकित जैविक दृष्टिकोण अपनाकर उस क्षेत्र के मूल प्रजाति के पौधों को लगा

कर मृदा संशोधन तथा पुनः वनाच्छादन के जरिए नार्थ ईस्ट कोलफील्ड्स के कोयला निकाले गए जमीन का पुनरूद्धार, भारत के खुली कोयला खानों में ओवर बर्डेन डम्प की ऊँचाई बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश का विकास, पीट बाटम तथा भूमिगत खान रोडवेज तथा वर्किंग फेस के सोलर इल्यूमिनेशन आधारित आप्टिकल फाइबर, कोयला खानों में सुरक्षा एवं उत्पादकता में सुधार लाने के लिए वर्चुअल रियलिटी माइन सिमुलेटर (वीआरएमएस), कार्यस्थल (वर्किंग की स्थिरता के लिए बालू भराई के रूप में फ्लाई ऐश (विद्युत संयंत्र के अपशिष्ट) से उपयुक्त पेस्ट फील मटेरियल का विकास एवं भूमिगत कोयला खान तक इसकी ढुलाई की प्रणाली'', अपेक्षाकृत कम डायलुटेड कोयले की बेहतर प्राप्ति के लिए मल्टीपुल लेयर ट्रायल ब्लास्टिंग; ''जोखिम मूल्यांकन कर विस्फोटन के खतरे को रोकने तथा उसके प्रशमन के लिए दिशा–निर्देश का विकास तकि जोखिम आधारित खान आपातकालीन रिक्तिकरण (माइन इमरजेंसी इवैक्यूएशन) एवं रिइन्ट्री प्रोटोकाल को शामिल कर भारतीय कोयले की विस्फोटकता का निर्धारण, ''सीआईएल के अधिकार वाले क्षेत्र में कोल माइन मिथेन संसाधन की निकासी के लिए क्षमता निर्धारण'' तकि उपग्रह आँकड़े तथा ग्राउन्ड आवजर्वेशन आदि का प्रयोग कर कोलफील्ड क्षेत्र में क्षेत्रीय वायु की गुणवत्ता की मानिटरिंग के लिए प्रणाली का विकास जिसे ख्याति प्राप्त संगठनों जैसे आईआईटी आईएसएम, खड़गपुर, आईआईटी, रूड़की, सीआईएमएफआर, धनबाद, आरएफआरआई, जोरहट सीएसआईआरओ, अस्ट्रेलिया, एनआरएससी, हैदराबाद आदि के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है।

12.0 निगमित सामाजिक दायित्व तथा सस्टेनेब्लिटी :

सीएमपीडीआईएल लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सुनियोजित सीएसआर हस्तक्षेप के माध्यम से अपने आस–पास के समुदायों के साथ व्यापक सामाजिक समुदायों के साथ भी गहरा संबंध स्थापित किया है। सीएसआर के तहत सीएमपीडीआईएल द्वारा अपने ड्रिलिंग कार्यस्थल में एवं इसके आस–पास स्थित, समुदायों के लिए सत्त् विकास का कार्य किया जा रहा है।

वर्ष 2019–20 के दौरान किए गए प्रमुख कार्यों में विद्यालय एवं गाँवों में आधारभूत संरचना का विकास, विद्यालय जाने वाले गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सहायता, कुष्ठ रोगियों के इलाज एवं देखभाल के लिए वित्तीय सहायता, शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपाहिज तथा नेत्रहीन छात्रों को सहायता, अकुशल एवं बेरोजगार युवकों का कौशल विकास, कोविड–19 से बचाव के लिए मास्क एवं हैंड सेनिटाइजर का वितरण, राँची, नागपुर, बिलासपुर, धनबाद, आसनसोल तथा भुवनेश्वर के विभिन्न इलाकों में चिकित्सा कैम्प का आयोजना, जिला परिषद् प्राथमिकशाला, चन्द्रपुर जिला, महाराष्ट्र में 5 केडब्ल्यू सोलर प्लांट की स्थापना, कोसला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़िसा में हीट स्ट्रेस मरीजों के लिए फिक्सर एवं फर्निचर के प्रावधान वाला कमरे का निर्माण तथा झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा ओड़िसा के गाँवों में ड्रिलिंग कैम्प के निकट अन्य ग्रामीण विकास कार्य के साथ–साथ बोरबेल की ड्रिलिंग एवं स्थापना तथा हैंड पम्प लगाकर पेय जल की सुविधा उपलब्ध कराना।

13.0 प्रबंधन प्रणाली मानक में परामर्शी सेवा:

कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों में प्रबंधन प्रणाली मानक के कार्यान्वयन कराने के लिए सीएमपीडीआईएल नोडल एजेंसी है, जो विभिन्न प्रबंधन प्रणाली मानकों जैसे आईएसओ 9001, आईएसओ 14001, आईएसओ 5001, ओएचएसएएस 18001 आदि के प्रयोग के लिए परामर्श सेवा देता है। हम इन मानकों की स्थापना, प्रलेखन, जागरूकता प्रशिक्षण, प्रशिक्षण, जागरूकता प्रशिक्षण, आंतरिक अंकेक्षण सहायता, प्रमाण सहायता के साथ–साथ प्रमाणोत्तर सहायता देते हैं।

सीएमपीडीआईएल के साथ–साथ इसके सभी क्षेत्रीय संस्थानों को भारतीय मानक ब्यूरो नए संशोधित आईएसओ 9001:2015 मानक की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए लाइसेंस प्रदान किया गया है। सीएमपीडीआईएल अगले 10 वर्षों के लिए अपनी आंतरिक परामर्शी सेवाओं द्वारा राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य के साथ रणनीतिक व्यावसायिक योजना को अद्यतन कर लिया है। सीएमपीडीआईएल के वर्तमान आईएमएस नियमावली में आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 आईएसओ 27001:2013 तथा आईएसओ 50001:2011 शामिल है।

हमारे मार्गदर्शन एवं सहायता में भारतीय मानक ब्यूरो से कोल इंडिया लिमिटेड ने आईएसओ 9001:2011 से आईएसओ 50001:2018 के उन्नयन का प्रलेखन कर लिया गया है।

31 मार्च, 2020 की तिथि तक कोल इंडिया की सहायक कंपनियों, ईसीएल, एनसीएल तथा सीसीएल को कंपनी वाइज समेकित प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 तथा ओएचएसएएस 18001) के लिए प्रमाणित किया जा चुका है। सीएमपीडीआईएल की सहायता से एवं मार्गदर्शन में एमसीएल एवं ईसीएल ने ओएचएसएएस 2007 आईएसओ से आईएसओ 45001:2018 में उन्नयन के लिए प्रलेखन का कार्य पूरा कर लिया है। उन्नत मानक के प्रमाणीकरण का कार्य जारी है। सीएमपीडीआईएल के मार्गदर्शन में बीससीएल द्वारा उन्नत आईएमएस के प्रलेखन का कार्य जारी है।

हमारी ओर से एमसीएल, ईसीएल तथा एनसीएल के लिए ओएचएसएएस 1800 (व्यावसायिक स्वास्थ एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) की जगह आईएसओ 45001:2018 के प्रलेखन तथा कार्यान्वयन का कार्य जारी है। बीसीसीएल के लिए कंपनीवाइड समेकित प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 तथा आईएसओ 45001:2018) के कार्यान्वयन का कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त, सीएमपीडीआईएल के परामर्श सेवा से बीसीसीएल मुख्यालय द्वारा आईएसओ 37001 कार्यान्वयन की प्रक्रिया की जा रही है। बीसीसीएल, एसईसीएल तथा डब्ल्यूसीएल को भी सीएमपीडीआईएल सहायता एवं मार्गदर्शन दे रहा है, जो आगामी वित्तीय वर्ष में कंपनीवाइड समेकित प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 तथा ओएचएसएएस 18001/आईएसओ 45001) हेतु प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की कतार में है।

बाह्य परामर्शी कार्य के तहत मेसर्स एवटीपीसी की पकरी–बरवाडीह ओसी कोयला खान के लिए समेकित प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 तथा आईएसओ 45001:20128) के कार्यान्वयन पूरा कर लिया गया है तथा 2019–20 के दौरान ग्राहक को सुपुर्द कर दिया गया है।

14.0 कोल इंडिया लिमिटेड से अलग की कम्पनियों को परामर्श सहायता :

वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड से बाहर के 21 संगठनों को 28 परामर्श सेवा का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। इनमें से कुछ प्रमुख ग्राहक हैं : अल्ट्राटेक इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, एनटीपीसी लिमिटेड, ओड़ीसा कोल एंड पावर लिमिटेड, (ओसीपीएल), गुजरात इन्डस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड (जीआईपीसीएल), एनएलसी इंडिया लिमिटेड आदि।

वर्तमान में एनटीपीसी लिमिटेड सेल टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, एमओआईएल लिमिटेड, सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटैड (एससीसीएल), जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, तालचर फटिंलाइजर्स लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, हिन्डालको इन्डस्ट्रीज लिमिटेड आदि जैसे 18 संगठनों के लिए 28 आउटसाइड सीआईएल परामर्शी कार्य किए जा रहे हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा 21 संगठनों से 27.20 करोड़ रू. मूल्य के 27 आउटसाइड सीआईएल परामर्श कार्य प्राप्त कर लिए गए, जिसमें कोयला मंत्रालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी संगठन तथा निजी कंपनियाँ शामिल हैं।

15.0 सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सेवा:

खान आँकड़ा प्रबंधन प्रणाली पोर्टल (एमडीएमएस) का विकास किया गया है, जिसमें सीआईएल द्वारा मानिटर की जा रही परियोजनाओं की प्रमुख विशेषता दर्शाया गया है। इस पोर्टल की प्रमुख विशेषता कोयला परियोजनाओं की प्रगति मानिटर करना है, जिसमें पर्यावरण स्वीकृति (क्लियरेंस) (ईसी), वन स्वीकृति (एफसी), भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनः स्थापन (आरएंडआर), वित्तीय पारामीटर, एचईएमएम की खरीद, उत्पादन एवं अन्य बड़ी आधारभूत संरचना जैसे कोल हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी), सिलो एवं रेलवे साइडिंग शामिल हैं। गैरी सीआईएल कोयला ब्लॉकों को मानिटर करने हेतु सरकार द्वारा नामित प्राधिकारी तथा प्राइवेट ब्लॉक आवंटियों को देने के लिए माइन डाटा मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल (एमडीएमएस) साफ्टवेयर विकसित किया गया है।

वर्ष 2019–20 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों जैसे एनसीएल, सीसीएल तथा सीएमपीडीआईएल के गैर अधिकारी वर्ग के कर्मैचारियेां के लिए ऑन लाइन रिक्रयूटमेंट पोर्टल का विकास कर

कार्यान्वित कर लिया गया है। सीएमपीडीआईएल एमएस प्रोजेक्ट सर्वर स्थापित किया है, जिसके जरिए सीआईएल तथा कोयला मंत्रालय द्वारा सीआईएल परियोजनाओं की ऑनलाइन मानिटरिंग की जा रही है।

सीएमपीडीआईएल को संपूर्ण कोल इंडिया लिमिटेड में ई–आफिस के कार्यान्वयन का काम भी सौंपा गया है। सभी अनुषंगी कंपनियों के मुख्यालय; सीआईएल, नई दिल्ली; सीआईएल, मुख्यालय, कोलकाता; आईआईसीएम तथा एनईसी में (सेंट्रलाइज्ड इंफ्रास्ट्रक्चर एंड एमपीएलएस कनेक्टिविटी की स्थापना) कर दी गई है।

16.0 मान्यता एवं पुरस्कार :

भारत सरकार ने सीएमपीडीआईएल के योगदान तथा इसकी प्रासंगिता को पहचाना तथा मई 2009 में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इन्टप्राइजेज (डीपीई) के दिनांक : 9.10.1993 के ओएम नं. 11/36/97 फिन के प्रावधान के अनुसार इसे मिनी रत्न कंपनी (कैट–।) से नवाजा है। डीपीई के दिशा–निर्देश में उपक्रमों को और अधिक दक्ष एवं स्पर्धात्मक बनाने के नीतिगत उद्देश्य से लाभ कमाने वाली पब्लिक सेक्टर इन्टरप्राइजेज (पीएसई) को और अधिक स्वायत्ता एवं अधिकार देने का प्रावधान है।

वर्ष 2007–08 से लगातार (2010–11 को छोड़कर) डीपीई द्वारा उत्कृष्ट एमओयू (कोल इंडिया लिमिटेड तथा सीएमपीडीआईएल के बीच) प्राप्त करने से सीएमपीडीआईएल की आकर्षक उपलब्धि प्रतिबिम्बित होती है। वर्ष 2018–19 के लिए एमओयू सीआईएल में विचाराधीन है।

17.0 निगमित शासन:

भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी सेंट्रल पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज के लिए निगमित शासन पर सरकार के दिशा–निर्देश के अनुसार सीएमपीडीआईएल द्वारा निगमित शासन की शर्तों को पूरा किया गया है। निदेशक मंडल की रिपोर्ट में निगमित शासन पर एक अलग खंड (सेक्शन) जोड़ा गया है तथा निदेशक मंडल की रिपोर्ट में कंपनी से सांविधिक अंकेक्षकों से निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट में एक परिशिष्ट लगाया गया है।

18.0 आभारोक्ति:

ये सभी उपलब्धियाँ आपकी कंपनी के सामूहिक प्रयास, श्रमिक संगठनों (जेसीसी) तथा ऑफिसर्स असोसिएशन के सदस्यों द्वारा अनवरत सहयोग के साथ–साथ कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा दिए गए सहयोग से प्राप्त हो सकीं है। मुझे विश्वास है कि कर्मचारियों की संलिप्ता, समर्पण तथा कंपनी में उपलब्ध विशेषज्ञता भावी कार्य के प्रति समर्पण दिलासा का बड़ा स्रोत होगा। मैं आश्वस्त हूँ कि हम भविष्य में और ऊँचाई प्राप्त करने का प्रयास जारी रखेंगे तथा पहले की तरह हर स्तर पर इसके समर्पित प्रतिबद्धता तथा उपलब्धियों के साथ शेयर होल्डर की चुनौतियों एवं आकांक्षाओं को पूरा करेंगे।

मैं सभी शेयर होल्डर, कोयला मंत्रालय, अन्य मंत्रालयों तथा विभागों, राज्य सरकारों, सभी कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों, ग्राहकों एवं विक्रेताओं (वेन्डरों) को उनकी हार्दिक सहायता तथा अनवरत सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

(शेखर सरन)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक)

स्थान : राँची
दिनांक : 09.06.2020

उपलब्धि एक नजर में

करोड़ रुपये में

वित्तीय वर्ष	2019-20 (अंकेक्षित)	2018-19 (अंकेक्षित)	2017-18 (अंकेक्षित)
विवरण			
सेवाओं की बिक्री (निबल बिक्री)	1381.31	1274.56	1154.75
अन्य आय	21.7	13.01	15.09
कुल आय	1403.01	1287.57	1169.84
कुल खर्च	1090.39	1023.75	1049.02
पी बी टी	312.62	263.82	120.82
पी ए टी	193.39	173.27	80.83
कुल ब्लॉक	182.5	180.39	147.23
चालू परिसम्पत्तियाँ	1057.35	959.84	1165.69
चालू देयताएं	424.63	541.86	857.55
कार्यकारी पूँजी	632.72	417.98	308.14
नियोजित पूँजी	815.22	598.37	455.37
इक्विटी कैपिटल	38.08	38.08	38.08
आरक्षित शेष	550.8	428.74	277.25
नेट वर्थ **	570.31	447.95	315.33
नियोजित पूँजी की वापसी	38.37	44.11	26.59
प्रति शेयर उपार्जन	5078.52	4550.16	2122.64

*नियोजित पूंजी = नेट ब्लॉक + वर्किंग कैपिटल

**नेट वर्थ = इक्वल शेयर कैपिटल + रिजर्व एंड सरप्लस एक्सक्लुडिंग कैपिटल रिजर्व

करोड़ रुपये में

वित्तीय वर्ष	2019-20 (अंकेक्षित)	2018-19 (अंकेक्षित)	2017-18 (अंकेक्षित)
पी.बी.टी	312.62	263.82	120.82

करोड़ रुपये में

वित्तीय वर्ष	2019-20 (अंकेक्षित)	2018-19 (अंकेक्षित)	2017-18 (अंकेक्षित)
सेवाओं की बिक्री (निबल बिक्री)	1381.31	1274.56	1154.75

सीएमपीडीआई का वित्तीय पर्यवलोकन

सेल्स ब्रेकअप (2019-20)



एक्सपेंस ब्रेकअप (2019-20)



व्यय ब्रेकअप (2019-20)



सीएमपीडीआई का वित्तीय पर्यवलोकन





निदेशक-मंडल का प्रतिवेदन

सेवा में,

अंशधारक

मुझे निदेशक–मंडल की ओर से 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए हिसाब–किताब तथा उस पर सांविधिक अंकेक्षकों के प्रतिवेदन और उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के प्रतिव्रेदन सहित आपकी कंपनी के क्रिया–कलाप पर आधारित 45वाँ वार्षिक प्रतिव्रेदन पेश करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

भाग–क

1.0 निगमित पर्यवलोकन:

आपकी मिनी रत्न (कैट–।) कंपनी ने गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची स्थित अपने मुख्यालय तथा आसनसोल, धनबाद, राँची, नागपुर, बिलासपुर, सिंगरौली तथा भुवनेश्वर स्थित सातों क्षेत्रीय संस्थानों के साथ कार्य जारी रखी। सातो क्षेत्रीय संस्थानों को क्षेत्रीय संस्थान–1 से क्षेत्रीय संस्थान–7 तक का नाम दिया गया जो कोल इंडिया लिमिटेड की 7 संगत अनुषंगी कोयला उत्पादक कंपनियों जैसे ईसीएल (क्षे.सं.–1), बीसीसीएल (क्षे.सं.–2), सीसीएल (क्षे.सं.–3), डब्ल्यूसीएल (क्षे.सं.–4), एसईसीएल (क्षे.सं.–5), एनसीएल (क्षे.सं.–6) तथा एमसीएल (क्षे.सं.–7) को अपनी समर्पित सेवाएँ देती रही हैं।

सीआईएल, मुख्यालय, एनईसी तथा गैर सीआईएल ग्राहकों जैसे एनटीपीसी लिमिटेड, ओडीसी कोल एंड पावर लिमिटेड (ओसीपीएल), गुजरात इन्डस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड (जीआईपीसीएल), एनएलसी इंडिया लिमिटेड, अल्ट्राटेक इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आदि को परामर्श सेवाएँ मुख्यत: सीएमपीडीआईएल मुख्यालय के द्वारा दी गई। इन परामर्श सेवा के अलावा सीएमपीडीआईएल ने कोयला मंत्रालय की विशेषज्ञता वाला कार्य का भी संचालन किया है।

वर्तमान में सीएमपीडीआईएल द्वारा 18 संगठनों जैसे एनटीपीसी लिमिटेड, सेल, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, (एससीसीएल), जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, हिन्डालको इन्डस्ट्रीज लिमिटेड आदि के लिए 29 कोल इंडिया लिमिटेड से बाहर के कार्य कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआईएल द्वारा 21 संगठनों से 27.20 करोड़ रू. मूल्य के सीआईएल से बाहर के 27 कार्य प्राप्त किए गए हैं।

1.1 प्रदत्त प्रमुख सेवाएँ :

- **भू-वैज्ञानिक गवेषण एवं ड्रिलिंग :**

  विश्वसनीय भू–वैज्ञानिक तथा भू–अभियंत्रण आँकड़ा तैयार करने तााि खनन परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए स्वस्थाने कोयला भंडार के मूल्यांकन के उद्देश्य से क्षेत्रीय तौर पर गवेषित ब्लॉकों का विस्तृत भू–वैज्ञानिक गवेषण, मल्टी प्रोब भू–भौतिक लॉगिंग के जरिए भू–भौतिक सर्वेक्षण, हाई रिजोल्यूशन शैलो सीममिक सर्वेक्षण, जल भू–वैज्ञानिक अन्वेषण तथा कोल बेड मिथेन संसधनों की पहचान।

- **परियोजना आयोजन एवं डिजाइन :**

  भूमिगत और खुली खानों के लिए संभाव्यता रिपोर्ट, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तथा विस्तृत अभियंत्रण ड्राईंग, कोयला क्षेत्रों का मास्टर प्लान, कोल और मिनरल बेनीफिशिएशन तथा यूटिलाइजेशन प्लांट, कोयला निपटान संयंत्र, वर्कशॉप और अन्य सहायक इकाईयाँ तथा निवेश निर्णय के लिए परियोजना रिपोर्ट एवं विभिन्न योजनाओं का तकनीकी–आर्थिक मूल्यांकन सहित आधारभूत सुविधा।

- **अभियंत्रण सेवाएँ :**

  खानों, परिष्करण तथा यूटिलाइजेशन प्लांट्स, कोल हैंडलिंग प्लांट्स, विद्युत आपूर्ति प्रणाली, वर्कशॉप एवं अन्य इकाइयाँ, वास्तुशिल्पीय प्लानिंग एवं डिजाइन के लिए सिस्टम और सब–सिस्टम का विस्तृत डिजाइन।

- **अनुसंधान एवं विकास :**

  कोल इंडिया की आरएंडडी द्वारा निधित आरएंडडी योजना और कोयला मंत्रालय द्वारा निधित सभी एसएंडटी योजना के लिए नोडल एजेंसी के रूप में सेवा दे रहा है। सीएमपीडीआईएल, अपने बल पर परिष्करण, खनन, यूटिलाइजेशन, पर्यावरण गवेषण आदि के क्षेत्र में एप्लायड रिसर्च और विकास का कार्य भी शुरू किया है।

- **प्रयोगशाला सेवाएँ :**

  पूरी सतह आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला खान की गैसों का गुणवत्ता पूर्ण विश्लेषण, वायु, ध्वनि, कोयला कोर नमूनों, कोयले की धोवन क्षमता गुण–निर्धारण, संसस्तर का भौतिक यांत्रिक शक्ति, पेट्रोग्राफी अध्ययन, गैर विध्वंसक परीक्षण आदि सेवाएँ दे रही है।

- **पर्यावरणिक सेवाऐं :**

  पर्यावरण प्रबंधन योजना की तैयारी, क्षेत्रीय संस्थानों एवं मुख्यालयों के जरिए इसका कार्यान्वयन घरेलू सीपीसीबी अनुमोदित प्रयोगशालाओं में वायु, जल, ध्वनि नमूनों का विश्लेषण, खान बंदी योजना बनाना तथा खान बंदी की मॉनिटरिंग करना, ओबी एवं हाई वाल का ढाल स्थायित्व अध्ययन, खानों की पर्यावरणिक वहन (कैरिंग) क्षमता ताि नदी तटीय इककोसिस्टम का अध्ययन, संपूर्ण सीआईएल की खानों के लिए भू–उपयोग मानिटरिंग हेतु सुदूर उपग्रह डाटा का प्रयोग, आदि।

- **सूचना प्रौद्योगिकी**
- **मानव संसाधन विकास**
- **विशेषीकृत सेवाएँ**
  - ❖ रिमोट सेंसिंग सहित जियोमेटिक्स
  - ❖ खानों में संवातन (वेंटिलेशन) एवं गैस सर्वेक्षण
  - ❖ नियंत्रित विस्फोटन
  - ❖ नए विस्फोटकों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन
  - ❖ खनन इलेक्ट्रानिक्स
  - ❖ खान की क्षमता का मूल्यांकन
  - ❖ खान थम्हाल का डिजाइन; रॉक मास रेटिंग (आरएमआर)
  - ❖ अनाशक परीक्षण (एनडीटी)
  - ❖ प्रबंधन प्रणाली परामर्श
  - ❖ कोयला एवं ओबीआर की माप

1.2 वित्तीय कार्यकारी परिणाम :

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने 193.39 करोड़ रूपए कर पश्चात् लाभ अर्जित किया है। कंपनी का कार्यकारी परिणाम नीचे दिया गया है :

₹ (करोड़ में)

विवरण	31.03.2020 को समाप्त वर्ष	31.03.2019 को समाप्त वर्ष
निबल बिक्री	1381.31	1274.56
अन्य आय	21.70	13.01
कुल व्यय	1090.39	1023.75
कर के पूर्व लाभ	312.62	263.82
कर व्यय	119.23	90.55
कर के बाद लाभ (क)	193.39	173.27
अन्य विस्तृत आय (ओसीआई)'	(8.60)	(6.39)
आयकर, जिसे लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगा	(2.16)	(2.23)
अन्य विस्तृत आय (ख)	(6.44)	(4.16)
कुल विस्तृत आय (क)+(ख)	**186.95**	**169.11**

1.3 प्रबंधन विवेचन एवं विश्लेषण रिपोर्ट :

सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट के प्रबंधन ने कार्यनिष्पादन और आऊटलुक सहित महत्व वाले विभिन्न मामलों को शामिल करते हुए अपने विचार–विमर्श तथा विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

1.3.1 उपर्युक्त को प्राप्त करने के लिए कारपोरेट के उद्देश्य को सेट (निर्धारित) करना :

सीएमपीडीआईएल के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैः

1. भूवैज्ञानिक, भूभौतिकीय, जल–भूवैज्ञानिक तथा पर्यावरणिक आंकड़ा प्रतिपादन सहित कोयले तथा खनिज गवेषण में परामर्शी सेवा सहायता प्रदान करना।

2. अनुकूलतम खान प्लानिंग के लिए भूवैज्ञानिक मूल्यांकन पर भरोसा के स्तर को ऊँचा कर गवेषण तथा संभाव्यता रिपोर्ट की गुणवत्ता में सुधार करना।
3. संसाधन की उत्पादकता में सुधार लाकर एवं बर्बादी को रोकर आंतरिक संसाधनों का अनुकूलतम निर्माण करना तथा निवेश आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त बाहरी संसाधन लगाना।
4. कोयला खानों, कोयला परिष्करण तथा यूटिलाइजेशन संयंत्र आदि के लिए परियोजना की प्लानिंग एवं डिजाइनिंग।
5. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा अनुसंधान एवं विकास योजना के तहत कोयला क्षेत्र में अनुसंधान क्रिया–कलाप को प्रोत्साहित करना, समन्वय करना तथा इनकी प्रभावकारिता सुनिश्चित करना।
6. कोयला खनन तथा सम्बद्ध परियोजनाओं के लिए पर्यावरण प्रबंधन योजना, (ईएमपी), पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) तथा खान बंदी योजना बनाना।
7. भूमि पुनुरूद्धार मानिटरिंग, पर्यावरणिक आंकड़ा सृजन, वनाच्छादन मापन, कोयला खान अग्नि मापन, कोयला क्षेत्रों का वृहद पैमाने पर टोपोग्राफिकल मानचित्रण, टीपीएस एवं वाशरी स्थल आदि के चयन सहित आधारभूत संरचना के आयोजन के लिए सुदूर संवेदन सेवा प्रदान करना।
8. कोल इंडिया लिमिटेड की कोयला उत्पादक सहायक कंपनियों को क्षेत्र एवं प्रयोगशाला सेवा मुहैया कराना।
9. कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसकी सहायक कंपनियों के अतिरिक्त इससे इतर के संगठनों को परामर्शी सेवा मुहैया कराना।

1.3.2 सीएमपीडीआईएल के क्रिया-कलापों का संक्षिप्त विवरण

सीएमपीडीआईएल के सभी कार्यों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

क) भू-वैज्ञानिक गवेषण एवं सहायता सेवा- स्थापना काल से ही यह सीएमपीडीआईएल का कोर फंक्शन है, जो खनिज डिपोजिट (खनिज भंडार) के लिए निम्नलिखित सेवाओं का प्रस्ताव करता है :

- गवेषण की प्लानिंग तथा कार्यान्वयन
- निवेश तथा दोहन निर्णय के लिए संसाधन मूल्यांकन तथा प्रलेखन और
- सम्बद्ध क्षेत्र परीक्षण तथा प्रयोगशाला सहायता

ख) प्लानिंग, डिजाइन तथा सहायता सेवाएँ– सीएमपीडीआईएल के स्थापना काल से ही दूसरा कोर फंक्शन होने के कारण, खनन के निर्माण एवं संचालन, परिष्करण, यूटिलाइजेशन और अन्य आधारभूत तथा अभियांत्रिकी परियोजनाएँ के लिए निम्नलिखित सेवाओं का प्रस्ताव करता है :

- वैचारिक / पूर्व–संभाव्यता / संभाव्यता अध्ययन / परियोजना रिपोर्ट और मूल एवं विस्तृत अभियांत्रिकी डिजाइन का निर्माण और / अथवा मूल्यांकन
- अभियंत्रण एवं अन्य संबंधित परामर्श तथा सहायता और
- असंबंधित क्षेत्र परीक्षण एवं प्रयोगशाला सहायता।

ग) पर्यावरणिक प्रबंधन सेवाएँ– माइन क्लोजर प्लानिंग, लेबोरेटरी तथा टेस्ट सपोर्ट सहित उनके प्लानिंग और आपरेशन के दौरान पर्यावरणिक प्रबंधन के लिए खनन एवं खनिज उद्योग को सभी प्रकार का सपोर्ट 1992 से ही दे रहा है। वार्षिक आधार पर सेटेलाइट सर्वेलांस द्वारा प्रति वर्ष 5 मिलियन घन मीटर (कोल+ओबी) से अधिक उत्पादन वाली खुली खानों की भूमि पुनरूद्धार मॉनीटरिंग की जा रही है। जबकि प्रतिवर्ष 5 मि.घ.मी. (कोयला+ओबी) से कम उत्पादन वाली खुली खानों की भूमि पुनरूद्धार मानिटरिंग तीन वर्षों के अंतराल पर की जा रही है।

(घ) **प्रबंधन प्रणाली सेवाएँ :** 1997 से यह क्रिएशन, डॉक्यूमेंटेशन, कार्यान्वयन तथा विभिन्न प्रबंधन प्रणाली मानकों का प्रशिक्षण अर्थात् आईएसओ 9001 (पर्यावरणिक प्रबंधन प्रणाली), आईएसओ 14001 (पर्यावरणिक प्रबंधन प्रणाली), ओएचएसएस 18001 (व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन), एसए 8000 (सोशल एकांउंटेबिलिटी प्रबंधन), आईएसओ 50001 (ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली) तथा आईएसओ 27001 (सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) तथा आईएसओ 37001 (रिश्वतरोधी प्रबंधन प्रणाली) पर सेवाएँ देता आ रहा है। सीएमपीडीआई को अपने सभी क्षेत्रीय संस्थानों के साथ संशोधित नए आईएसओ 9001:2015 मानक की आवश्यकता को पूरा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लाइसेंस दिया गया है।

(ड.) **मानव संसाधन विकास :** 1976 से इन सेवाओं में निम्नलिखित शामिल हैः बाजार के ग्राहकों विशेषकर खनिज एवं खनन सेक्टर को प्रशिक्षण से संबंधित तकनीकी प्रबंधकीय प्रबंधन प्रणाली।

(च) **विशेषज्ञता प्राप्त सेवाएँ :** सुदूर संवेदन, खानों में संवातन (वेंटिलेशन) एवं गैस सर्वेक्षण, नियंत्रित विस्फोटन, नए विस्फोटकों का कार्यनिष्पादन मूल्यांकन, खनन इलेक्ट्रानिक्स, खान क्षमता मूल्यांकन, खान थम्हाल डिजाइन, रॉक मास रेटिंग (आरएमआर), अनाशक परीक्षण, प्रबंधन प्रणाली परामर्श, ओबीआर चेक माफ आदि सहित जियोमेटिक्स के क्षेत्र में विशेषज्ञ परामर्शी सेवाएँ भी दी जा रही है।

1.3.3 उद्योग की संरचना एवं विकास :

वर्ष 2019 की कोविड की पहले की अवधि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए कठिन वर्ष रहा। 2009 का वैश्विक वित्तीय संकट से अब तक विश्व उत्पादन (आउटपुट) विकास की आकलित वृद्धि वर्ष 2018 में 3.6 प्रतिशत तथा वर्ष 2017 में 3.8 प्रतिशत से घटकर 2.9 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ी। इसका कारण चीन एवं अमेरिका का व्यापार संरक्षणवादी प्रवृति तथा यूएसए इरान भू–राजनीतिक तनाव बताया गया। फिर भी, कोविड, 19 विश्वव्यापी महामारी बढ़ती जा रही है तथा विश्व में मानव जीवन पर खतरा (ह्यूमैन कास्ट) भी बढ़ता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, वैश्विक अर्थव्यवस्था 2008–09 की वित्तीय संकट की तुलना में अधिक बदतर होकर 2020 में –3प्रतिशत तक सिकुड़ जाने का अनुमान लगाया गया है। वैश्विक वृद्धि के बारे में पूर्वानुमान लगाना अत्यंत अनिश्चित है। अर्थव्यवस्था में गिरावट कई तथ्य पर निर्भर करता है जो इस रूप में आपसी प्रभाव डालता है कि वैश्विक महामारी की राह, आपूर्ति में व्यवधान की मात्रा (सप्लाई डिस्ट्रप्शन) फैलाव क पैटर्न में बदलाव कंटेमेंट प्रयास की तीव्रता एवं दक्षता का पूर्वानुमान लगाना बहुत ही कठिन है। कई देश बाहुआयामी संकट तथा पुरे परिणाम का सामना कर रहे हैं जिसे अब तक स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। भारत बड़े पैमाने पर जी–जान से सामना कर रहा है और इसके प्रभाव को नकार नहीं जा सकता है।

भारत में खनन प्रमुख आर्थिक क्रिया–कलाप है जिसका देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कोयला खनन तथा कोयला आधारित ताप विद्युत उत्पादन क्षेत्र में दो कोर उद्योग है तथा दोनों मिलकर भारत के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में लगभग 10 प्रतिशत का योगदान देकर अपना महत्व दर्शाते हैं। इसके अतिरिक्त, आज की तिथि तक भारत का लाजिस्टिक उद्योग, स्पंज आयरन उद्योग भारत के घरेलू कोयला उद्योग पर आधारित है। तीन पूर्वी राज्य (झारखंड, ओडीसा तथा छत्तीसगढ़) में आर्थिक गतिविधि काफी हद तक कोंयले पर आधारित है। इस क्षेत्र में अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 5,00,000 लोग लगे हुए हैं और संभवतः इतने ही लोग अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इसलिए भारत के लिए कोयला क्षेत्र की महत्ता देश के लिए न सिर्फ ऊर्जा के लिए है, बल्कि जो सामाजिक आर्थिक भूमिका यह निभाता है, उससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

विगत 5 वर्षों में भारत में कोयले की माँग में एक चौथाई से ज्यादा बढ़ी है और माँग में यह वृद्धि

विद्युत क्षेत्र तथा गैर विनियमित (नन रेगुलेटेड) क्षेत्रों, दोनों, के कारण हुई है। विद्युत क्षेत्र इसका प्रमुख उपभेक्ता बना हुआ है, क्योंकि भारत की 72 प्रतिशत बिजली कोयला चालित संयंत्र भारत का 72 प्रतिशत बिजली उत्पादन करता है। यहाँ तक कि घोर निराशाजनक परिस्थिति में भी ऐसा प्रतीत होता है कि प्राथमिक ऊर्जा के स्रोत के रूप में कोयले की माँग 2030 तक और शायद उसके बाद तक बढ़ती जाएगी। पीएमजी द्वारा तैयार किए कोल विजन 2030 दस्तावेज के अनुसार कुल कोयले की माद्दग (2021 तक लगभग 1049 मि.ट. (कोयला मंत्रालय के आकलन के अनुसार) तथा 2030 तक 1300 से 1900 मि.ट. तक होना आकलित किया गया है। यहा माँग परिदृश्य आर्थिक विकास, ऊर्जा पर्याप्तता तथा कोयले के वैकल्पिक प्रयोग के प्रभावित है। कोल इंडिया लिमिटेड आपूर्ति कड़ी (चेन) में संतुलनात्मक भूमिका अदा कर सकता है। माँग परिदृश्य आर्थिक विकास, ऊर्जा की दक्षता तथा कोयले के वैकल्पिक उपयोग से प्रभावित होता है। आपूर्ति चेन में सीआईएल संतुलन बना सकता है तथापि, उपभोक्ता ईकाई में कोविड'–19 लॉक डाउन के बाद के प्रभाव के चलते कोयले की माँग पर प्रतयक्ष प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण सरकार को कोयले की आयात में कमी लाने का प्रयास करना पड़ा, जिसमें विदेशी मुद्रा खर्च तथा समय–सीमा तक आयात का प्रयास के विकल्प का प्रयास किया गया है। कुल मिलाकर लॉक डाउन समाप्त होने के उपरांत उपभोक्ता इकाईयों के खुलने पर कोयले की माँग तेजी से बढेगी।

देश में संभावित 19400 वर्ग किलो मीटर कोयला धारक क्षेत्र में से लगभग 16558 वर्ग किलो मीटर के क्षेत्रीय गवेषण के जरिए समाविष्ट किया गया हे, लगभग 7620 वर्ग किलो मीटर कवर किया हे तथा 2781 वर्ग कि.मी. विस्तृत गवेषण (1.7.2020 के अनुसार) के तहत है। भारत सरकार ने आगे सीएमपीडीआईएल को निदेश दिया हे कि वह देश में 2डी/3डी सिसमिक सर्वेक्षण पर बल देते हुए क्षेत्रीय (रिजनल) और विस्तृत गवेषण की गति तेज करे ताकि तेज गति से निकट भविष्य में कोयले के दोहन के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले की पहचान की जा सके इसका उद्देश्य संभव सीमा तक देश के उपलब्ध संसाधनों के दोहन के लिए जितना तेजी से हो सके संभावित (प्रोसेफेक्टिव) विडरों को कोल ब्लॉक उपलब्ध करना है। इस पर विचार कर प्रषासनिक मंत्रालय जी 2 स्तर के संसाधन (2डी/3डी सीसमिक सर्वेक्षण की सहायता से प्रति वर्ग किलो मीटर लगभग 2 बोर होल के साथ गवेषित) वाले गैर सीआईएल ब्लॉकों को पहले की तरह 6 से अधिक बोर होल प्रति वर्ग किलोमीटर वाले गवेषण के पूर्व के प्रचलन की जगह निलामी करने का प्रयास कर रही है। कम बोह होल धनव्त के साथ भौतिक ड्रिलिंग, दीर्घकालीन कोविड–19 लॉक डाउन, कठिन भू–वैज्ञानिक स्थिति जैसे औसर बोरहोल में 500 मी. से अधिक की वृद्धि, वन भूमि के कारण ड्रिलिंग स्थल की अनुपलब्धता, कुछ क्षेत्रों में कानून एवं व्यवस्था की विपरीत स्थिति, आधुनिक आधारभूत सुविधा से युक्त उपयुक्त आउटसोर्स्ड एजेंसी उपलब्ध न होना आदि को ध्यान में रखकर वर्ष 2020–21 के लिए 100 वर्ग किलो मीटर के 3डी सीसमिक सर्वेक्षण तथा 500 लाइन कि.मी. के 2डी सीसमिक सर्वेक्षण के जरिए 11.00 मी. डिलिंग सहित डाटा संकलन का प्रस्ताव किया गया है।

कुल मिलाकर भविष्य में उत्पादन को बढ़ाने तथा उसे बनाए रखने के लिए कोल इंडिया को नियमित तौर पर गवेषण एवं आयोजन सहायता की जरूरत पड़ेगी। यह सीएचपी वाशरी सहित आधारभूत सुविधा के लिए सच्चाई होगी। इसके अतिरक्ति, सीएमपीडीआईएल की विशेषज्ञ सेवाओं की माँग सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र में भी बनी रही है। सीएमपीडीआईएल अल्ट्राटेक इन्डस्ट्रीज लि., एनटीपीसी लिमिटेड, ओडीसा कोल एंड पावर लि. (ओसीपीएम), गजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड (जीआईपीसीएल), एनएलसी इंडिया लिमिटेड आदि जैसे कोल इंडिया लिमिटेड से बाहर कंपनियों को अपनी परामर्श–सेवा देता रहा। घरेलू आपूर्ति के द्वारा कोयले की माँग पूरा करने के प्रति कोयला कंपनियों, मुख्यतः सीआईएल में सीएमपीडीआईएल की सेवाओं की माँग भी रहेगी।

इसके अतिरिक्त, कोयले पर आधारित कोल बेड मिथेन/कोल माइन मिथेन, भूमिगत कोयला गैसीकरण आदि जैसे गैर नवीकरणीय उर्जा उत्पादन के वैकल्पिक स्रोत को अपनाने के प्रति कोल इंडिया लि एवं अन्य कंपनियों के प्रयास भी सीएमपीडीआईएल के लिए परामर्श कार्य का स्रोत हो सकता है।

इसके अतिरिक्त कोयला सेक्टर में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो सीएमपीडीआईएल के लिए अतिरिक्त मौका दे रहा हे, जिसे आगामी वर्षों में बढ़ने की संभावना है।

फिर भी सीएमपीडीआईएल के टॉप और बॉटम लाइन में इसके प्रयास परिलक्षित करने के लिए शुरूआत की है, और तद्नुसार हाल ही के वर्षों में बिक्री और पीबीटी में वृद्धि दर्ज हुई है। देश और विश्व में बदलते परिदृश्य विशेषकर इस दौरान और पोस्ट कोविड–19 के बाद सीएमपीडीआईएल के व्यवसाय की गति पर पुनः देखने की निश्चित रूप से आवश्यकता है। भविष्य के भावी बाजार परिदृश्य कोल सेक्टर में समुचित अध्ययन को भी शामिल करना होगा। प्रमुख उपाय में अन्य क्षेत्रों में फोरे के लिए संभाव्य अवसरों को भी शामिल करना होगा।

कुल मिलाकर पर्यावरणिक दिशा–निर्देशों के अनुपालन की विभिन्न आवश्यकताएँ, ग्रीन लॉबी की ओर से दबाव साथ ही साथ प्रयास कोयला खनन के लिए भूमि अर्जन के प्रयास दिन–प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। कोयले की माँग में कमी आने से कोयले के गवेषण की आवश्यकता और कम हो जाएगी। सीएमपीडीआईएल के टर्न ओवर में प्रमुख भागेदारी निभाने वाला गवेषण की महत्ता बनाए रखने के लिए मेटल क्षेत्र सहित गैर–कोल सेक्टर के लिए विविधिकरण करना होगा।

उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर तथा सीएमपीडीआईएल के व्यावसायिक क्षेत्र में गतिशीलता लोन के लिए उत्पादकता में और वृद्धि कर गवेषण क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करना यथार्थवादी होगा, वह भी खासकर 2 डी/3डी सिस्मिक एवं अन्य भू–भौतिक प्रणाली जहाँ कहीं भी आवश्यक हो, वहाँ वर्तमान सुविधा तथा आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि एवं आधुनिकी करण, श्रमशक्ति के उपयोग को युक्तिसंगत उपयोग तथा अधिकारी श्रमशक्ति की भर्ती, कोयला के अलावा अन्य खनिज, खनन तथा सम्बद्ध अभियांत्रिकी सेवा में पदार्पण, मूल्य के रूप में बाहरी कार्य (गैर–सीआईएल) की मात्रा में वृद्धि, कम्प्यूटरीकरण तथा नेटवर्किंग के जरिए ड्रिलिंग एवं इन्वेंटरी कंट्रोल सहित कोर क्षेत्र में प्रभावकारी मॉनीटरिंग की स्थापना, कोयला आधारित ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के विकास के लिए प्रौद्योगिकी की स्थापना आदि जेसे क्षेत्रों में प्रवेश के जरिए ये सब करने होंगे।

1.3.4 उपर्युक्त उद्देश्य एवं विजन प्राप्त करने के लिए अपनाई गई नीति :

खनिज, खनन तथा संबंद्ध क्षेत्रों में प्राप्त बाजार में स्थान तथा गहरी जानकारी के सहारे अपने उपर्युक्त निगमित उद्देश्य प्राप्त करने क लिए सीएमपीडीआईएल निम्नलिखित रणनीति एवं व्यावसायिक योजना बना रहा है :

1. दक्ष श्रमशक्ति, उपकरण, संयंत्र और मशीनरी आदि के अतिरिक्त गवेषण क्षमता में वृद्धि करना।
2. कोयले के अतिरिक्त, खनिज, खनन तथा सम्बद्ध अभियंत्रण सेवाओं के नए क्षेत्रों में विविधिकरण।
3. बाहरी ग्राहकों के लिए मार्केट शेयर बढ़ाना।
4. देश के बाहर तथा भीतर रणनीतिक साझेदारों के साथ टाई–अप।
5. वर्तमान सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण।
6. परिचालन दक्षता तथा कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाना।
7. निगमित कार्य संस्कृति तथा आंतरिक पद्धति में सुधार।
8. सत्त् आयोजना (प्लानिंग) तथा कोयला उद्योग को विशेषज्ञ सेवा सुनिश्चित करने के लिए श्रम शक्ति का युक्तिसंगत उपयोग तथा अधिकारी श्रमशक्ति की भर्ती

9. बेहतर लागत नियंत्रण उपाय एवं मानिटरिंग तथा,
10. कोयला आधारित ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तथा शेल गैस का विकास।

1.3.5 सामर्थ्य एवं कमजोरी :

सामर्थ्य :

- सीएमपीडीआईएल वास्तव में एक बहु आनुशासनिक संगठन, शायद अपनी तरह का एक मात्र, है जो एक ही छत के नीचे खनन के पहले, खनन के दौरान तथा खनन कार्य के बाद प्रायः सभी सेवाएँ उपलबध करा रहा है।
- भारत में विस्तृत कोयला गवेषण में प्रभुत्व वाला, सीएमपीडीआईएल की पहचान सरकारी प्रिफरेंसेज रखने के अलावा भारतीय ग्राहकों के बीच सबसे पसंदीदा परामर्शदाता के रूप में है।
- रणनीतिक रूप से अवस्थित अपने क्षेत्रीय संस्थानों के साथ यह कोयला मंत्रालय के साथ–साथ कोल इंडिया लिमिटेड की सभी कंपनियों को दहलीज पर ही सेवा देने में सक्षम है। सीएमपीडीआईएल की उपस्थिति कोयलाधारक क्षेत्रों के आस–पास अखिल भारतीय की है।
- कोयला क्षेत्र में उपलब्ध वृहद संशाधनों की सूचना देने के लिए सीएमपीडीआईएल के पास कोयला ब्लॉकों, कोयला भंडारों, कोयले की गुणवत्ता आदि से संबंधित विश्वसनीय आँकड़ा आधारित पर्याप्त जानकारी है।
- इसके पास 1400 से अधिक बहुअनुशासनिक (मल्टीडिसिप्लिनरी) कौशलयुक्त श्रमशक्ति का मजबूत आधार है।
- इसके पास बड़ी संख्या में आधारभूत सुविधाओं, 70 मि.ट.प्र.व. खुली खदान खान तथा 6 मी.ट.प्र.व. भूमिगत खान तक की निजी परियोजना क्षमता सहित 1000 से अधिक खनन परियोजना रिपोर्टों की प्लानिंग, 1300 से अधिक समेकित कोल गवेषण परियोजना, को क्रियान्वित करने का व्यापक आधारभूत संरचना उपलब्ध है।
- 8 राज्यों में जियोग्राफिकल रूप से फैले प्रयोगशाला सुविधाओं, बेस लाइन डाटा जेनरेशन क्षमता आदि से युक्त कोयला गवेषण (विस्तृत गवेषण के लिए देश में वेधन के लार्जेस्ट फ्लीट) के लिए इसके पास व्यापक आधारभूत संरचना उपलबध है।

कमजोरियाँ (कमियाँ) :

- राजस्व प्राप्त करने के लिए कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों पर निर्भरता।
- क्षेत्रीय गवेषण आँकड़ा, जो विस्तृत कोयला गवेषण के लिए आवश्यकत है, हेतु जीएसआई/एमईसीएल पर निर्भरता।
- उच्च संचालन लागत और निर्धारित लागत अर्थात् उद्योग में पियर्स (Peers) की तुलना में कर्मचारी मुआवजा।
- दक्ष और अनुभवी अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवा–निवृत्ति तथा नव–नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण लेने के बाद कंपनी को छोड़ने की उच्च दर।
- गैर–विविधिकरण अर्थात् केवल कोयला उद्योग के लिए प्रतिबंधित
- अधिकारी और गैर–अधिकारी संवर्ग में दक्ष और योग्य कर्मिकों की कमी।

1.3.6 अवसर एवं आशंकाऐं

अवसर

- कोयले की मांग कम से कम 10 से 12 वर्षों तक जारी रहने की संभावना है, जिससे सीएमपीडीआईएल की सेवाएँ बनी रहने की संभावना है।
- सरकार द्वारा पब्लिक एवं प्राइवेट कंपनियों दोनों के कैप्टिव उपयोगकर्त्ताओं के लिए कोयला ब्लॉकों का ऑक्सन/आवंटन से कोल इंडिया के बाहर सीएमपीडीआईएल के लिए और अधिक बाजार अवसर का सृजन होगा।
- संपूर्ण गवेषण और खनन समाधान उपलब्ध कराने के लिए सर्विस प्लेटफार्म के कार्यान्वयक एजेंसी के रूप में विकास
- कोयला क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ाने की आवश्यकता।

- गैर कोयला क्षेत्र में अपनी सेवाओं का विविधिकरण।
- सीबीएम/सीएमएम/यूसीजी/शेल गैस, जियोमेटिक्स, एनडीटी आदि से संबंधित विशेषज्ञ सेवा देने में दक्षता।

आशंकाएँ

- भारतीय कोयला सेक्टर धीरे–धीरे उदारीकरण की ओर बढ़ रहा है। अब कोयला सेक्टर को और खोल देने (मुक्त करने) से अन्य घरेलू अथवा अंतराष्ट्रीय परामर्श सेवा प्रदाताओं के बीच बाजारू प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है।
- क्षेत्रीय गवेषण में आनुपातिक वृद्धि के साथ ताल–मेल बैठाना, वर्तमान विस्तृत वेधन क्षमता को बनाए रखना निकट भविष्य में कठिन प्रतीत होता है।
- कोयले को सोलर, विंड आदि जैसे रीन्यूएवल ऊर्जा स्रोतों के द्वारा स्थानांतरित किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में इन वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास में और वृद्धि होगी और सस्ते में भी होंगे। इससे कोयला खनन की रूझान में कमी आती जाएगी, जिसके कारण कोयला क्षेत्र में सीएमपीडीआईएल को मिलने वाले कार्यों में गिरावट आ जाएगी।
- इन क्षेत्रों में वन क्षेत्र सीमित खनन तथा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के कारण ड्रिलिंग कार्य प्रभावित हो रहा है।
- प्रमुख रूप से मानव संसाधन संचालित कंपनी होने के कारण वर्तमान अधिक उम्र प्रोफाइल निकट भविष्य में नुकसानदायक होगी। विशेषज्ञ श्रमशक्ति तेजी से घटती जा रही है, क्योंकि इसके अधिकांश अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञ सेवा–निवृत्त होते जा रहे हैं।

1.3.7 मूल्य निर्धारण नीतिः

सीएमपीडीआईएल, कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी द्वारा परामर्श सेवा से प्राप्त राजस्व

गवेषण, खान योजना/परियोजना रिपोर्ट, पर्यावरणिक योजना तथा अन्य अभियंत्रण सेवाओं से प्राप्त राजस्व की पहचान ग्राहकों की विभिन्न श्रेणी के लिए अपनाए गए मूल्य–निर्धारण फार्मूला पर आधारित है। कोल इंडिया लिमिटेड तथा इसकी सहाकय कंपनियों को दी जाने वाली सेवाओं के लिए विभागीय ड्रिलिंग सेवाओं हेतु 7.5 प्रतिशत तथा पीएंडडी सेवाओं के लिए 10 प्रतिशत सेवा शुल्क+लागत को जोड़कर दर पर मूल्य निर्धारित किया, जबकि आउससोर्सिंग एजेंसियों द्वारा किए गए ड्रिलिंग के लिए 7.5 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक है। पर्यावरण मानिटरिंग कार्य वर्ष 2017 के केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड की दर के 90 प्रतिशत पर किया जाता है। 1.4.2018 से एक अलग लागत केंद्र (जिओमेटिक्स) शुरू किया गया है, पहले यह पीएंडडी कार्य (आंतरिक परामश) में शामिल था।

1.3.8 बाजार नीतिः

सीएमपीडीआईएल प्राथमिकता के आधार पर कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा सभी संभावित क्षेत्र में जब और जहाँ आवश्यक हो परामर्श सेवाएँ मुहैया कराने के प्रति वचनबद्ध है। सीएमपीडीआईएल महत्वपूर्ण और नीतिगत मूल्यों को ध्यान में रखकर कोल इंडिया से बाहर के ग्राहकों से कार्य, जहाँ ऐसे बाहरी परामर्शी कार्य शुरू किए जा सकते हैं, लेने/करने के प्रति भी वचनबद्ध है।

1.3.9 दृष्टि एवं तैयारीः

11वीं एवं 12वीं ,,,,,,,,योजना अवधि के दौरान सीएमपीडीआईएल का गवेषण कार्य बहुत ही उत्साहवर्द्धक रहा, जो 2017–18 तक जारी रहा, परंतु समय पर फंड की अनुपलब्धता सहित कई अन्य कारणों से वर्ष 2018–19 के दौरान इसे कायम नहीं रखा जा सका। वर्ष 2017–18 में की गई कुल ड्रिलिंग 13.66 लाख मीटर की तुलना में वर्ष 2018–19 में कुल ड्रिलिंग 13. 60 लाख मीटर रहा। कोविड–19 महामारी से उत्पन्न राष्ट्रव्यापी लॉक डउन के कारण इतना कम रहा। सीएमपीडीआईएल 11वीं योजना अवधि (2007–12) के दौरान लगभग 19.41 लाख मीटर वेधन की तुलना में 12वीं योजना अवधि के दौरान (2012–17) के दौरान 42.08 लाख मीटर ड्रिलिंग कर सका। और 10वीं योजना अवधि (2002–07) के दौरान कुल वेधन 10लाख मीटर किया गया। कुल मिलाकर विभागीय ड्रिलों के

द्वारा वर्ष 2018–19 के दौरान 619 मीटर/ड्रिल/माह की उत्पादकता के साथ 5 लाख मीटर वेधन किया जो सीएमपीडीआईएल के इतिहास में सबसे अधिक है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2019–20 में 12.094 लाख मीटर के उपलब्धि सहित वर्ष 2006–07 (10वीं योजना अवधि का अंत) में 2.06 लाख मीटर की उपलब्धि लगभग 15 प्रतिशत अधिक के वेधन में सीएजीआर (क्यूमूलिटिव एनूअलाइज्ड ग्रोथ रेट) प्राप्त किया जा सका।

25 भूवैज्ञानिक रिपोर्टों की तैयारी और लगभग 292 वर्ग कि.मी. के क्षेत्र को शामिल करते हुए विस्तृत गवेषण के जरिए लगभग 7.77 बिलियन टन अतिरिक्त कोयला रिसोर्सों को ''प्रमाणित श्रेणी'' में जोड़ा गया है। स्थापना काल से अब तक सीएमपीडीआईएल द्वारा एक वर्ष में सर्वाधिक कोयला प्रमाणित किया जा चुका है।

सीएमपीडीआईएल मेसर्स एसईआरसीईएल से आयात्ति वाइब्रोसिस द्वारा लगभग 1000 मी. रेंज की गहराई के साथ आँकड़ा अर्जन और बड़े पैमाने पर 2डी सिस्मिक सर्वेक्षण किया है। पाराडिग्म सॉफ्टवेयर (हाईस्पीड सिस्मिक डाटा प्रोसेसिंग) के साथ पिपरवार पीएच–।। ब्लॉक (20.68 वर्गकि.) एनकेसीएफ के नार्थ के लिए आँकड़ा अर्जन का कार्य पूरा किया जा चुका है। और अंतरिम रिपोर्ट सौंप दी गई है। इसके अतिरिक्त दो ब्लॉकों अर्थात् अरखापाल तालचर कोयला क्षेत्र के नार्थ का नादर्न पार्ट और सोहागपुर कोयला क्षेत्र के निगवानी–बकेली–ए में वर्ष 2019–20 के दौरान आँकड़ा सृजन का कार्य शुरू कर दिया गया था।

विभागीय वेधन के आधुनिकीकरण, अधिक क्षमता वाला नया मेकेनिकल ड्रिल तथा ड्रिल का समावेश, हाई परफार्मेंस बिट्स का समावेश जिसके परिणाम स्वरूप उच्च उत्पादकता, आधुनिक मड टेक्नोजॉजी को अपनाना, ड्रिलिंग संबंधी उपकरणों और श्रम शक्ति की कारगर व्यवस्था आदि सीएमपीडीआई के ड्रिलिंग क्षमता को बढ़ाने के महत्वपूर्ण साधन रहे थे।

भारत सरकार ने कोयला गवेषण को फास्ट ट्रैक पर रखा है। विस्तृत गवेषण हेतु देश के क्षेत्रीय गवेषण की गति तेज करने तथा और अधिक संभावित क्षेत्र की पहचान करने पर विचार किया गया है। यह केवल आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाकर संभव हो सका है, जो क्वांटम ऑफ ड्रिलिंग में कमी लाएगा और भूवैज्ञानिक मॉडल को अधिक विश्वसनीय बनाएगा। सिस्मिक सर्वे का प्रयोग वृहद रूप से ऑयल सेक्टर में होता है जिसे कोयला सेक्टर के लिए बढ़ाया जा सकता है बशर्ते कि यह फलदायक हो। इसके अलावे कोल बेल्ट के एक्सटेंशन एरिया में कनसील्ड कोल वियरिंग सेडिमेंटरी बेसिन की पहचान करने में एरियल जियोफिजिकल सर्वेक्षण अगुवाई करेगा। सीएमपीडीआईएल ड्रिलिंग में आधुनिकतम उन्नत प्रौद्योगिकी को शामिल कर गवेषणात्मक ड्रिलिंग की क्षमता निमार्ण की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर चुका है। इसने अधिक समय लेने वाले ड्रिलिंग प्रक्रिया पर निर्भरता को कम करने के लिए गवेषण के विभिन्न भू–भौतिक सर्वेक्षण तकनीक जैसी नई प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग करने तथा भू–वैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार करने में इसका उपयोग करने के लिए पहले ही कदम उठाया है। इससे भू–वैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार करने की गति में तेजी आएगी तथा ब्लाकों के भू–वैज्ञानिक माडल तैयार करने में इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

वर्ष 2019–20 के लिए लक्ष्य को 12.94 लाख मीटर रखा गया, जो वर्ष 2020–21 वर्ग कि.मी. के 3डी सिस्मिक सर्वेक्षण और 500 लाइन कि.मी. 2डी सिस्मिक सर्वेक्षण से संबंधित आँकड़ा सृजन सहित 11.00 लाख मी. का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है। विगत 3 वर्षों में गवेषण की गति में स्थिरता आ गई थी, जिसका कारण गैर–सीआईएल ब्लॉकों में गवेषण के लिए कोष की अनिश्चितता, कुछ कोयला ब्लॉक क्षेत्रों में विपरीत कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, एन विभाग की अनुमति के लिए 105 कोयला ब्लॉकों के आवेदन लंबित रहने से विस्तृत गवेषण की अनुमति प्राप्त न होना आदि है। सीएमपीडीआईएल ने विभिन्न कोयला ब्लॉकों में प्रति वर्ष गवेषणात्मक वेधन एक लाख मीटर तक करने के प्रस्ताव के लिए 6 जनवरी, 2009 को एमईसीएल के साथ एक दीर्घकालीन एमओयूम किया है, जिसे बढ़ाकर प्रतिवर्ष 4.0 मीटर कर दिया गया है। वर्ष 2007–08 से 101 ब्लॉकों में 40 लाख मी. के कानून एवं व्यवस्था तथा वन क्षेत्र में ड्रिलिंग में आने वाले अवरोध के

लिए सीएमपीडीआईएल, सीआईएल और एमओसी द्वारा संबंधित राज्यों तथा एमओईएफ एंड सीसी के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पेश की गई 32 परियोजना रिपोर्टों में से 22 परियोजना रिपोर्ट खुली खनन की थी। इसमें से 9 बड़ी परियोजनाओं (10एमटीवाई या इससे अधिक) की थीं। 10 परियोजना रिपोर्ट भूमिगत खान की थीं, जिसमें कंटीन्यूअस माइनर टेक्नोलॉजी सहित 8 भूमिगत परियोजनाएँ और पावर्ड सपोर्ट लॉगवाल टेक्नोलॉजी सहित 2 मेगा भूमिगत परियोजनाएँ शामिल थीं।

सीएमपीडीआईएल, मुख्यालय, राँची की भू–रासायनिक प्रयोगशाला को 12 विभिनन स्कोप/पारामीटर में जाँच (टेस्टिंग) के क्षेत्र में उपलबध सुविधाओं के लिए मानक आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुरूप नेशनल एक्रिडिशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरी (एनएबीएल) की मान्यता है। भुवनेश्वर स्थित सीएमपीडीआईएल के क्षेत्रीय संस्थान–7 में नई रासायनिक विश्लेषण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। जियो केमिकल प्रयोगशाला को सोफिसकेटेड आयातित उपकरणों के द्वारा अपग्रेड किया गया है और क्षमता बढ़ाई गई है। आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसरण में मई, 2019 में कोल एंड मिनरल प्रिपरेशन (सीएमपी) प्रयोगशाला को एनएबीएल एक्रीडीटेशन (मान्यता) प्रदान की गई। वर्ष के दौरान सीएमपीडीआईएल मुख्यालय के एनडीटी सेल को भी एनएबीएल की मान्यता दी गई जो गैर–विध्वंसक परीक्षण (एनपीटी) में ''टेस्टिंग'' के क्षेत्र इसे सुविधाजनक बनाने के लिए मानक आईएसओ/आईईसी के आधुनिक उपकरण के साथ मजबूती प्रदान की गई है। सीएमपीडीआईएल (मुख्यालय), क्षेत्रीय संस्थान–4 क्षे.सं.–5 और क्षे.सं.7 को एनएबीएल द्वारा मान्यता दिया गया है। सीएमपीडीआईएल के क्षेत्रीय संस्थान 1, क्षेत्रीय संस्थान–2 और क्षेत्रीय संस्थान–6 के पर्यावरणिक प्रयोगशालाओं को एनएबीएल की मान्यता दिलाने के प्रयास किए जा रहो है। वर्ष के दौरान सीएमपीडीआईएल (मु) के पर्यावरणिक प्रयोगशाला को सीपीसीबी की रिकोगनिशन दिलाई गई जो पाँच वर्षों के लिए वैद्य है।

सीएमपीडीआईएल मुख्यालय में एक आधुनिकतम सीबीएम प्रयोगशाला कार्यरत हैं, जिससे सीबीएम मिल गैस से संबंधित अध्ययन के बारे में सभी पारामेट्रिक डाटा तैयार करने, रिजरवायर का गुण निर्धारण तथा सीबीएम एवं शेल गैस संसधन का मूल्यांकन करना सहज हो गया है। सीएमपीडीआईएल की क्षमता एवं सामर्थ्य बढ़ाने के लिए सीएमपीडीआईएल तथा सीएसआईआरओ, आस्ट्रेलिया द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा वित्त प्रदत्त परियोजना कार्यान्वित की जा रही है।

2008 से अब तक 5 घन मिलियन मीटर (कोल+ओबी) से अधिक उत्पादन वाली सीआईएल के सभी खुली खदान कोयला खान के भूमि पुनरूद्धार मॉनीटरिंग के लिए सेटेलाइट सर्वेलॉस वार्षिक रूप से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 5 मिलियन घन मीटर (कोल+ओबी) से कम उत्पादन वाले सीआईएल के खुली खदान कोयला खानों का भूमि पुनरूद्धार मॉनीटरिंग वर्ष 2011 से भी तीन वर्ष के अंतराल पर किया जा रहा है।

वाशरी की स्थापना में वैचारिक (कंसेप्चुअल) रिपोर्ट तैयार करने से लेकर कार्य प्रदान करने तदुपरांत ड्राईंग की संवीक्षा करने तक कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों को तकनीकी सहायता दी गईं सीएमपीडीआईएल ने कोल इंडिया की संबंधित अनुषंगी कंपनियों को 18 वाशरियों के लिए एनआईटी सुपुर्द किया। बीसीसीएल के अनुरोध पर इन 18 वाशरियों में से क्लीन कोल के 14 प्रतिशत राख के स्तर वाली घुले कोयले के लिए मूनीडीह वाशरी (2.5 मी.ट. प्र.व.) हेतु फ्रेश एनआईटी तैयार कर बीसीसीएल को भेज दिया गया है।

''थ्रो अवे रिजेक्ट्स के निपटान के लिए मॉनीटरिंग मैकेनिज्म के डिवाइजिंग हेतु औ खान रिक्ति और/अथवा अन्य निम्न क्षेत्रों में पड़ने वाले पर्यावरणिक रूप से उपयचुक्त तरीके से थ्रो अवे रिजेक्ट्स के निपटान के लिए स्टर्ण्डड आपरेटिंग प्रोसीड्यूर बनाकर इसके तापीय मूल्य के संदर्भ में थ्रो अवे कोल वाशरी रिजेक्टस की डिफाइनिंग'' पर एक समिति की रिपोटई तैयार कर जून, 2019 में एमओसी को सौंप दिया गया है। पर्यावरणिक

रूप से अनुकूल तरीके से वाशरियों से उत्पन्न अपशिष्टों के उपयोग/निपटान के लिए इस रिपोर्ट की अनुशंसाओं से समान नीति अपनाने में मदद मिलेगी। सीएमपीडीआईएल द्वारा 22 फरवरी, 2020 को सीएमपीडीआईएल, राँची में ''कोयला परिष्करणः अप्टीमाइजेशन ऑफ क्लीन कोल ईल्ड एट लोवर एश प्रतिशत'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सीएमपीडीआईएल कोयला आधारित गैर–परंपरागत ऊर्जा संसाधनों के व्यावसायिक विकास की सुविधा देने तथा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ व्यावसायिक और अनुसंधान एवं विकास के लिए अपना प्रयास जारी रखा है। सीबीएम के व्यवााायकि विकास के लिए सीआईएल लीज होल्ड एरिया में सीएमपीडीआईएल द्वारा शुरूआत में तीन सीबीएम ब्लॉकों, मुख्यतः (I) झरिया सीबीएम ब्लॉक–I (बीसीसीएल एरिया) II रानीगंज सीबीएम ब्लॉक (ईसीएल क्षेत्र) एवं (III) सोहागपुर सीबीएम ब्लॉक (एसईसीएल एरिया) की पहचान की है। झरिया सीबीएम–I ब्लॉक (बीसीसीएल क्षेत्र) और रानीगंज सीबीएम ब्लॉक (ईसीएल एरिया) के परियोजना संभाव्यता रिपोर्ट को एमडीओ मोड के जरिए इसके लीज होल्ड एरिया के लिए सीबीएम के कर्षण के लिए संबंधित सबसिडियरी बोर्ड द्वारा सिद्धांत्तः अनुमोदित किया गया है। यह प्रस्ताव किया गया कि सीएमपीडीआईएल संबंधित सबसिडियरी/लीजी के साथ मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) के तहत मुख्य कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) होगा। कुल मिलाकर कोयला खनन से पूर्व सीबीएम के कर्षण के कारण गैसी सीमों से भविष्य में सुरक्षित कोयला खनन में सहायता करेगा। झरिया कोयला क्षेत्र में मूनीडीह भूमिगत खान (बीसीसीएल) में काम माइन मीथेन ड्रेनेज पर एक प्रदर्शन परियोजना को बीसीसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। कोयला मंत्रालय ने भारत में भूमिगत कोल को नोडल एजेंसी बनाया है। आईएमसी की द्वितीय बैठक में इस उद्देश्य के लिए सात कोयला और सात लिग्नाइट ब्लॉकों की पहचान की जा चुकी है। भारत में यूसीजी के विकास को आगे और सुविधानजक करने के लिए भारत सरकार के अनुमोदन हेतु मॉडल कंट्रैक्ट डाक्यूमेंट एवं मॉडल बिड दस्तावेज तैयार कर अक्टूबर, 2019 में आईएमसी द्वारा अनुशंसा की जा चुकी है। यूसीजी विकास की नीति (पॉलिसी) को कोयला मंत्रालय द्वारा भी अधिसूचित किया जा चुका है।

कोल टू लिक्विड टेक्नोलॉजी के जरिए 2030 तक लगभग 50 मीटीपीए उत्पादन करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा सर्फेस कोल गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट विकसित करने पर भी विचार किया गया है। सीएमपीडीआईएल ''कोल गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट'' के लिए कोयला खानों की उपयुक्तता का परीक्षण करने तथा संबंधित सबसिडियरी द्वारा चिन्हित कोयला खानों के लिए परियोजना संभाव्यता रिपोर्ट की तैयारी को सरल बनाने के लिए अपनी सेवाओं में बढ़ोत्तरी करेगा।

कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया की आरएंडडी बोर्ड के एसएंडटी अनुदान के तहत अनुसंधान क्रिया–कलापों में समन्वय के लिए भी सीएमपीडीआईएल को नोडल एजेंसी बनाया है। वर्षों से इन अनुसंधान परियोजनाओं से परिचालन में सुधार, सुरक्षित वर्किंग स्थिति, बेहतर रिसोर्स रिकवरी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण लाभ हुआ है, जबकि कुछ अनुसंधान परियोजनाओं से उद्योगों पर प्रत्यक्ष रूप से टैन्जीबल प्रभाव पड़ा है, तथा कुछ अन्य से भावी खनन योजनाओं और आपरेटिंग खान दोनों द्वारा अपेक्षित माइन प्लानिंग, डिजाइन एवं तकनीकी सेवाओं को मजबूती मिली है। पुनरूद्धारित खुली खदान कोयला खानों में सस्टेनेबल लाइवलीहुड क्रिया–कलाप, आन–लाइन कोयला धोवन क्षमता विश्लेषक, ओपेनकास्ट स्लोप स्टेबिलिटि, आपरेशन के लिए सेल्फ–एडवांसिंग (मोबाइल) गोफ एजे सवोर्ट्स (एसएजीईएस), आदि जैसे समस्या से युक्त भारतीय भू–खनन स्थितियों के लिए भिन्न–भिन्न डिजाइन/क्रिया–विधि/प्रक्रिया विकसित की गई है।

कोल/लिग्नाइट उद्योग के लिए लाभदायक आवश्यकता आधारित अनुसंधान कार्य के लिए अनुसंधान एवं शैक्षक संस्थानों, कोल/लिग्नाइट उत्पादक कंपनियों को अधिक–से–अधिक शामिल करने के लिए सीएमपीडीआईएल द्वारा लगातार

प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में 29 परियोजनाएँ कार्यान्वयन के अधीन हैं।

सीएमपीडीआईएल आईएसओ 9001, आईएसओ 14001, आईएसओ 50001 तथा आईएसओ 270001, ओएचएसएएस 18001 आदि जैसे विभिन्न मैनेजमेंट सिस्टम स्टैंडर्ड के कार्यान्वयन के लिए परामर्शी सेवाएँ प्रदान करता है। सीएमपीडीआईएल और इसके सभी क्षेत्रीय संस्थानों को संशोधित नए आईएसओ 9001:2015 मानक की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा लाइसेंस दिया गया है। सीएमपीडीआईएल प्रबंधन की वर्तमान प्रणाली में दो नए मानक आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, तथा आईएसओ 27001:2013 तथा आईएसओ 50001:2011 शामिल है।

सीएमीपडीआईएल ने एमएस प्रोजेक्ट सरवर की स्थापना की है, जिसके जरिए सीआईएल और एमओसी द्वारा आनलाइन मॉनीटर किया जा रहा है। संपूर्ण कोल इंडिया लि. के लिए ई–ऑफिस के कार्यान्वयन के कार्य को भी सीएमपीडीआईएल को सौंपा गया है सेंट्रलाइज्ड इंफ्रास्ट्रक्चर और एमपीएलएस कनेक्टीविटि की स्थापना सबसिडियरी मुख्यालय, सीआईएल, नई दिल्ली, सीआईएल मुख्यालय, कोलकाता, आईआईसीएम और एनईसी में की गई है ई–आफिस सभी स्थानों में कार्य कर रहा है।

1.3.10 सीएमपीडीआईएल और कोल इंडिया के बीच एमओयू:

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए सीएमपीडीआईएल फिजिकल और वित्तीय कार्यनिष्पादन हेतु विभिन्न पारामीटर सेट करने के लिए कोल इंडिया के साथ एमओयू करता है। उपलब्धियों को 1–5 तक के स्केल पर ग्रेडित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2014–15 तक उत्कृष्ट 1.0 से 1.5 तथा खराब 4.51 से 5.0 तक दिया जाता रहा है। वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए सीएमपीडीआईएल को डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इन्टरप्राइजेज द्वारा उत्कृष्ट (1.002) रेटिंग दी गई जो सभी सीपीएसई के बीच तीसरा सर्वोत्तम है तथा अपने सिन्डकेट में प्रथम वित्तीय वर्ष 2015–16 से ग्रेडिंग सिस्टम को 5 प्वाईंट स्केल से बदलकर प्रतिशत प्रणाली में दिया गया। वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए सीएमपीडीआईएल को ''उत्कृष्ट'' रेटिंग दिया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एमओयू का कार्य–निष्पादन मूल्यांकन जारी है।।

1.3.11 जोखिम और चिन्ताएँ

- बोर होल में सघनता में वृद्धि के साथ वन क्षेत्र में वेधन के लिए अनुमति प्राप्त करना और कानून एवं व्यवस्था की समस्या वेधन के रास्ते में बड़ी रूकावट है।
- क्षेत्रीय गवेषण में आनुपातिक वृद्धि के अभाव में विस्तृत गवेषण क्षमता बनाए रखना कठिन प्रतीत होता है। वन क्षेत्र में गवेषण के प्रतिबंधित होने से विस्तारण कार्यक्रम में समस्या आ सकती है।
- कोयला क्षेत्र को खुले बाजार में लाने से अन्य स्वदेशी तथा अन्तर्राष्ट्रीय परामर्शी सेवा प्रदाताओं के साथ बाजारू प्रतिस्पर्द्धा हो सकती है
- कंपनी अधिनिमय के तहत प्रावधानों के अनुपालन तथा जोखिम प्रबंधन से संबंधित कोल इंडिया के दिशा–निर्देशों के अनुसार बोर्ड स्तर की अध्यक्षता में सीएमपीडीआईएल में जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

1.3.12 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

- सीएमपीडीआईएल के पास व्यवसाय को सहज एवं प्रभावकारी ढंग से तथा प्रचलित नियमों एवं विनियमों के अनुसार चलाने के लिए आंतरिक नियंत्रण पद्धति तथा प्रक्रिया काफी सशक्त है।
- निर्बाध रूप से निर्णय लेने के लिए व्यापक अधिकार उपलब्ध है।
- समरूप अनुपालन के लिए लेखा–जोखा तैयार करने हेतु दिशा–निर्देशों का लगातार अनुसरण किया जाता है।
- आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के अनुपालन पर निगरानी करने के लिए एक अंकेक्षण समिति गठित की गई है।
- आंतरिक अंकेक्षण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स/कोस्ट एकाउंटेन्ट फर्म द्वारा किया जाता है।

- आंतरिक अंकेक्षण द्वारा डिजाइन किया गया मुख्य कंट्रोल की परिचालन दक्षता के पर्यवेक्षण तथा मुख्य नियंत्रण को पहचानकर आंतरिक नियंत्रण को पहचानकर आंतरिक नियंत्रण फ्रेमवर्क विकसित किया गया है।
- विसिल ब्लोअर नीति अपनाई गई है तथा इसका अनुसरण किया जा रहा है।

1.3.13 मानव संसाधन में भौतिक विकास :

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम होने के कारण सीएमपीडीआईएल के कर्मियों का वेतन, मजदूरी तथा लाभ का निर्धारण भारत सरकार द्वारा कोयला कामगारों के लिए 5 वर्ष में एक बार तथा अधिकारियों केलिए 10 वर्ष में एक बार निर्धारित किया जाता है। सीएमपीडीआईएल अपने कर्मचारियों, मध्यम और वरीय प्रबंधन अधिकारियों, अन्य स्तर के अधिकारियों तथा प्रबंधन प्रशिक्षु के लिए सत्त् प्रशिक्षण और विकास के अवसर उपलब्ध करता है। इसके अतिरिक्त, कंपनी बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा भारत से बाहर अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण सत्र की व्यवस्था कराता है। इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट को संबंधित भाग (पोर्सन) में शामिल किया गया है।।

1.3.14 परिचालन कार्यनिष्पादन से संबंधित वित्तीय उपलब्धि पर विचार-विमर्श :

कंपनी की आय मुख्यतः कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसकी सहायक कंपनियों तथा अन्य कंपनियों को दी गई परामर्शी सेवा से प्राप्त आय अन्य आय एवं अर्जित ब्याज भी शामिल है। गत वर्ष की 1287. 57 करोड़ रू. की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 में कुल आय 1403.01 करोड़ रू. है, इस प्रकार कुल वृद्धि 8.97 प्रतिशत दर्ज की गई। कुल व्यय 1090.39 करोड़ रू. है (ओसीआई का कुल)।

आयकर व्यय में आयकर अधिनियम, यथा संशोधित के संबंधित प्रावधान के अनुसरण में परिकलित वर्तमान कर व्यय तथा आस्थगित कर व्यय या क्रेडिट शामिल है। वर्तमान कर के लिए प्रावधान की पहचान भत्ते तथा आयकर अधिनियम के अनुरूप छूट के लिए अनुमानित कर देयता के आधार पर की जाती है। आस्थगित कर परिसम्पत्ति तथा देयता की पहचान समय अंतराल कारण भावी कर परिणाम के लिए किया जाता है। तुलन–पत्र की तिथि तक लागू कर दर तथा कर विनियमन का उपयोग कर इनका पता लगाया जाता है। कर के दर के कारण पड़ने वाले प्रभाव की पहचान दर के परिवर्तन वाले संबंधित वित्तीय वर्ष के वित्तीय विवरण में की जाती है। अग्रेषित हानि के मामले में आस्थगित कर की पहचान उस सीमा तक की जाती है कि वर्चुअल निश्चितता हो जहाँ पर्याप्त कर योग्य आय उपलब्ध होगा, जिसके विरूद्ध इस तरह की आस्थगित कर परिसम्पत्ति की वसूली की जा सके।

गत वर्ष के 263.82 करोड़ रू. (ओसीआई को छोड़कर) की तुलना में 312.62 करोड़ रू. (ओसीआई को छोड़कर) कर से पूर्व लाभ हुआ जो 48.80 करोड़ रू. ज्यादा है। गत वर्ष के लिए 173.27 करोड़ रू. (ओसीआई को छोड़कर) की तुलना में कर पश्चात् लाभ 193.39 करोड़ रू. (ओसीआई को छोड़कर) कर पश्चात् लाभ है। 20.12 करोड़ रू. अधिक है।

1.4.0 सीएमपीडीआईएल का वित्तीय पर्यावलोकन

वर्ष के दौरान कंपनी को 193.39 करोड़ रू. कर पश्चात् लाभ हुआ। विगत तीन वर्षों का कार्यकारी परिणाम इस प्रकार है :

(करोड़ रू. में)

	योग्यता मानदण्ड	सीएमपीडीआईएल की स्थिति		
		वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2018-19	वित्तीय वर्ष 2019-20
1.	कर पूर्व लाभ (करोड रू. में)	120.82	263.82	312.62
2.	कर बाद लाभ (करोड रू. में)	80.83	173.27	193.39
3.	टर्न ओवर (करोड रू. में)	1154.75	1274.56	1381.31
4.	टर्न ओवर के लिए कर पूर्व लाभ (प्रतिशत)	10.46	20.69	22.63
5.	प्रतिशयर अर्जन (रूपये में)	2122.64	4550.16	5078.52

1.4.1 सांविधिक अंकेक्षकों की रिपोर्ट तथा सचिवीय अंकेक्षक रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण अथवा टिप्पणी

सांविधिक अंकेक्षक द्वारा किए गए प्रत्येक विपरीत रिर्माक (टिप्पणी) अथवा आरक्षण, योग्यता पर बोर्ड द्वारा स्पष्टीकरण अथवा टिप्पणी तथा सांविधिक अंकेक्षक की रिपोर्ट को परिशिष्ट–IV के रूप में संलग्न किया गया है।

सचिवीय अंकेक्षकों द्वारा किए गए टिप्पणी पर प्रबंधन द्वारा स्पष्टीकरण ओर सचिवीय अंकेक्षकों की रिपोर्ट को रिपोर्ट के परिशिष्ट–V में दिया गया है।

1.4.2 कंपनी अधिनियम 2013 के सेक्शन 186 के तहत ऋण, गारंटी अथवा निवेश का विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 186 के अनुसार कंपनी को दिए गए ऋण, किए गए निवेश अथवा की गई गारंटी अथवा उपलबध कराए गए सिक्युरिटी तथा ऋण अथवा गारंटी अथवा सिक्युरिटी में रेसिपिएंट द्वारा उपयोग किए जाने के लिए प्रस्तावित ऋण अथवा गारंटी अथवा सिक्युरिटी के उद्देश्य के पूरे विवरण को वित्तीय विवरण में सदस्यों के लिए प्रकट करना चाहिए।

किसी व्यक्ति, फर्म अथवा कंपनी को कोई ऋण नहीं दिया गया, निवेश नहीं किया गया या गारंटी नहीं दी गई अथवा सिक्युरिटी मुहैया नहीं कराई गई। इसका ब्यौरा वित्तीय विवरण में दिया गया है।

1.4.3 कंपनी मामले की स्थिति

कंपनी की अधिकृत पूंजी 50 करोड़ रू. की तुलना में 150 करोड़ रू. है। पूंजीगत भंडार 18.57 करोड़ रू., सामान्य रिजर्व 22.37 करोड़ रू. तथा पी/एल एकाउन्ट में सरप्लस 484.06 करोड रू. एवं शेयर होल्डर को कुल कंस्टीच्यूएटिंग 550.80 करोड़ रू. की निधि है। गैर चालू देयताएँ 329.55 करोड़ रू. तथा चालू देयताएं 424.63 करोड रू. है।

कंपनी की अपना स्वयं का अचल परिसंपत्ति 174. 12 करोड़, आस्थगित कर परिसंपत्ति (कुल) 78.25 करोड़ रू., अन्य गैर चालू परिसंपत्ति 285.71 करोड़ और चालू परिसंपत्ति 1057.35 करोड़ रू. है।

परिचालन से कुल राजस्व और अन्य व्यय 1403.01 करोड़ रू. तथा सभी व्यय एवं कर को पूरा करने के बाद निबल लाभ 193.39 करोड़ रू. है। प्रति शेयर अर्जन 5078.52 रू. (1000 प्रति शेयर के अंकित मूल्य) है।

1.4.4 31 मार्च, 2018 तक का पूँजीगत व्यय

(करोड़ रू. में)

	2018-19	2019-20
भूमि एवं भवन	2.03	7.18
प्लांट एवं मशीन	10.77	13.17
कार्यालय उपकरण	0.14	1.28
फर्नीचर	1.90	1.91
टेलीकाम	0.14	0.03
वाहन	0.44	1.43
साफ्टवेयर	2.94	6.95
कुल	**18.36**	**31.95**

1.4.5 अंतरिम लाभांश की घोषणा :

बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2019–20 में पहला अंतरिम लाभांश की घोषणा की जिसका आधार दिसम्बर, 2019 की अवधि के लिए कार्यकारी परिणाम तथा 27.11 करोड़ रू. अर्थात् 712.00 प्रतिशेयर (लाभांश) 3,80,800 दिया गया। कर पश्चात् चालू वर्ष का लाभा 1000/– प्रत्येक (शेयर का अंकित मूल्य) का इक्विटि शेयर तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए 31.12.2019 तक कंपनी के प्राक्कलित लाभ एवं आनि में अधिशेष को घोषित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधान के अनुसार कारपोरेट डिविडेंट टैक्स (सरचार्ज एवं सेस सहित) का भुगतान कंपनी द्वारा किया गया।

1.4.6 31.03.2020 के बाद मेटेरियल परिवर्तन

मेटेरियल और कमिटमेंट में कोई परिवर्तन नहीं जिससे कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत में वित्तीय स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं, जो रिपोर्ट की तिथि तथा वित्तीय विवरण से सम्बद्ध हो।

1.5 निगमित शासन

निगमित शासन कंपनी के प्रबंधन, इसके बोर्ड, इसके शेयर होल्डर तथा अन्य स्टेक होल्डरों के बीच संबंधों का एक सेट है। यह कंपनी के उद्देश्य को प्राप्त करने का साधन तथा कार्यनिष्पादन की मॉनिटरिंग की पद्धति का एक सेट है।

अंकेक्षक द्वारा किए गए रिमार्क पर प्रबंधन द्वारा स्पष्टीकरण तथा कारपोरेट गवर्नेंस सर्टिफिकेट के रिपोर्ट को रिपोर्ट के परिशिष्ट–3 में संलग्न किया गया है।

1.6. कंपनी का दर्शन

निगमित शासन के संबंध में कंपनी का दर्शन, पारदर्शिता, इंटीग्रिटि, विश्वसरीयता, कंफीडेंसियलिटि, नियंत्रण, सामाजिक उत्तरदायित्व, डिसक्लोजर और रिपोर्टिंग जो नियम, अधिनियम विनियमन और दिशा–निर्देश का पालन करता हो, को सुनिश्चित करना है।

कारपोरेट गवर्नेंस प्रैक्टिसेज के प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए कंपनी ने निम्नलिखित को शामिल करते हुए सुस्पष्ट नीति बनाई है :

- निदेशकों तथा वरीय प्रबंधन कार्मिकों के लिए आचार संहित (कोड आफ कंडक्ट)
- कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा आंतरिक ट्रेडिंग के संरक्षण के लिए आचार संहिता
- विसिल ब्लोअर पालिसी
- जोखिम प्रबंधन योजना

1.7 निदेशक मंडल

कंपनी का कार्य व्यापार निदेशक मंडल द्वारा चलाया जाता है। कंपनी के निदेशकों की संख्या को समय–समय पर राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की जाती है। निदेशकों के लिए क्वालिफिकेशन शेयर को रखने की जरूरत नहीं होती है। राष्ट्रपति द्वारा चेयरमैन, कार्यकारी निदेशक, अंशकालिक सरकारी निदेशक और गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशकों की नियुक्ति की जाती है और नियुक्ति आदेश के अनुबंध एवं शर्तों तथा कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधान के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित वेतन, भत्ते, बैठक, शुल्क आदि दिए जाते हैं।

क). निदेशक मंडल का आकार

कंपनी के आर्टिकल आफ एसोसिएशन के संदर्भ में हमारे निदेशक मंडल में कम–से–कम तीन (3) निदेशक और पन्द्रह (15) निदेशक से ज्यादा नहीं होना चाहिए। ये निदेशक पूर्णकालिक निदेशक कार्यकारी निदेशक/कार्यकारी अथवा सरकारी अंशकालीक निदेशक या गेर–सरकारी अंशकालिक निदेशक/स्वतंत्र निदेशक हो सकते हैं।

ख). निदेशक-मंडल का कोटिवार गठन :

31 मार्च, 2020 के अनुसार सीएमपीडीआईएलके निदेशक मंडल में 10 निदेशक हैं, जिसमें अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सहित पाँच (5) पूर्णकालिक निदेशक दो (2) अंशकालिक सरकारी निदेशक तथा (3) अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक हैं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री शेखर सरन इस बोर्ड के अध्यक्ष है। कंपनी के बोर्ड में एक महिला स्वतंत्र निदेशक सहित (3) स्वतंत्र निदेशक हैं। कोयला मंत्रालय, भारत सराकर द्वारा शेष (2) स्वतंत्र निदेशकों की अभी नियुक्ति की जानी हैं। बोर्ड के गठन के संबंध में निगमित शासन के दिशा–निर्देश के अनुसार ही स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की जा सकेगी।

31 मार्च, 2020 के अनुसार निदेशक मंडल का गठन निम्नानुसार है :

I. पूर्णकालिक निदेशक

क. अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

1. श्री शेखर सरन

ख. कार्यकारी निदेशक

1. श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्रा
2. श्री रवीन्द्र नाथ झा
3. श्री अनिल कुमार राणा
4. श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता

II. सरकारी अंशकालिक निदेशक

1. श्री विनय दयाल
2. डा. अनिंद्य सिन्हा

III. गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक

1. डॉ० कृष्ण चन्द्र पाण्डेय
2. श्रीमती अलका पांडा
3. श्री प्रमोद सिंह चौहान

IV. स्थायी आमंत्रित सदस्य

1. श्री अजितेश कुमार

ग). आयोजित बोर्ड की बैठक की संख्या तथा तिथि

कंपनी का सर्वोच्च निकाय (बाडी) निदेशक मंडल होता है, जो कंपनी के संपूर्ण कार्यो की रेख–रेख करता है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान दस (10) बोर्ड बैठकें आयोजित की गई थी, जो इस प्रकार है :

क्रम संख्या	बैठक की संख्या	तिथि	दिन	स्थान
1.	223वीं	21.05.2019	मंगलवार	सीआईएल, नई दिल्ली
2.	224वीं	29.05.2019	बुधवार	सीआईएल, नई दिल्ली
3.	225वीं	29.06.2019	शनिवार	दार्जिलिंग
4.	226वीं	29.07.2019	सोमवार	सीआईएल, नई दिल्ली
5.	227वीं	18.09.2019	बुधवार	सीएमपीडीआईएल, राँची
6.	228वीं	29.10.2019	मंगलवार	सीएमपीडीआईएल, राँची
7.	229वीं	09.11.2019	शनिवार	सीएमपीडीआईएल, राँची
8.	230वीं	28.12.2019	शनिवार	सीएमपीडीआईएल, राँची
9.	231वीं	27.01.2020	सोमवार	सीएमपीडीआईएल, राँची
10.	232वीं	17.03.2020	मंगलवार	सीएमपीडीआईएल, राँची

घ). निदेशक मंडल की बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति :

प्रत्येक निदेशक द्वारा बोर्ड की बैठक में उपस्थिति की संख्या का विवरण इस प्रकार है :

क्र. सं.	निदेशक	उनके कार्यावधि में हुई बोर्ड बैठक की संख्या	बोर्ड की बैठक में उपस्थिति की संख्या	अंतिम एजीएम में उपस्थिति
कार्यकारी निदेशक				
1.	श्री शेखर सरन	10	10	हाँ
2.	श्री के.के. मिश्रा	10	9	हाँ
3.	श्री आर.एन. झा	10	10	हाँ
4.	श्री ए.के. राणा	6	4	–
5.	श्री सतेन्द्र कु. गोमास्ता	1	1	–
6.	श्री बी.एन. शुक्ला	2	2	–
7.	श्री ए.के. चक्रवर्ती	4	2	–
अंशकालीन सरकारी निदेशक				
8.	श्री विनय दयाल	10	7	हाँ
9.	डा. अनिंद्य सिन्हा	10	10	-
अंशकालीक गैर-सरकारी निदेशक				
10.	डॉ० कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	7	7	–
11.	श्रीमती अलका पांडा	7	6	–
12.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	5	5	–
13.	श्री राजेंदर प्रसाद	7	7	हाँ
14.	डा. देबाशीष गुप्ता	7	7	हाँ

क्रम संख्या – 8 कोल इंडिया द्वारा 09.11.2017 से नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई है।

क्रम संख्या – 9 कोयला मंत्रालय द्वारा 5.2.2018 से सरकारी–नामित निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई है।

ङ) (ii) 31 मार्च, 2020 के अनुसार रूचि का प्रकटीकरण

क्र. सं	निदेशकों के नाम	जिस कंपनी के लिए वे इच्छुक हैं	रूचि की प्रकृति यानि अध्यक्ष, निदेशक प्रबंधक एवं सचिव
कार्यकारी निदेशक			
1.	श्री शेखर सरन	शून्य	–
2.	श्री के.के. मिश्रा	महानदी कोलफील्ड्स लि.	निदेशक
3.	श्री आर.एन. झा	शून्य	–
4.	श्री ए.के. राणा	शून्य	–
5.	श्री सतेन्द्र कु. गोमास्ता	शून्य	–
अंशकालीन सरकारी निदेशक			
6.	श्री विनय दयाल	1. कोल इंडिया लि. 2. कोल इंडिया अफ्रिकाना लिमिटेड 3. तालचर फटिंलाइजर लिमिटेड 4. भारत कोकिंग कोल लिमिटेड 5. हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड	1. निदेशक 2. अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक 3. निदेशक 4. निदेशक 5. निदेशक
7.	डा. अनिंद्य सिन्हा	शून्य	.–
अंशकालीन गैर-सरकारी			
8.	डॉ० कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	शून्य	.–
9.	श्रीमती अलका पांडा	शून्य	.
10.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	1. अष्ट विनायक रिलेटर्स प्रा.लि. 2. प्रिंस शेल्टर्स प्रा. लिमिटेड	1. निदेशक 2. शेयर होल्डर

च). बोर्ड की मीटिंग के समक्ष रखी गई सूचना

कंपनी बोर्ड के भीतर की किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बोर्ड के समक्ष दी जाने वाली सूचनाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- पूंजी एवं राजस्व बजट
- कंपनी का त्रैमासिक और वार्षिक वित्तीय परिणाम
- कंपनी के कार्य–निष्पादन की आवधिक संवीक्षा,
- भारी मशीनों की उपलब्धता एवं उपयोग की सांविधिक समीक्षा
- प्रयोज्य नियमों के अनुपालन पर आवधिक समीक्षा
- वार्षिक रिपोर्ट, निदेशक मंडल की रिपोर्ट इत्यादि
- अंकेक्षक समिति, सीएसआर समिति, नामांकन एवं बैठक का कार्यवृत
- बड़े कंट्रेक्ट/एग्रीमेंट को देना
- अन्य कंपनियों में उनके द्वारा धारित स्थिति और डायरेक्टरशिप के बारे में निदेशकों की रूचि का प्रकटीकरण
- स्वतंत्र निदेशक द्वारा स्वतंत्र की घोषणा
- श्रम–शक्ति बजट
- कोई अन्य मैटेरियली महत्वपूर्ण सूचना

1.8 निदेशकों का संक्षिप्त प्रोफाइल :

श्री शेखर सरन (डीआईएन 06607551) सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड जो पूरे देश में कोयला और खनिज गवेषण तथा परामर्शी कंपनियों में से एक बड़ी कंपनी है, के अध्यक्ष–सह–प्रबंधन निदेशक हैं। उन्हें 31.10.2016 के तत्काल प्रभाव से कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) का अतिरिक्त प्रभार भी मिला तथा सीआईएल और बीसीसीएल के बोर्ड सदस्य भी हैं। श्री सरन उत्पादन और उत्पादकता में नए मानकों की स्थापना में खानों के परिदृश्य को यंत्रीकृत खान डेवलपर और स्वरूप बदलने वाले के रूप में उद्योग को अपने अपूर्व सहयोग और नए रास्ते तलाशने वाले के रूप में जाने जाते हैं।

उन्होंने जून, 2013 में निदेशक (तकनीकी) के रूप में सीएमपीडीआईएल में पदभार ग्रहण किया और कोल सिसोर्स डेवलपमेंट के कार्यों की देख–रेख की । उसके बाद दिसम्बर, 2015 तक प्लानिंग एंड डिजाइन का कार्य संभाले। 1 जनवरी, 2016 को उन्होंने सीएमपीडीआईएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया।

1981 बैच के श्री सरन ने डिपार्टमेंट ऑफ माइनिंग इंजीनियरिंग, इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) वर्तमान में आईआईटी (बीएचयू) से स्नातक है। अपने बैच के टॉपर होने के कारण उन्हें बीएचयू के गोल्ड मेडल के साथ–साथ एमजीएमआई से राबर्टन मेडल से नवाजा गया। तदनन्तर वर्ष 2013–15 के दौरान, उन्होंने आईआईएम, राँची से अधिकारियों (पीजीईएक्सपी) के लिए प्रबंधन में पोस्ट–ग्रेजुएट प्रोगाम की डिग्री भी ली।

सीएमपीडीआईएल में पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने ईस्टर्न जेट से सब एरिया मैनेजर के रूप में एसईसीएल के सोहागपुर, हसदेव और विश्रामपुर क्षेत्र, एजेंट और सीजीएम के रूप में ईसीएल के कुनुस्तोरिया, सतग्राम और सोदेपुर क्षेत्र तथा अंत में सीजीएम (पीएंडपी) के रूप में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय में कार्य किया। उन्हें विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में बड़ी खुली खदान और भूमिगत खदान के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। जब वे एसईसीएल में कार्यरत थे तब उन्होंने रूफ बोल्टिंग/स्टील सपोर्ट का प्रयोग कर मैनुअल भूमिगत खान को यंत्रीकृत खान में बदला। उन्होंने विभिन्न सेमिनारों/कार्यशाआलों में बहुत सारे तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए। वे 26 वर्षों से अधिक समय तक रेस्क्यू प्रशिक्षित सदस्य भी रहे तथा भूमिगत खानों में रेस्क्यू और रिकवरी आपरेशन में भी भाग लिया।

उन्होंने यू.के., जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड, यूएस, कनाडा एवं स्वीटजर लैंड आदि जैसे देशों का अनेकों बार भ्रमण किया है। वे एक एनसीसी प्रमाण पत्र धारक और अच्छे खिलाड़ी भी हैं। उन्हें कोल माइनिंग प्रोडक्शन में इनोवेटिव टेक्नीक और अनोखे विचार वाला जाना जाता है। उन्हें कारपोरेट लाइफ और मानव संसाधन के विकास में इसकी सर्वोतमता में विश्वास है। उनकी पसंद में कोल इंडिया इस तरह समाहित है कि स्थाई सदस्य के रुप में कोल इंडिया के निदेशक मंडल की बैठक में हमेशा उनकी उपस्थिति बनी रहती है।

वे 01.01.2016 से अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक है और दिनांक : 18.04.2019 से 02.08.2019 तक बीसीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहे हैं।

श्री बिनय दयाल (**डीआईएन 07367625**) कोल इण्डिया के निदेशक (तकनीकी) है। श्री दयाल 1983 में भारतीय खनि विद्यापीठ (आईएसएम), धनबाद से खनन इंजीनियरिंग में स्नातक है। उन्होंने डीजीएमएस, धनबाद से प्रथम श्रेणी में माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट ऑफ कंपीटेंसी भी प्राप्त किया है।

उन्होंने कोल इंडिया में कनीय अधिकारी (प्रशिक्षु) के रूप में ज्वाइन किया और उन्हें 1983 में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सेंट्रल सौदा कोलियरी, बरकाकाना क्षेत्र में पदस्थापित किया गया। सीएमपीडीआईएल (मुख्यालय) में तकनीकी सेवाओं तथा जनसंपर्क प्रमुख, क्षेत्रीय निदेशक, सीएमपीडीआईएल क्षेत्रीय संस्थान–5, बिलासपुर, साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स एंड प्लानिंग सर्विसेस) जैसे विभिन्न पदों पर कार्य किया। 01.12.2015 को उन्होंने निदेशक तकनीकी (इंजीनियरिंग सर्विसेज), सीएमपीडीआईएल का प्रभार ग्रहण किया। वे दिनांक : 01.12.2015 से 11.10.2015 तक सीएमपीडीआईएल के निदेशक (तकनीकी), (आयोजन एवं अभिकल्पन) रहे।

श्री दयाल को कारपोरेट प्लानिंग तथा पब्लिक रिलेशन्स एक्टिविटि में व्यापक अनुभव है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मेगा प्रोजेक्ट के प्लानिंग, अनुमोदन तथा कार्यान्वयन एवं कोरबा एवं मांद रायगढ़ कोयला क्षेत्र में विस्तृत गवेषण के लिए हाई–टेक ड्रिलों को लगाकर उत्पादकता में वृद्धि का श्रेय उन्हें ही जाता है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड के महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट एवं प्लानिंग सर्विसेज) के रूप में उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा किए जाने वाले 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन के कार्य का रोड मैप भी तैयार किया है।

उन्हें माँद रायगढ़, कोरबा कोयला क्षेत्र से कोयले के निकास (ढुलाई) के लिए रेल कॉरीडोर हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड छत्तीसगढ़ ईस्ट–वेस्ट रेलवे लिमिटेड (एसईसीएल, इरकान तथा छत्तीसगढ़ राज्य सरकार सहित) जैसे संयुक्त उद्यम वाली कंपनी के बोर्ड में एसईसीएल का प्रतिनिधित्व भी किया।

श्री दयाल ने वर्ष 2007 के दौरान आस्ट्रेलिया में आयोजित ''इंडिया–आस्ट्रेलिया ज्वाईट वर्किंग ग्रुप ऑन एनर्जी एंड मिनरल'' की 5वीं बैठक में भारतीय सदस्य के रूप में भाग लिया। उन्होंने सितम्बर, 2010 में एडवांस्ड मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के प्रतिभागी के रूप में चाइनीज कोल इंडस्ट्रीज का दौरा किया। वर्ष 2011 एवं 2012 में एबानडेंड कोलसीम के खान से ऊर्जा में बदलने तथा ग्रीन हाऊस जैसे रिकवरी पर ईयू रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए सीएमपीडीआईएल की ओर प्रशासनिक प्रमुख भी थे। उन्होंने इस्तांबुल, तुर्की में 2011 में आयोजित 22वीं वर्ल्ड माइनिंग कॉंग्रेस एंड एक्सपो 2011 में भाग लिया तथा तकनीकी आलेख भी प्रस्तुत किए। उन्होंने कोयला उद्योग से संबंधित अनेकों तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए। वे एमजीएमआई तथा कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) के आजीवन सदस्य हैं।

वे 09.11.2017 से सीएमपीडीआईएल के सरकारी अंशकालीन निदेशक नियुक्त किए गए।

सेंट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड

डा0 अनिंद्य सिन्हा (**डीआईएन 08069992**) खनन अभियांत्रिकी में स्नातक और कोयला खानों को मैनेज करने के लिए फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट ऑफ कंपीटेंसी धारक हैं और इन्होंने पोलैंड से डाक्टरेट की उपाधि हासिल की है तथा इन्हें भारत और विदेश में कोयला क्षेत्र में 33 (तैंतीस) वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है। उनके अनुभव में कोल इंडिया लिमिटेड के बीसीसीएल एवं एमसीएल के भुमिगत एवं खुली खदान खानों दोनों के संचालन तथा प्रबंधन का 10 वर्षों का अनुभव, अकादमिक अनुसंधान एवं विकास का तीन वर्षों का अनुभव, सीएमपीडीआईएल में माइन प्लानिंग एंड डिजाइन का 20 वर्षों का अनुभव, और कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के एनर्जी फ्यूअल कोल एंड लिग्नाइट के लिए डेवलपमेंट पालिसी प्लानिंग में 4 महीनों का अनुभव शामिल है।

डा0 सिन्हा वर्तमान में कोयला मंत्रालय भारत सरकार में परियोजना सलाहकार (संयुक्त सचिव स्तरीय पद) के रूप में प्रतिनियुक्त हैं। उनके अनुभव में कोयला खनन परियोजनाओं का विकास, निवेश निर्णय के लिए कोयला खनन परियोजनाओं का तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन, कोयला और लिग्नाइट के लिए पूंजीगत बजटिंग, गवेषण पर्यावरणिक प्रभाव मूल्यांकन का मूल्यनिर्धारण, मौस बदलाव से संबंधित मुद्दे, कोयला एवं लिग्नाइट के लिए परिप्रेख्य योजना का विकास, कोयला धुलाई, कोयला गैसीकरण, यूसीजी,सीटीएल सहित स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी का विकास, कोयला इवाक्यूएशन के लिए आधारभूत संरचना का विकास आदि शामिल है।

डा0 सिन्हा 1984 में खनन अभियंत्रण में स्नातक हैं और भारतीय खनिविद्यापीठ से 1986 में स्नातकोत्तर पूरा किए हैं। अपने बैच के टॉपर होने तथा आईएसएम में पुरस्कार/स्कोलरशिप प्राप्त करने के अलावे उन्हें एमजीएमआई के पिकरिंग मेडल तथा आईएसएम के गोल्ड मेडल से नवाजा गया। उसके बाद वर्ष 1993–96 के दौरान यूनिवर्सिटि ऑफ साईंस एंड टेक्नोलॉजी (एजीएच), क्रेकाव, पोलैंड में पोलिश सरकार के फेलोशिप (यूपीएससी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के जरिए चयनित) के तहत अपनी डॉक्टरल की पढ़ाई पूरी की। उनका रिसर्च भूमिगत कोयला खानों के खान संवातन और वायु की स्थिति पर था, इसी दौरान उन्होंने पोलैंड के कुछ सर्वोत्तम लौंगवाल खानों के बारे में पढ़ाई कर उन खानों का दौरा किया। उस अवधि के दौरान अनेक अनुसंधान पेपर के प्रकाशन के अलावे वे पोलिश एकेडमी ऑफ साईंस (पीएएन), पोलैंड के तत्वावधान के तहत माइन वेंटीलेशन साफ्टवेयर पैकेज के को–डेवलपर भी रहे। तदनन्तर वर्ष 2008 में उन्होंने एशियन इंस्टीचयूट ऑफ मैनेजमेंट (एआईएम), मनीला, फिलिपिन्स में प्रोजेक्ट प्लानिंग, डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट (पीपीडीएम) कोर्स में भाग लिया।

डा0 सिन्हा, ईआईए/ईएमपी की तैयारी के लिए क्यूसीआई–एनएबीईटी एक्रीडिटेड ईआईए को–आर्डिनेटर तथा खनन योजना/ खान बंदी योजना की तैयारी के लिए कोयला मंत्रालय के एक मान्यता प्राप्त योग्य व्यक्ति (आरक्यूपी) हैं। खनन क्षेत्र में उनके योगदान के लिए इंस्टीच्यूशन ऑफ इंजीनयर्स (इंडिया) ने वर्ष 2017 में खनन के क्षेत्र में ''एमीनेन्ट इंजीनियर अवार्ड'' प्रदान किया।

डा0 सिन्हा ने कोयले के विकास से संबंधित विभिन्न समितियों/वर्किंग ग्रुप का कोल इंडिया लिमिटेड एवं कोयला मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया। और व्यावसायिक कार्य से संबंधित कार्यों के लिए पोलंड, स्पेन सहित विभिनन देषों का दौरा किया है। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फोरम में कोयला क्षेत्र से संबंधित नीति और मुद्दों पर अनेकों तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया है। वे इंस्टीचयूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), माइनिंग, जियोलॉजिकल एंड मेटलर्जिकल इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया (एमजीएमआई) आदि के आजीवन सदस्य हैं।

डा0 सिन्हा 05.02.2018 से सीएमपीडीआईएल के सरकारी अंशकालीन निदेशक हैं।

श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्रा (डीआईएन 08256429) वर्ष 1985 में आईएसएम (अभी आईआईटी), धनबाद से खनन अभियांत्रिकी में बीटेक में स्नातक हैं और अपने बैच के अंतिम वर्ष में द्वितीय टॉपर रहे। उन्होंने डीजीएमएस, धनबाद से वर्ष 1989 में भारतीय खनि अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी में माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट ऑफ कंपीटेंसी प्राप्त किए। उन्होंने पंजाब टेक्नीकल यूनिवर्सिटी से 2012 में एमबीए किया। उन्होंने माइन्स रेस्क्यू और रिकवरी ऑपरेशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे एमजीएमआई के सदस्य और इंस्टीट्शन ऑफ इंजीनियर्स के फेलो हैं।

उन्होंने एसईसीएल के सोहागपुर क्षेत्र के अमलई कालियरी में वर्ष 1985 में कोल इंडिया में योगदान दिया और 1993 तक अमलई कोलियरी में मैनेजर एवं सुरक्षा अधिकारी के तहत जुनियर एक्जीक्यूटिव ट्रेनी (जेट) से विभिनन पदों पर योगदान दिया। वे मार्च 2000 तक न्यू अमलई यूजी माइन के साथ–साथ अमलई ओसीपी, बरहार संख्या–1 यूजी खान के माइन मैनेजर के रूप में कार्य किया। जोहिला क्षेत्र में उनके स्थानान्तरण के पश्चात् उन्होंने नवम्बर, 2002 तक यंत्रीकृत पिनौरा यूजी माइन के मैनेजर के रूप में 0.90 लाख टी/प्रतिवर्ष से 2.50 लाख टी/प्रतिवर्ष पिमौरा यूजी खान के प्रबंधक के रूप में उत्पादन में 2.60 लाख टी/प्रतिवर्ष से 3.10 लाख/टी/प्रतिवर्ष की वृद्धि हुई।

नवम्बर, 2002 में एमसीएल में उनके स्थानांन्तरण के बाद उन्होंने बेलपहाड़ ओसीपी, बसुंधरा ओसीपी, हिंगुला ओसीपी के प्रोजेक्ट आफिसर रहे, इसके अतिरिक्त जून, 2010 तक भरतपुर क्षेत्र के एडिशनल महाप्रबंधक रहे। उनके योग्य प्रबंधकीय और लीडरशिप गुणों के कारण उत्पादन में निरंतर वृद्धि होती रही और सभी परियोजनाओं में प्रेषण भी होता रहा और इसी प्रकार बेलपहाड़ और वसुंधरा ओसीपी में दुगुना से भी अधिक वृद्धि हुई।

जून, 2010 में सीसीएल में उनके स्थानान्तरण के बाद उन्होंने जुलाई, 2012 तक अशोका ओसीपी के परियोजना अधिकारी के रूप में कार्य किए, तथा 2010–11 के दौरान 8.00 मीलियन टन कोयला की उपलब्धि रही जो अशोका ओसीपी के इतिहास में सर्वाधिक थी।

उन्होंने जुलाई, 2012 से सितम्बर, 2014 से कथारा एरिया (सीसीएल) के महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया और उनके कार्यवधि में बदला और 1.92 मी.ट.प्र.व. से बढ़कर 3.00 मी.ट.प्र.वर्ष हुआ जो कि कथारा एरिया के इतिहास में सबसे अधिक उत्पादन था। उन्होंने अक्टूबर, 2014 से अप्रैल, 2018 तक नार्थ कर्णपुरा क्षेत्र के महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य किया और उनके कार्यवधि के दौरान क्षेत्र में उत्पादन 3.89 मी.ट.प्र.वर्ष से बढ़कर 7.03 मी.ट.प्र.वर्ष हुआ जो एन.के.एरिया के इतिहास में उच्चतम उत्पादन था। चुरी भूमिगत खान में हायरिंग आधार पर मास प्रोडक्शन टेक्नॉलॉजी (कंटीन्यूअस माइनर) को लागू किया गया। उन्होंने 27.4.2018 से 10.10.2018 से पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया। उनके पास क्षेत्र क्रिया–कलापों, तकनीकी कार्य, सुरक्षा, मैनपावर मैनेजमेंट, वित्त, पर्यावरण, गुणवत्ता प्रबंधन, भू–अर्जन, पुनर्वास एवं सेटलमेंट आदि से सहित उत्पादन, मार्केटिंग एवं सेल्स, वाशरी, प्लानिंग, प्रबंधन एवं खानों के संचालन का गहरा ज्ञान और अनुभव है। उन्होंने गाँवों और बेलपहाड़ ओसीपी, बसुंधरा ओसीपी, हिंगुला ओसीपी, अशोका ओसीपी (थेना एवं बिजैन गाँव) के घरों और एन.के.एरिया (जेहली टाँड़, कुटकी, हेंजदा और देम्बुआ गाँवों) को शिफ्ट कराया।

उन्होंने माननीय भारत के राष्ट्रपति के हाथों से 2013 में कथारा एरिया के स्वांग एवं गोविंदपुर भूमिगत के लिए नेशनल सेफ्टी अर्वाड प्राप्त किया। उन्हें 1 नवम्बर, 2017 (कोल इंडिया स्थापना दिवस) पर सचिव (कोयला) द्वारा सर्वोत्तम एरिया महाप्रबंधक से नवाजा गया। उन्होंने सामाजिक गतिविधि, सांस्कृतिक एवं स्पोर्ट्स गतिविधि, ग्राम कल्याण कार्यक्रम आदि में सक्रिय रूप से भाग लिया।

उन्होंने 2006 में टोक्यो (जापान) में ''क्लीन कोल टेक्नॉलॉजी ट्रांसफर प्रोजेक्ट'' पर 3 सप्ताह के

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और लास वेगास में माइन एक्सपो– 2012 में भी भाग लिया तथा पियूरिया (शिकागो) में कैटर पिलर के मेन्युफैक्चरिंग फैसिलिटिज का दौरा किया और सितम्बर, 2012 में यू.एस.ए. के गोमिंग स्टेट में जिलेट में ओपेन कास्ट कोल माइन (ब्लैक थंडर) का भी दौरा किया। मई, 2014 में ओंवरसीज मॉड्यूल के साथ–साथ डोमेस्टिक मॉड्ल को शामिल करते हुए आईआईएम, कोलकाता द्वारा आयोजित एडवांस मैनेजमेंअ प्रोग्राम में हिस्सा लिया। तथा तद्नुसार स्वीडेन में ''स्टॉकहोम स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स'' तथा जर्मनी में '' फ्रैंकुर्ट स्कूल ऑफ फाइनांस एंड मैनेजमेंट''में भाग लिया।

उन्होंने 11.10.2018 से सीएमपीडीआईएल में निदेशक (टेक्नीकल/प्लानिंग एंड डिजाइन) के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने नवम्बर, 2018 में ब्रिसबेन (आस्ट्रेलिया) का दौरा किया तथा टेक्नीकल को–ऑपरेशन इन माइनिंग, जियोलॉजी और सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए 10 वर्षों की अवधि हेतु सीएमपीडीआईएल की ओर से सिसरो (सीएसआईआरओ) के साथ एक एमओयू किया। उन्हें 21.02.2019 से 7.5.2019 तक निदेशक (तकनीकी) बीसीसीएल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वे दिनांक : 24.06.2019 से 29.04.2020 तक एमसीएल के निदेशक (तकनीकी) के अतिरिक्त प्रभार में रहे।

दिनांक : 11.10.2018 से उनकी नियुक्ति सीएमपीडीआईएल के निदेशक (तकनीकी) (अभियंत्रण सेवाएँ) में की गई।

श्री रवीन्द्र नाथ झा (डीआईएन 05195902) भारतीय खनि विद्यापीठ, धनबाद से 1985 में खनन अभियांत्रिकी से स्नातक हैं। इन्होंने 1990 में डीजीएमएस से प्रथम श्रेणी माइन मैनेजर कम्पीटेंसी सर्टिफिकेट (कोल) प्राप्त किया है। ये एक प्रमुख क्वालिटि सिस्टम ऑडिटर भी हैं। और एक्सपोर्ट एंड इम्पोर्ट मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा धारक हैं।

इन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत भारत के सबसे गहरे कोयला खान, ईसीएल के चिनाकुरी के पिट–1 एवं 2 से की है। इन्होंने स्टोविंग माइन सहित लौंगवाल में भी कार्य किया है। ईसीएल में 7 वर्षों तक अपनी सेवा देने के बाद वे 1992 में सीएमपीडीआई में पदभार ग्रहण किया। इन्होंने सीएमपीडीआई और इसके विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों के परियोजना मॉनीटरिंग/एप्रेजल डिविजन, खुली खदान खनन, भूमिगत खनन और पर्यावरण विभागों में कार्य किया है।

इन्होंने जनवरी, 2012 में निदेशक (तकनीकी) के रूप मिनरल एक्सप्लोरेशन कारपोरेशन लिमिटेड में योगदान दिया।

- एमईसीएल को उनकी कार्य अवधि में मिनीरत्न (श्रेणी–II) कंपनी का दर्जा प्राप्त हुआ।
- एमईसीएल 25 वर्षों के अंतराल के बाद 2014 में भारत सरकार को डिविडेंट (लाभांश) देना शुरू किया।
- एमईसीएल ने वर्ष 2012 में डीआरडीओ के लिए चुमाथन (लेह के निकट) में एक भू–तापीय परियोजना सफलतापूर्वक पूरा किया है।
- इनके कार्यअवधि में वेधन वर्ष 2012 में 2.96 लाख मीटर से बढ़कर वर्ष 2018 में 6.32 लाख मीटर हो गया और पीएटी (PAT) रू.10 करोड़ से पढ़कर रू. 95 करोड़ हो गया।
- एमईसीएल मार्च, 2018 में तीसरा वेतन समझोता करने वाली पहली पीएसयू है।
- एमईसीएल ने माननीय कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयला और पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा फरवरी, 2018 में मिनी रत्न पीएसयू के बीच सर्वोत्तम वित्तीय कार्य निष्पादन के लिए हिन्दुस्तान टाइम्स द्वारा ''हिन्दुस्तान रत्न'' का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- इन्होंने फरवरी, 2018 में, मुंबई में आयोजित वर्ल्ड एचआर कांग्रेस द्वारा एचआर ओरिएंटेशन सहित सीईओ का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

ये मिनरल एक्सप्लोरेशन और डेवलपमेंट माइनिंग से संबंधित विभिन्न समितियों में एमईसीएल और

खान मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया। ये कनाडा, दुबई, पेरू आदि देशों का दौरा किया और मिनरल एक्सप्लोरेशन और माइनिंग से संबंधित अनेकों तकनीकी आलेख प्रस्तुत किए।

सीएमपीडीआई में निदेशक (तकनीकी/रिसर्च, डेवलपमेंट एंड टेक्नोलॉजी) के रूप में 30.01.2019 को उनकी नियुक्ति हुई।

श्री अनिल कुमार राणा, (डीआईएन 08531295) वर्ष इन्होंने आईटी. बीएचयू से 1985 में स्नातक किया और ये भारतीय खान अधिनियम के तहत फर्स्ट क्लास सर्टिफिकेट ऑफ कम्पीटेंसी धारक है। इन्होंने ला एंड डिप्लोमा इन बिजनेस फाइनेंस में डिग्री प्राप्त की है।

इन्होंने 1985 में सीएमपीडीआईएल ज्वाईन किया। अपने कैरियर के आरंभिक वर्षों में डब्ल्यूसीएल के दुर्गापुर रायतवारी खान और बीसीसीएल के सुदामडीह इनक्लाइन माइन में कार्य किया। वे निम्नलिखित कार्यों में शामिल रहे हैं :

- अन्य संगठनों के साथ–साथ कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों के लिए खनन योजना (माइनिंग प्लान) तथा परियोजना रिपोर्ट की तैयारी
- भूमिगत धात्विक खानों के लिए परामर्श सेवा
- एमडीओ के जरिए खुली खानों तथा भूमिगत खानों के लिए बोली प्रक्रिया दस्तावेज (बीड प्रोसेस डॉक्यूमेंट) की तैयारी
- ''काल इंडिया लिमिटेड के भूमिगत खानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्य योजना, ''कोल विजन 2025'', और ''कोयला ब्लॉकों की स्थिति पर रिपोर्ट'' जैसे नीति संबंधित रिपोर्ट को बनाना।
- इन्होंने कोयला ब्लॉक निलामी (कॉक्शन) के लिए एमओसी/नामिनेटेड अर्थारिटि को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे सीआईएल आरएंडडी 3 परियोजनओं के लिए प्रोजेक्ट को–ऑर्डिनेटर भी रहे हैं।
- उन्होंने यूएसए, पिपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, रिपब्लिक ऑफ साउथ अफ्रीका के भुमिगत और खुली खदान खानों का दौरा किया। विभिन्न टेक्नोलॉजी मिशन के संदर्भ में स्वीट्जरलैंड, पोलैंड और आस्ट्रेलिया का भी दौरान किया।

निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण करने के पहले ये महाप्रबंधक (सीबीएम) के पद पर कार्यरत थे। जहाँ इन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड के सीबीएम ब्लॉक को चालू करने की प्रक्रिया की शुरूआत करने का श्रेय जाता है।

कोल इंडिया स्थापना दिवस पुरस्कार, 2018 के अवसर पर कोल इंडिया द्वारा इसे सर्वोत्तम महाप्रबंधक के पुरस्कार से नवाजा गया।

इन्हें 1.8.2019 से सीएमपीडीआईएल निदेशक मंडल में निदेशक (तकनीकी) (आयोजना एवं डिजाइन) के पद पर नियुक्त किया गया।

श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता (डीआईएन- 08714820) ने वर्ष 1984 में रायपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर से खनन अभियंत्रण में डिग्री प्राप्त की। इन्होंने 1989 में फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर्स सर्टिफिकेट ऑफ कंपिटेंसी उत्तीर्ण की है। इन्होंने मार्केटिंग मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की। उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत वर्ष 1984 में डब्ल्यूसीएल से कोयला उद्योग में की। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड के सबसिडियरी कंपनियों मुख्यतः डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल और एनसीएल में विभिन्न क्षमता वाले भूमिगत और खुली खदान खनन में कार्य किया है। उनका खुली खदान खानों में 16 वर्षों तथा भूमिगत खानों में 18 वर्षों का व्यापक खनन अनुभव से कोयला खनन उद्योग के साथ–साथ सीएमपीडीआई को व्यापक लाभ मिलेगा।

उन्होंने उच्च प्रबंधन पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए इन्होंने वर्ष 2014 में स्वीटजरलैंड तथा फ्रांस का दौरा किया। श्री सतेन्द्र कुमार गोमास्ता ने दिनांक : 25.2.2020 को सीएमपीडीआईएल के निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण किए। इसके पहले ये नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली में महाप्रबंधक (खनन) के पद पर कार्यरत थे।

दिनांक : 25.2.2020 से सीएमपीडीआईएल के निदेशक मंडल में निदेशक (तकनीकी) (कोयला संसाधन विकास) के पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डेय (डीआईएन 06706962) रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से 1990 में स्नातकोत्तर (एमए) की उपाधि हासिल की तथा 1996 में आगरा विश्वविद्यालय से1996 में पीएचडी की। इन्होंने आगरा विश्वविद्यालय, आगरा, दिल्ली प्रशासन तथा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल में शिक्षण का कार्य किया।

ये वर्ष 2015 से 2017 तक पंचनंद रिसर्च इंस्टीच्यूट एंड एडिटिंग पंचनंद रिसर्च मैगजीन में, वर्ष 2016 से 2018 तक मासिक समाचार पत्रिका माखनलाल चवतुर्वेदी नेशनला जर्नलिज्म एंड कम्यूनिकेशन यूनिवर्सिटी भोपाल के एडिटर–इन–चीफ रहे। वर्ष 2007 से 2019 तक इंडियन हेरिटेज मैगजीन में नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ संस्कृत (भारत सरकार) में ट्रेनिंग कैम्प के को–आर्डिनेटर भी रहे।

इन्होंने वर्ष 1996 से 2007 तक नेशनल कंजक्शन ऑफ भारत संस्कृत परिषद् के प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया तथा वर्ष 2015–2017 तक इन्द्रप्रस्थ साहित्य भारती, दिल्ली में महासचिव के रूप में सेवा दी।

इन्होंने ऑल इंडिया विद्या परिषद् एंड विज्ञान भारती के विभिन्न विषयों तथा रचनाओं पर लगभग 200 आलेख लिखा तथा 7 पुस्तकों का प्रकाशन किया।

वर्ष 1988 में दिल्ली सरकार द्वारा उन्हें संस्कृत समरादक सम्मान से नवाजा गया। इन्हें 2005 में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार तथा 2015 में समाज रत्न पुरस्कार दिया गया। इन्हें 2015 में अटल साहित्य पुरस्कार दिया गया। वर्तमान में वे प्रसार भारती में पब्लिक प्रॉपर्टी कंजरवेशन डिपार्टमेंट में एडवाइजर (सलाहकार) हैं।

वे पूरे भारत में विभिन्न प्रकार की भाषाओं एवं बोलियों के पारंपरिक रूप से प्रचलित लोक संगीत का संरक्षण कर रहे हैं। उन्होंने लोक साहित्य तथा भारतीय शिक्षा पद्धति (प्रणाली) पर लिखते रहे हैं।

इन्हें 10.07.2019 से सीएमपीडीआईएल के निदेशक–मंडल में गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक नियुक्त किया गया है।

श्रीमती अलका पण्डा (डीआईएन 08524514) 1983 बैच के उड़िसा कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने राजस्थान, जयपुर विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। अपनी सेवा–काल में उड़ीसा सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग तथा जनजाति कल्याण विभाग में सचिव का पद सम्हाला। भारत सरकार में 2010 में प्रतिनियुक्ति के पहले ये उड़ीसा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी थीं। सचिव, भारत सरकार के समतुल्य रैंक में डायरेक्टर जेनरल ऑफ ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंर्डड, नई दिल्ली के रूप में जुलाई, 2017 में सेवा–निवृत हुईं।

सीएमपीडीआईएल बोड में गैर अंशकालीक सरकारी निदेशक के रूप में दिनांक 10.07.2019 को हुई।

श्री प्रमोद सिंह चौहान (डीआईएन 01308337) स्नातक उत्तीर्ण हैं तथा पेशे (व्यवसाय) से ये चार्टर्ड अकाउन्टेंट हैं।वे वर्ष 2014–15 में दि इन्स्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट ऑफ इंडिया के सीआईआरसी के आगरा शाखा में सीआईसीएसए अध्यक्ष का पद सुशोभित कर चुके हैं। इन्होंने वर्ष 2015–16 में दि इन्स्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट ऑफ इंडिया के सीआईआरसी के आगरा शाखा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ये आगरा के प्रमुख प्रैक्टिशनर हैं और इनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र अंकेक्षण, लेखा, आयकर एवं सीएसआर हैं। इन्होंने प्रिंस कारपोरेट सर्विस प्रा0 लि0 में निदेशक पद पर अपनी सेवाएँ दी हैं। वर्तमान में ये अष्ट विनायक रीयलटर्स प्रा0 लि0 के निदेशक हैं। ये एक प्रेरक वक्ता हैं और मोटिवेशनल स्पीकर हैं एवं इनका लेख कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होता आ रहा है। ये

सिविल इन्क्लेव एयर पोर्ट ऑथरिटी, आगरा के सलाहकार समिति के सदस्य हैं।

ये डा0 भीमराव अंबेदकर विश्वविद्यालय, आगरा के ''इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट'' की योजना एवं सलाहकार समिति के सदस्य हैं।

दिनांक 16.10.2019 सीएमपीडीआईएल के निदेशक–मंडल में गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक के पद पर इनकी नियुक्ति हुई।

श्री अजितेश कुमार :यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग सर्विस एक्जमिनेशन 2005 के जरिए चयनित सेंट्रल पावर इंजीनियरिंग (ग्रुप–ए) सेवा के 2006 बैच से हैं। उन्होंने अपने बी–टेक (इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग) की डिग्री गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर (उत्तराखंड) से ली।

उन्होंने 2008 में सेंट्रल इलेक्ट्रीसिटी आथरिटी, नई दिल्ली में ज्वाइन किया और 2016 तक हाइड्रोइलेक्ट्रीक प्रोजेक्ट के विस्तृत परियोजना रिपोर्टों का मूल्यांकन भी किया। वर्ष 2016 में उनकी नियुक्ति हिंडस–ऑन–एक्सपोजर टू वापर प्लांट आपरेशन के लिए टेहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (टीएचडीसीएल) के लिए हुई और टिहरी हाइड्रो इलेक्ट्रीक प्रोजेक्ट, उत्तराखंड के पावर हाउस में पदस्थापित रहे।

वर्ष 2017 में सीईए से लौटने के पश्चात् उनकी पदस्थापना पावर सिस्टम प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग डिवीजन में हुई जहाँ उन्हें वे राष्ट्रीय महत्व के टेरिफ आधारित बिडिंग स्कीम और अन्य ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट के तहत ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट से संबंधित मामले देखने का कार्य दिया गया।

वर्तमान में वे कोयला मंत्रालय में डिपुटी सेक्रेटरी के रूप में भारत सरकार के सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के तहत प्रतिनियुक्ति पर सेवाएँ दे रहे हैं और माइन एंड मिनरल (डेवलपमेंट और रेगुलेशन) अधिनियम 1957 के तहत कोल/लिग्नाइट ब्लॉकों के आवंटन से संबंधित मामले के लिए उत्तरदायी हैं।

दिनांक : 13.01.2020 से सीएमपीडीआईएल बोर्ड के स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति की गई है।

1.9 सेक्शन 149 के उप-धारा (6) के तहत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा किए गए घोषणा पर विवरण

डा. कृष्ण चंद्र पांडेय, श्रीमती अलका पांडा और श्री प्रमोद सिंह चौहान कंपनी के स्वतंत्र निदेशक है। सभी स्वतंत्र निदेशक अपनी डयूटि करते हैं और घोषणा करते हैं कि वे वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी अधिनियम के सेक्शन, 149 की धारा 149 की उपधारा (6) के अनुसार वे स्वतंत्र निदेशक के मापदंड को पूरा करने की घोषणा उपधारा में उपलब्ध कराए गए नियमों के अनुसार वे स्वतंत्र निदेशक के मापदंड को पूरा करते हैं।

1.10 क) अंकेक्षण समिति :

अंकेक्षण समिति का मुख्य कार्य वित्तीय रिपोर्ट, वित्त से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की कंपनी की प्रणाली, लेखा तथा कंपनी का अंकेक्षक लेखा एवं वित्तीय रिपोर्टिंग प्रोसेस का पुनरीक्षण करते हुए इसकी ओवर साइट उत्तरदायित्व पूरा करने में निदेशक मंडल को सहायता प्रदान करना है।

अंकेक्षण समिति अतिरिक्त अंकेक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा करती है, सांविधिक अंकेक्षकों से मिलती है तथा उनकी उपलब्धियों, सुझावों और अन्य संबंधित विषयों पर विचार विमर्श करती है एवं कंपनी द्वारा अपनाई गई मुख्य लेखा नीतियों की समीक्षा करती है।

ख) विचारार्थ विषय :

अंकेक्षण समिति की विचारार्थ विषय कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 के अनुसार है तथा भारी उद्योग मंत्रालय तथा पब्लिक इंटरप्राइजेज विभाग द्वारा जारी किये गए सीपीएसईएस के कॉरपोरेट–गवर्नेंस पर आधारित दिशा–निर्देश के अनुसार है।

अंकेक्षण समिति का विचारार्थ विषय अन्य बातों के साथ–साथ संगठन के सभी व्यावसायिक

पहलूओं को कवर करेगा।

1. बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के पहले वितीय विवरणों की समीक्षा करना।
2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का नियतकालिक पुनरीक्षण।
3. शासकीय अंकेक्षण तथा सांविधिक अंकेक्षण की रिपोर्ट का पुनरीक्षण।
4. मानक पारामीटरों के साथ–साथ संचालनीय कार्य निष्पादन का पुनरीक्षण।
5. परियोजनाओं तथा अन्य पूँजीगत योजनाओं का पुनरीक्षण।
6. आंतरिक अंकेक्षण उपलब्धि/अवलोकन का पुनरीक्षण।
7. आनुपातिक तथा प्रभावी आंतरिक अंकेक्षण कार्य का विकास।
8. बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट किए गए मुद्दों सहित किसी भी विषय का विशेष अध्ययन/जाँच।

ग) अंकेक्षक समिति का कार्य क्षेत्र :

अंकेक्षण समिति का कार्य क्षेत्र/भूमिका इस प्रकार है :

1. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया को देखना तथा वित्तीय संरचनाओं का प्रकटीकरण, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त तथा विश्वसनीय है।
2. ऑडिट फीस को निर्धारित करने के लिए बोर्ड को अनुशंसा करना।
3. सांविधिक अँकेक्षकों द्वारा प्रस्तुत किये गए अन्य सेवाओं के लिए अंकेक्षक, सांविधिक अंकेक्षकों के भुगतान का अनुमोदन करना है।
4. विशेष संदर्भ के साथ अनुमोदन हेतु बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले वार्षिक वित्तीय विवरणों का प्रबंधन के साथ पुनरीक्षण करना।
   क) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3) और 134(5) के संदर्भ में शामिल किए जाने वाला डायरेक्टर्स रिस्पांसबिलिटी स्टेटमेंट में शामिल होने वाले अपेक्षित मामले।
   ख) लेखा नीतियों तथा प्रैक्टिसेस में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसका कारण।
   ग) प्रबंधन द्वारा निर्णय पर आधारित आकलन से जुड़े मुख्य लेखा प्रविष्टि (इन्ट्री)।
   घ) अंकेक्षण निष्कर्ष से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन।
   ड़) वित्तीय विवरणों से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं (प्रयोज्य नियम, अधिनियम तथा कंपनी नीतियाँ) का अनुपालन।
   च.) किसी भी संबंधित पार्टी मामलों का प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर) तथा
   छ) मसौदा अंकेक्षण रिपोर्ट में योग्यता।
5. अनुमोदन हेतु बोर्ड में प्रस्तुत करने से पहले तिमाही वित्तीय विवरणों का प्रबंधन के साथ समीक्षा करना।
6. आंतरिक अंकेक्षकों का कार्य निष्पादन तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की उपयुक्तता का प्रबंधन के साथ समीक्षा करना।
7. आंतरिक अंकेक्षण विभाग, ऑफिशियल होल्डिंग डिपार्टमेंट का स्टाफिंग तथा वरीयता रिपोर्टिंग संरचना कवरेज एवं आंतरिक अंकेक्षण की आवृति सहित, यदि कोई हो तो आंतरिक अंकेक्षण कार्य की उपयुक्तता की समीक्षा करना।
8. कोई महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा उससे संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई हो तो आंतरिक अंकेक्षण तथा/अथवा अंकेक्षक के साथ विचार विमर्श करना।
9. ऐसे मामले जहाँ संदिग्ध, धोखाघड़ी अथवा अनियमितता अथवा आर्थिक प्रकृति के (मेटिरियल नेचर) के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की असफलता है तथा बोर्ड को रिपोर्टिंग करने के मामले में आंतरिक अंकेक्षकों/अंकेक्षकों एजेंसियों द्वारा किसी भी आंतरिक जांच की उपलब्धियों की समीक्षा करना।
10. अंकेक्षण की प्रकृति तथा कार्यक्षेत्र के बारे में तथा इससे संबंधित किसी भी

क्षेत्र का पता लगाने के लिए पोस्ट ऑडिट विचार–विमर्श, ऑडिट कामनसेंस के पहले सांविधिक अंकेक्षण के साथ विचार–विमर्श करना।

11. व्हिसिल ब्लोअर मैकेनिज्म की क्रियाशीलता की समीक्षा करना।
12. सीएंडएजी ऑडिट के अंकेक्षण अवलोकन पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।
13. स्वतंत्र अंकेक्षक, आंतरिक अंकेक्षक तथा बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स के बीच सम्पर्क हेतु खुला मंच उपलब्ध कराना।
14. कंपनी के सभी संबंधित पार्टी मामलों की समीक्षा करना तथा अनुमोदित करना। इस उद्देश्य के लिए अंकेक्षण समिति एक सदस्य को नामित कर सकता है, जो इन्स्टीच्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंड आफ इंडिया द्वारा जारी एकाउटिंग स्टैंडर्ड 18 में वर्णित पार्टी ट्रांजेक्शन से संबंधित पुनरीक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।
15. कवरेज, अनावश्यक प्रयास में कमी तथा सभी आडिट संसाधनों के प्रभावी इस्तेमाल की संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु ऑडिट प्रयासों के स्वतंत्र ऑडिटर समन्वयन के साथ पुनरीक्षण करना।
16. कम्प्यूटरीकृत सूचना प्रणाली नियंत्रण तथा सुरक्षा एवं संबंधित उपलब्धियों तथा स्वतंत्र अंकेक्षकों की अनुशंसाएँ तथा प्रबंधन प्रत्युत्तर के साथ अपेक्षित सूचना प्राप्त करने के लिए अथवा गतिविधियों के कार्यक्षेत्र पर किसी भी प्रतिबंध सहित अंकेक्षण के दौरान सामना की गई कठिनाइयों, महत्वपूर्ण उपलब्धियां एवं आंतरिक अंकेक्षक सहित इसका दायित्व प्रबंधन पर भी है।
17. अपेक्षित सूचना की अधिकता या क्रिया–कलापों की संभावना पर किसी प्रतिबंध सहित अंकेक्षण कार्य के दौरान पायी गई किसी कठिनाइयों तथा पूर्व के अंकेक्षण की अनुशंसाओं की स्थिति सहित विवेच्य वर्ष के दौरान महत्वपूर्व निष्कर्षों के लिए प्रबंधन, आंतरिक अंकेक्षण तथा स्वतंत्र अंकेक्षक के साथ विचार–विमर्श करना तथा समीक्षा करना।
18. डिपोजिटर्स, डिवेंचर धारकों, शेयर होल्डरों (घोषित लाभांश के नन पेमेंट के मामले में) को भुगतान में पर्याप्त त्रुटि के कारणों का पता लगाना।
19. पब्लिक अंडरटेकिंग्स ऑफ द पार्लियामेंट (कोपू) पर गठित कमेटी की अनुशंसाओं पर की गई कार्रवाई का अनुसरण कर समीक्षा करना।
20. अंकेक्षण कमेटी के विचाराधीन विषयों में उल्लिखित किसी अन्य कार्य को सम्पादित करना ।

घ) अंकेक्षक समिति की शक्तियाँ :

अंकेक्षक समिति की शक्तियाँ निम्नलिखित के अनुरूप होगी :

1. विचारार्थ विषय के अंतर्गत किसी भी गतिविधियों की जाँच करना।
2. किसी भी कर्मी से सूचना माँगना।
3. बाह्य कानूनी तथा व्यावसायिक सलाह प्राप्त करना।
4. यदि विचार करना आवश्यक हो तो संबंधित विशेषज्ञता के साथ बाहरी व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करना।
5. व्हिसिल ब्लोअर्स की रक्षा करना।
6. अंकेक्षकों की स्वतन्त्रता पर बल देते हुए हितों के टकराव को रोकना।
7. आंतरिक नियंत्रण तथा जोखिम प्रबंधन की प्रभावकारिता सुनिश्चित करना।

ड.) अंकेक्षण समिति द्वारा सूचना की समीक्षा :

अंकेक्षण समिति निम्नलिखित सूचनाओं की समीक्षा करेगी :

1. वित्तीय स्थिति तथा कार्य के परिणामों पर प्रबंधन के साथ मिलकर विचार–विमर्श तथा विश्लेषण।
2. प्रबंधन द्वारा सुपुर्द पार्टी लेनदेन से संबंधित विवरण।
3. सांविधिक अंकेक्षकों द्वारा जारी कमियों पर आंतरिक नियंत्रण का पत्र/प्रबंधन का पत्र।

4. इंटरनल कंट्रोल विकनेसेज से संबंधित आंतरिक अंकेक्षण रिपोर्ट।
5. मुख्य आंतरिक अंकेक्षकों की नियुक्ति तथा पदच्युति को अंकेक्षण समिति के समक्ष रखना तथा,
6. मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरण का प्रमाणन/घोषणा।

1.11 गठनः

अंकेक्षण समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं तथा इसकी अध्यक्षता गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) द्वारा की जाती है :

क्र.सं.	निदेशक के नाम	स्थिति	
1.	श्रीमती अलका पांडा	अध्यक्ष– (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
2.	श्री बिनय दयाल	सदस्य– (09.11.2017 से)	सरकारी अंशकालिक निदेशक
3.	डा. अनिंद्या सिन्हा	सदस्य– (09.03.2018 से)	सरकारी अंशकालिक निदेशक
4.	डा. कृष्ण चन्द्र पांडेय	सदस्य– (10.07.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
5.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य– (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
6.	श्री के.के. मिश्रा	सदस्य– (29.05.2019 से)	कार्यकारी निदेशक

विभागाध्यक्ष (आईएडी) और सांविधिक अंकेक्षक को आडिट कमिटि की बैठक में आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव इस समिति के सचिव होते हैं। समिति को आवश्यक स्पष्टीकरण देने के लिए, जब और जहाँ जरूरत हो, वरीय कार्यकारी अधिकारी को भी बुलाया जाता है। आंतरिक अंकेक्षण विभाग आडिट कमिटि की बैठक को आयोजित और संपन्न करने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध करता है।

क) बैठक एवं उपस्थिति :

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान क्रमशः दिनांक : 21.5.2019, 29.05.2019, 28.06.2019, 29.07.2019, 18.06.2019, 29.10.2019, 27.01.2020 और 17.03.2020 के दौरान कुल आठ बैठकें आयोजित की गई। सदस्यों द्वारा भाग लिए गए अंकेक्षण समिति की बैठक का विस्तृत विवरण इस प्रकार से है :

क्र.सं.	निदेशक के नाम	उनके कार्यावधि के दौरान आयोजित अंकेक्षण समिति की बैठकों की संख्या	अंकेक्षक समिति की बैठक में उपस्थिति की संख्या
कार्यकारी निदेशक			
1.	श्री बी.एन. शुक्ला	2	2
2.	श्री के.के. मिश्रा	6	6
अंशकालिक सरकारी सदस्य			
3.	श्री विनय दयाल	8	7
4.	डा. अनिंद्य सिन्हा	8	7
अंशकालिक गैर-सरकारी सदस्य			
5.	श्री राजेन्दर प्रसाद	6	6
6.	डा. देबाशीष गुप्ता	6	6
7.	श्रीमती अलका पांडा	4	3
8.	डा. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	4	4
9.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	2	2

1.12 नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

निगमित शासन के सर्वोत्तम कार्य करने तथा कारपोरेट गवर्नेस के गाइड लाइन को पूरा करने एवं स्टॉक एक्सचेंज के साथ कोल इंडिया लिमिटेड करार की लिस्टिंग करवाने के लिए दिनांकः 30.12.2015 को आयोजित बोर्ड की 191वीं बैठक में सीएमपीडीआईएल के नामांकन एवं पारिश्रमिक कमिटि का गठन किया गया।

क) गठन

दिनांक : 9.11.2019 को आयोजित 229वीं बोर्ड की बैठक में सीएमपीडीआईएल के नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया, जिसमें निम्नलखित सदस्य शामिल होते हैं और इसकी अध्यक्षता गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) द्वारा की जाती हैः

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	
1.	श्रीमती अलका पांडा	अध्यक्ष (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
2.	डा. कृष्ण चन्द्र पांडेय	सदस्य (10.07.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
3.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
4.	डा. अनिंद्य सिन्हा	सदस्य (12.5.2018 से)	सरकारी अंशकालिक निदेशक
5.	श्री के.के. मिश्रा	सदस्य (17.11.2019 से)	कार्यकारी निदेशक

कंपनी सचिव इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे तथा महाप्रबंधक (पीएंडए) कमिटि को सभी सेवाएँ प्रदान करने के लिए नोडल अधिकारी होंगे।

ख) बैठक एवं उपस्थिति

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान कोई बैठक नहीं हुई।

1.13 सीएसआर कमिटीः

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सस्टेनेबिलिटि कंपनी की अपने स्टेक होल्डरों के लिए वचनबद्धता है, जिसमें कंपनी आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणिक रूप से सस्टेनेबल तरीके से व्यापार सम्पन्न करने से संबंधित है, जो पारदर्शी तथा नीतिपरक हो। स्टेक होल्डरों में कर्मचारी, निदेशक, शेयर होल्डर, ग्राहक, बिजनेस पार्टनर, सिविल सोसायटी ग्रुप, सरकार तथा गैर–सरकारी संगठन, स्थानीय समुदाय, पर्यावरण एवं बड़े पैमाने पर समाज शामिल है।

प्रत्येक सीपीएसईएस में बोर्ड स्तर की एक समिति होती है, जिसकी अध्यक्षता या तो अध्यक्ष तथा/अथवा प्रबंध निदेशक अथवा एक स्वतंत्र निदेशक करते हैं और ये 1.4.2013 के तत्काल प्रभाव से डीपीई द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार इच्छित दिशा में कंपनी–बोर्ड के इस एजेंडा को लागू करने और नीति तथा रणनीति बनाने के लिए निदेशक मंडल को सहयोग एवं कंपनी के सीएसआर तथा सस्टेनेबल नीति को कार्यान्वित करते हैं। दिशा–निर्देशों में, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सस्टेबिलिटि, एमओयू में गैर–वित्तीय परामीटरों के तहत एक आवश्यक घटक के रूप में शामिल किया जा चुका है।

इसी दिशा–निर्देशों के अनुरूप बोर्ड ने दिनांक 10.5.2013 को आयोजित अपनी 172वीं बैठक में सीएसआर कमिटि का गठन किया है।

गठन :

सीएसआर कमिटि में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं तथा इसकी अध्यक्षता एक गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) करते हैं।

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	
1.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	अध्यक्ष–(17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
2.	डा. कृष्ण चन्द्र पांडेय	सदस्य–(10.07.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
3.	श्रीमती अलका पांडा	सदस्य–(17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
4.	श्री के.के. मिश्रा	सदस्य–(29.05.2019 से)	कार्यकारी निदेशक
5.	श्री आर.एन. झा	सदस्य–(17.11.2019 से)	कार्यकारी निदेशक

महाप्रबंधक (एचआरडी) कमिटि के नोडल अधिकारी हैं, जो सीएसआर कमिटि को सारी सेवाएँ उपलब्ध कराएँगे।

बैठक एवं उपस्थितिः

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान दिनांक 29.05.2019, 19.07.2019, 17.09.2019, 27.01.2020, तथा 17.03.2020 कुल 5 (पाँच) बैठकें आयोजित की गई। सीएसआर समिति की बैठकों में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया, जिसका विवरण इस प्रकार है :

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	भाग लिए गए बैठकों की संख्या
1.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	अध्यक्ष–(17.11.2019 से)	2
2.	डा. कृष्ण चन्द्र पांडेय	सदस्य–(10.07.2019 से)	3
3.	श्रीमती अलका पांडा	सदस्य–(17.11.2019 से)	3
4.	श्री के.के. मिश्रा	सदस्य–(29.05.2019 से)	5
5.	श्री आर.एन. झा	सदस्य–(17.11.2019 से)	3
6.	डा. देबाशीष गुप्ता	अध्यक्ष– (11.12.2018 से 16.11.2019)	3
7.	श्री राजेन्द्र प्रसाद	सदस्य–(11.12.2018 से 16.11.2019)	3
8.	श्री ए.के. चक्रवर्ती	सदस्य–(21.05.2019 से 31.07.2019)	1

1.14 निदेशकों के पारिश्रमिक :

सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। सभी पूर्णकालिक निदेशकों की सेवा एवं शर्तें तथा पारिश्रमिक का निर्णारण कंपनी के आर्टिकल ऑफ असोसियेशन/कोल इंडिया लि. के टर्म में भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

क) कार्यकारी निदेशकः

कंपनी के कार्यकारी निदेशकों के पारिश्रमिक का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है :

(आंकड़े रू. में)

नाम	पदनाम	कुल वेतन एवं भत्ता	पर्क्स	एचआरए	सीएमपीएफ नियोजक का अंशदान	छुट्टी नकदीकरण	पीआरपी अग्रिम /पीआरपी	चिकित्सा व्यय	कुल
श्री शेखर सरन	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	3018840.00	1237806.00		1049941.00	529954.96	449748.00	89595.00	6375884.96
श्री के.के. मिश्रा	निदेशक (तकनीकी)	2874424.00	1167852.33		1000782.00	443014.00	516201.18	64410.00	6066683.71
श्री आर.एन. झा	निदेशक (तकनीकी)	2827686.70	1026601.20	16436.00	757355.00	403746.60		20896.00	5052721.50
श्री ए.के. राणा	निदेशक (तकनीकी)	2803543.00	872115.00	397276.00	980965.00		624211.00	299063.00	5977173.00
श्री एस.के. गोमास्ता	निदेशक (तकनीकी)								
श्री बी.एन. शुक्ला	निदेशक (तकनीकी)	881330.00	346628.00		125931.00			8647.00	1362536.00
श्री ए.के. चक्रवर्ती	निदेशक (तकनीकी)	1107085.00	477028.00		491615.00		770374.00	247515.00	3093617.00

ख) अंशकालिक सरकारी निदेशकः

सीएमपीडीआईएल द्वारा अंशकालिक सरकारी निदेशकों को किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा है।

1. डा. अनिंद्या सिन्हा, परियोजना सलाहकार, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से मनोनीत निदेशक हैं। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उन्हें पारिश्रमिक दिया जा रहा है।
2. श्री बिनय दयाल, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता से मनोनीत निदेशक है और उनका पारिश्रमिक कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा दिया जा रहा है।

ग) स्वतंत्र निदेशक :

कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड में उपस्थित होने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित सीलिंग के भीतर कोल इंडिया बोर्ड द्वारा निर्धारित दर पर दिया जाने वाला सीटिंग फीस को छोड़कर कोई अन्य पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों के लिए भुगतान किए जा रहे सिटिंग फीस का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है :–

क्र. सं.	नाम	उपस्थिति के लिए भुगतान किया गया फीस		कुल (रू. में)
		बोर्ड की बैठक (रू. में)	समिति की बैठक (रू. में)	
1.	श्री राजेन्द्र प्रसाद	1,40,000	2,20,000	3,60,000
2.	डा. देबाशीष गुप्ता	1,40,000	2,20,000	3,60,000
3.	डा. कृष्ण चंद्र पाण्डेय	1,40,000	1,80,000	3,20,000
4.	श्रीमती अलका पांडा	1,20,000	1,60,000	2,80,000
5.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	1,00,000	80,000	1,80,000
कुल				**15,00,000**

1.15 (i) वार्षिक आम बैठक :

विगत तीन वर्षों के दौरान आयोजित वार्षिक आम बैठक का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :

विवरण	2017-18 43वीं एजीएम	2018-19 44वीं एजीएम	2019-20 45वीं एजीएम
तिथि	31.07.2018	28.06.2019	27.07.2020
समय	पूर्वाह्न 10.30	अपराह्न 4.00	पूर्वाह्न.10.30
स्थान	कंपनी का पंजीकृत कार्यालय, गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड	होटल मेफेयर, दार्जिलिंग	कंपनी का पंजीकृत कार्यालय, गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड
विशेष संकल्प	शून्य	शून्य	शून्य

1.15 (ii) असाधारण आम बैठक :

विवरण	2017-18 10वीं इजीएम	2018-19	2019-20
तिथि	17.03.2018	शून्य	शून्य
समय	9.30 पूर्वाह्न		
स्थान	कंपनी का पंजीकृत कार्यालय, गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड		
विशेष संकल्प	बोनस शेयर का निर्गत		

1.16 स्वतंत्र निदेशकों की बैठक :

कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों को निम्न विषयों पर विचार करने हेतु साल में कम से कम एक बैठक करना है :

क) गैर–स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड का संपूर्ण रूप से कार्य निष्पादन की संवीक्षा करना।

ख) कार्यकारी निदेशक और गैर–कार्यकारी निदेशक से कंपनी के चेयरपर्सन के बारे में विचार ले के संवीक्षा करना।

ग) कंपनी प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और टाइम लाइन का मूल्यांकन करना जो कि बोर्ड के लिए प्रभावपूर्ण और समुचित अपनी ड्यूटी कर सके, के लिए आवश्यक है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की एक बैठक दिनांक : 17.09.2019 को हुई।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा बैठक में भाग लेने का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

क्र.सं.	स्वतंत्र निदेशक का नाम	बैठक में भाग लेने की संख्या
1.	डा. देबाशीष गुप्ता	1
2.	श्री राजेन्दर प्रसाद	1
3.	डा. कृष्ण चंद्र पाण्डेय	1
4.	श्रीमती अलका पांडा	1
5.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	-

1.17 प्रकटीकरण (डिसक्लोजर) :

- **मैटेरियली सिग्नीफिकेंट रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शनः**

  कंपनी ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों अथवा वरीय प्रबंधन कर्मियों या उनके संबंधियों के साथ किसी भी पार्टी मामलों (ट्रांजेक्शन) से संबंधित किसी भी विषय की दृष्टि से मेटेरियली सिग्नीफिकेंट में प्रवेश नहीं किया है, जिससे कि बड़े पैमाने पर कंपनी की संभावित रूचि हो।

  सम्बद्ध पार्टी सहित किसी संविदा या व्यवस्था के संबंध में वर्ष 2018–19 के दौरान आयोजित बोर्ड की बैठक में कोई एजेंडा पेश नहीं किया गया।

  संबंधित पार्टी के लेन–देन संबंधि नीति के अनुसार किसी भी दो सरकारी कंपनी तथा नियंत्रक कंपनी एवं उसकी अनुषंगी कंपनी के बीच लेन–देन में छूट है।

  धारा 188(I) के तहत पार्टी से संबंधित कंट्रेक्ट या अरेंजमेंट को **परिशिष्ट-VII** में संलग्न किया जाता है।

- **कंपनी द्वारा नियमों/कानून क अनुपालन का विस्तृत विवरण :**

  कंपनी के लिए लागू विभिन्न प्रकार के नियमों के अनुपालन की यह कम्पनी मानिटरिंग कर रही है तथा गत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों से संबंधित किसी भी विषय पर किसी भी ऑथरिटी द्वारा कंपनी पर आरोपित संरचना तथा वर्त्तमान में कंपनी द्वारा गैर–अनुपालन के लिए कोई भी विपरीत मामला नहीं है।

- **व्हिसिल ब्लोअर नीति के अनुसार अंकेक्षण समिति तक पहुँच :**

  यह नीति प्रबंधन तथा अंकेक्षण समिति को गैर–नीतिपरक व्यवहार, वास्तविक अथवा संदिग्ध, धोखाघड़ी, अथवा कंपनी के कोड आफ कंडक्ट का उल्लंघन के उदाहरण की रिपोर्ट करने के लिए कर्मचारियों को अवसर उपलब्ध कराती है।

  व्हिसिल ब्लोअर नीति के अनुसार किसी भी कर्मी द्वारा अंकेक्षण समिति तक पहुँच को नकारा नहीं गया है। विवेच्य वर्ष के दौरान व्हिसिल ब्लोअर नीति के अंतर्गत कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया है।

- **कॉरपोरेट गवर्नेंस पर दिशा-निर्देशों का अनुपालन**

  निदेशक मंडल, अंकेक्षण समिति, प्रकटीकरण, कोड आफ कंडक्ट इत्यादि के संबंध में इन दिशा–निर्देशों का पालन किया जाता है। तथापि, पारिश्रमिक समिति, अनुषंगी कंपनियों, प्रशिक्षण नीति इत्यादि पर दिशा–निर्देशों का अनुपालन कोल इंडिया लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा किया जाता है, इसका अनुपालन सीएमपीडीआईएल द्वारा भी किया जाता है। कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन के संबंध में पूर्णकालिक कंपनी के अंकेक्षक से एक प्रमाण–पत्र इसके साथ **परिशिष्ट IV** में संलग्न है। कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधान और डीपीई के दिशा–निर्देशों के अनुपालन के लिए स्वतंत्र निदेशक और महिला निदेशक की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति के लिए कोयला मंत्रालय जो अप्वाईंटिंग ऑथरिटि है को इससे अवगत करा दिया है।

- **इन्टीग्रिटी पैक्ट एवं आईईएम**

  कंपनी के पास अपने व्यापारिक ट्रान्जेक्शन, संविदा, प्राप्ति प्रक्रिया में प्रबंधन में पादर्शिता संवृद्धि पर जोर देते हुए इंटिग्रिटि पैक्ट कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए ट्रांसपैरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) के साथ समझौता संलेख (एमओयू) किया हुआ है। इस समझौता संलेख (एमओयू) के अंतर्गत कंपनी अपने सभी प्राप्ति (प्रोक्यूरमेंट) तथा वर्क कांट्रेक्ट कार्यों में इंटिग्रीटि पैक्ट कार्यान्वित करने हेतु वचनबद्ध है। दो स्वतंत्र बाह्य मोनिटर्स केंद्रीय सतर्कता आयोग के परामर्श से ही टीआईआई द्वारा नामजद व्यक्ति इसकी गतिविधियों का मॉनीटर करते हैं। इन्टीग्रेटी

पैक्ट ने ट्रस्ट स्थापित कर स्थापना प्रणाली एवं प्रक्रिया को सशक्त किया है तथा जिसे सीवीसी का पूरा सपोर्ट है।

- **सीईओ/सीएफओ प्रमाणीकरण:**

  कंपनी के अध्यक्ष तथा महाप्रबंधक (वित्त)/सीएफओ द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर को ''सीईओ/सीएफओ प्रमाणीकरण'' प्रदान कर दिया है जिसे डाईरेक्टरों की रिपोर्ट के **परिशिष्ट-II** के रूप में लगाया गया है।

- **निदेशकों तथा वरीय अधिकारियों के लिए आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट):**

  कंपनी के निदेशकों तथा वरीय अधिकारियों के लिए आचार संहिता बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई है, जिसे सभी संबंधित व्यक्तियों के मध्य परिचालित कर दिया गया हे, तथा कंपनी के वेबसाइट www.cmpdi.co.in में भी डाल दिया गया है। 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के निदेशक तथा वरीय प्रबंधन कार्मिक ने कंपनी के आचार संहिता के प्रावधानों के अनुपालन का समर्थन किया है।

- **किए गए खर्च का ब्यौरा :**

  बुक ऑफ एकाउन्ट में व्यय के किसी वैसे मद को डेबिट नहीं किया गया है जो निजी प्रकृति के हैं तथा निदेशक मंडल और शीर्ष प्रबंधन पर खर्च किया गया है तथा कंपनी के अंकेक्षकों ने इस तरह के किसी खर्च के लिए रिपोर्ट भी नहीं की है।

- **राष्ट्रपति का निर्देश :**

  वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआईएल के लिए केंद्र सरकार द्वारा कोई प्रेसिडेंसियल निर्देश जारी नहीं किया गया है।

1.18 संचार के साधन :

कंपनी अपनी वार्षिक रिपोर्ट आम बैठक तथा डिसक्लोजर अपने वेबसाइट, कार्यालयी पत्रिका गोंदवाना भारती माइनटेक, प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्रों तथा स्थानीय दैनिक के माध्यम से अपने शेयर होल्डरों के साथ संप्रेषण करती है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्ट एवं कंपनी का तिमाही परिणाम तथा महत्वपूर्ण घटनाओं को कंपनी की वेबसाइट यानि www.cmpdi.co.in पर उपलब्ध करा दिया गया। कंपनी से संबंधित अद्यतन जानकारी तथा घोषणाएँ कंपनी की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। कंपनी की उपलब्धियों से आम लोगों को अवगत कराने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जा रही है।

1.19 कंपनी का प्रयास हमेशा से अनक्वालिफायड वित्तीय विवरण पेश करने का रहा है।

कंपनी का प्रयास हमेशा से अनक्वालिफायड वित्तीय विवरण पेश करने का रहा है।

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के लेखे पर कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षण की टिप्पणियों को **परिशिष्ट VIII** में शामिल किया गया है।

1.20 बोर्ड के सदस्यों का प्रशिक्षण :

कंपनी के व्यवसाय से संबंधित सभी मामले, इसके संबंधित जोखिम तथा कंपनी की भावी रणनीति आदि के सार (संक्षिप्त विवरण) से निदेशक–मंडल को पूर्णतः अवगत करा दिया जाता है।

सभी कार्यकारी निदेशक संबंधित क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता तथा अनुभव के आधार पर संबंधित कार्य क्षेत्र के प्रमुख होते हैं। वे कंपनी के बिजनेस माडल तथा जोखिमों से अवगत होते हैं। अंशकालिक निदेशक भी कंपनी के बिजनेस मॉडल से पूर्णतः वाकिफ होते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों को निगमित शासन के लिए समय–समय पर प्रशिक्षण हेतु प्रायोजित किया जाता है। सभी सरकारी निदेशकों की कोल इंडिया लिमिटेड की पॉलिसी के अनुसार भारत और विदेश दोनों के लिए स्पांसर किया जाता है। कंपनी में नव–नियुक्त निदेशकों को कंपनी के कंस्टीच्यूशन, विजन एवं मिशन स्टेंटमेंट, मुख्य क्रिया–कलाप, बोर्ड की प्रक्रिया/पद्धति, रणनीतिक दिशा–निर्देश के विस्तृत प्रजेन्टेशन, विचार–विमर्श आदि के माध्यम से पूर्णतः अवगत कराया जाता है।

1.21 व्हिसिल ब्लोअर नीति

कंपनी के कर्मचारियों के नैतिक आचरण को सशक्त करने तथा विभिन्न स्टेक होल्डरों के हितों को प्रोत्साहित करने के लिए सीएमपीडीआईएल में 2011–12 में व्हिसिल ब्लोअर नीति लागू की गई तथा दिनांक 8.11.2011 को आयोजित 163वीं बैठक में बोर्ड को इससे अवगत करा दिया गया।

यह नीति वास्तविक या संदिग्ध अनैतिक आचरण, कंपनी की आचार संहिता के साथ धोखाघड़ी या इसका उल्लंघन के मामले को प्रबंधन के पास रिपोर्ट करने के लिए कर्मचारियों को अवसर प्रदान करता है। सूचीबद्ध कंपनी तथा स्टाक एक्सचेंज के बीच लिस्टिंग एग्रीमेंट के खंड 49 में संशोधन किया गया है तथा यह 4 नवम्बर, 2010 से लागू हो गया है। खंड 49 में अन्य बातों के साथ–साथ ''व्हिसिल ब्लोअर नीति'' नामक मेकानिज्म स्थापित करने के लिए सभी सूचीबद्ध कंपनियों को नन मेंडेटरी रिक्वायरमेंट प्रदान करता है। यह प्रतिशोध या उत्पीड़न से कर्मचारियों को बचाने में आवश्यक सुरक्षा प्रदान करता है। तथापि, इस नीति के अंतर्गत व्हिसिल ब्लोअर द्वारा किए गए खराब कार्य निष्पादन या कदाचार, जो व्हिसिल ब्लोअर द्वारा किए गए स्पष्टीकण से अलग हो, के विरूद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाई को इसके तहत संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

आंतरिक अंकेक्षण विभाग द्वारा इस आशय का एक प्रमाण पत्र दिया गया कि अंकेक्षण समिति के समक्ष पहुँच से व्हिसिल ब्लोअर को रोका नहीं गया।

1.22 जोखिम प्रबंधन प्रणाली

जोखिम प्रबंधन कमिटि का गठन दिनांकः 02.02.16 को आयोजित सीएमपीडीआईएल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की 192वीं बैठक में किया गया तथा दिनांकः 18.9.2017 को आयोजित बोर्ड की 207वीं बैठक में इसे पुनर्गठित किया गया।

क) गठन :

जोखिम प्रबंधन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं, जिसकी अध्यक्षता गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक करते हैं :

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	
1.	डा. कृष्ण चंद पाण्डेय	अध्यक्ष	स्वतंत्र निदेशक
2.	श्रीमती अलका पांडा	सदस्य	स्वतंत्र निदेशक
3.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य	स्वतंत्र निदेशक
4.	श्री के.के. मिश्रा	सदस्य	कार्यकारी निदेशक
5.	श्री आर.एन. झा	सदस्य	कार्यकारी निदेशक

ख) बैठक एवं उपस्थिति :

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान दिनांक : 17.09.2019 को एक बैठक हुई। जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्य निम्नलिखित है :

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	बैठक में उपस्थिति
1.	डा. देबाशीष गुप्ता	अध्यक्ष–(28.06.2016 से 16.11.2019)	1
2.	श्री राजेन्द्र प्रसाद	सदस्य–(28.06.2016 से 16.11.2019)	1
3.	डा. कृष्णा चंद पाण्डेय	अध्यक्ष–(17.11.2019) सदस्य–(10.07.2019 से 16.11.2019)	1
4.	श्रीमती अलका पांडा	सदस्य–(10.07.2019)	1
5.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य–(17.11.2019)	-
6.	श्री बी.एन. शुक्ला	सदस्य–(18.09.2017 से 14.06.2019)	-
7.	श्री के.के. मिश्रा	सदस्य–(10.07.2019)	1
8.	श्री आर.एन. झा	सदस्य–(10.07.2019)	1

ग) जोखिम प्रबंधन समिति ने जोखिम उप-समिति का गठन किया है और उप-समिति का गठन 31 मार्च, 2020 को किया गया जो इस प्रकार है :

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति
1.	डी डी.डी. त्रिपाठी,	सीआरओ
2.	श्री रजनीश कुमार	सदस्य
3.	श्री यू. चटर्जी	सदस्य
4.	श्री राजीव दत्ता	सदस्य
5.	श्रीमती ममता टोप्पो	सदस्य

आरएससी की बैठक सीएमपीडीआईएल (मु.), रांची में आयोजित हुई। कमिटि द्वारा जोखिम प्रबंधन नीति पर विचार–विमर्श किया गया। यह भी विचार किया गया कि आरएमसी के समक्ष मानीटरिंग मेकेनिज्म को शामिल करते हुए संशोधित जोखिम प्रबंधन नीति बनाई जाय।

आरएससी के अनुसार रिवाज्ड रिस्क मैनेजमेंट पॉलिसी पोस्ट सहित मानीटरिंग मैकेनिज्म बनाया गया है।

1.23 इनसाइडर ट्रेडिंग से बचाव के लिए आंतरिक प्रक्रिया और आचार संहिता का कोड :

नियंत्रक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने अप्रकाशित मूल्य संवेदी जानकारी के आधार पर किसी इनसाइडर द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड के शेयरों की खरीद और/या बिक्री को रोकने के उद्देश्य से इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकने तथा कोल इंडिया लिमिटेड की प्रतिभूति से डील करने के लिए आंतरिक प्रक्रिया को कोड संहिता को अपनाया है। यह संहिता (केस) सीएमपीडीआईएल द्वारा भी अपनाई गई है। इस संहिता के तहत वैसे इनसाइडरों को डिजिग्नेटेड कर्मचारी का नाम दिया गया है, जो ट्रेडिंग बिन्डों के बंद होने के दौरान सीआईएल के शेयरों से डील करने से रोके जाते हैं। विहित सीमा से अधिक प्रतिभूति डील करने के लिए अनुपालन अधिकारी की अनुमति आवश्यक है। जैसा कि संहिता में परिभाषित है, सभी डिजिंग्नेट कर्मचारी को नियमित रूप से संबंधित जानकारी प्रकट करना आवश्यक है। इस कोड के लिए कंपनी सचिव को अनुपालन अधिकारी नामित किया गया है। इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकने के लिए आंतरिक प्रक्रिया तथा आचार संहिता को भी सीएमपीडीआईएल के वेबसाइट के इन्ट्रानेट पर डाल दिया गया है।

1.24 निदेशकों का दायित्व

आगामी वित्तीय वर्ष आरंभ होने के पहले डीपीई दिशा–निर्देश में दिए गए प्रावधान के अनुसार सीएमपीडीआईएल के प्रबंधन तथा कोल इंडिया/कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के बीच समझौता संलेख (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। इस समझौता के अंतर्गत यह कंपनी वर्ष के प्रारंभ में सेट किए गए टारगेट को हासिल करने के लिए वचनबद्ध है तथा इसमें निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले वर्ष के अंत में सीएमपीडीआईएल के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करना निहित है। यह ''फाइव प्वाइंट स्केल'' तथा ''क्राइटेरिया वेट'' की पद्धति को अपनाकर कार्य करता है, जिसके परिणामस्वरूप ''कम्पोजिट स्कोर'' की गणना की जाती है। ''कम्पोजिट स्कोर'', कोल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से डीपीई तथा प्रशासनिक मंत्रालय को अनुसमर्थन के लिए भेजा जाता है।

समझौता संलेख सिस्टम दक्षतापूर्वक काम करने में सक्षम बनाता है, क्योंकि वित्तीय एवं गैर–वित्तीय दोनों प्रकार के (डायनेमिक, क्षेत्र विशिष्ट तथा उद्यम विशिष्ट पारामीटर) पारामीटरों की विविधता है। इस प्रक्रिया से दीर्घकालीन उद्देश्य तथा संपूर्ण विकास प्राप्त करने में अधिक मदद मिलती है। संपूर्ण प्रक्रिया से स्टेक होल्डरों के प्रति पारदर्शिता तथा उत्तदायित्व भी सुनिश्चित किया जाता है।

1.25 निगमित शासन के अनुपालन की त्रैमासिक रिपोर्टिंग पद्धति

अपने संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय को सीपीएसई द्वारा रिपोर्ट करने के लिए मंत्रालय द्वारा एक त्रैमासिक रिपोर्टिंग पद्धति का विकास किया गया है। इसके अनुपालन में सीएमपीडीआईएल द्वारा कोयला मंत्रालय को नियमित रूप से तथा समय पर तिमाही रिपोर्ट भेजी जाती रही है।

1.26 की–मैनेजेरियल पर्सनल

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 203 के प्रावधान के अनुसार निम्नलिखित की – मैनेजेरियल पर्सनल हैं:

श्री शेखर सरन	:	सीईओ
श्री के.के. मिश्रा	:	निदेशक
श्री आर.एन. झा	:	निदेशक
श्री ए.के. राणा	:	निदेशक
श्री एस.के. गोमास्ता	:	निदेशक
श्री बिनोद कुमार पाण्डेय	:	सीएफओ
श्री अभिषेक मुंधड़ा	:	कंपनी सचिव

1.27 सीएमपीडीआईएल में सीएसआर पहल

निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) तथा सस्टेनेब्लिटी आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरण के अनुकूल ढंग से कार्य, जो पारदर्शी तथा नैतिक हो, करने के लिए अपने स्टेक होल्डरों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता है। सीएसआर तथा सस्टेनेब्लिटी क्षमता निर्माण, सामुदायिक अधिकारिता, समावेशी, सामाजिक आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं कम ऊर्जा खपत वाली प्रौद्योगिकी का उन्नयन, पिछड़े क्षेत्रों का विकास, तथा समाज के सीमांत तथा अर्ध–सुविधायुक्त तबकों की उन्नति आदि पर विशेष जोर देता है। कंपनी ने दिनांकः 27.02.2014 को मिनिस्ट्री ऑफ कारपोरेट अफेयर्स, भारत सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन तथा डीपीई की गाइड लाइन और कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 135 तथा उसके तहत बने नियम के अनुसार स्वयं की सीएसआर नीति बनाई है।

सीएसआर तथा सस्टेनेब्लिटी खनन उद्योग के लिए न सिर्फ जोखिम लाता है बल्कि यह अवसर का समूह भी सृजित करता है। सीएसआर तथा सस्टेनेब्लिटी कंपनी को परिचालन, सस्टेनेबुल डेवलोपमेंट में सार्थक योगदान सुनिश्चित करता है। सीएसआर तथा सस्टेनेब्लिटी के प्रति सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराता है। नीतियों एवं कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए सीएमपीडीआईएल में ''टू–टीयर डिसिजन मेकिंग कमिटि'' का गठन किया गया है।

अपने व्यापार की विशेष प्रकृति को ध्यान में रखकर, सीएमपीडीआईएल ने वर्ष 2016–17

के दौरान सीएसआर तथा सस्टेनेब्लिटी क्रिया–कलाप प्रारंभ किया है, जिसे रिपोर्ट के **भाग ''ख''** में देखा जा सकता है।

1.28 वार्षिक रिटर्न

कंपनी का वार्षिक रिर्टन हमारे वेबसाइट लिंक **https://www.cmpdi.co.in/annualrpt.php** पर उपलब्ध है।

1.29 ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा में आय एवं व्यय और आऊटगो

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी मुद्रा में आय एवं व्यय और आऊटगो को निदेशक मंडल की रिपोर्ट के परिशिष्ट के रूप में संलग्न किया गया है (**परिशिष्ट–I**)

1.30 बोर्ड की समिति तथा निदेशकों के कार्य-निष्पादन का वार्षिक मूल्यांकन :

सूचीबद्ध कंपनी या गत वर्ष के अंत में परिकलित प्रदत्त पूँजी 25 करोड़ रू. या उससे अधिक रखने वाली अन्य सार्वजनिक कंपनी के मामले में कंपनीज (लेखा) नियमावली 2014 के नियम 8 तथा धारा 134(3) (पी) के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में एक विवरण के रूप में शामिल किया गया है, जिसमें उस ढंग को दर्शाया गया हे, जिसमें बोर्ड द्वारा अपनी उपलब्धि तथा इसकी समिति की उपलब्धि तथा प्रत्येक निदेशक की उपलब्धि को दर्शाया गया है।

सीएमपीडीआईएल की प्रदत्त शेयर पूँजी 38. 08 करोड़ रू. है और प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में दर्ज की है तथा किसी अन्य स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं है एवं तद्नुरूप कंपनी को अपने निदेशक मंडल, समिति तथा प्रत्येक निदेशकों के कार्य–निष्पादन का मूल्यांकन करना आवश्यक नहीं है।

बोर्ड द्वारा वार्षिक मूलंकन तथा अपना एवं प्रत्येक निदेशकों का कार्य–निष्पादन कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों महिला निदेशक सहित के तीन महीने से अधिक की अवधि तक नियुक्ति न होने के कारण नहीं किया जा सका। हालाँकि, नियंत्रक कंपनी तथा इसकी अनुषंगी कंपनी के लिए कोल इंडिया द्वारा बनाई जाने वाली नीति के आधार पर वार्षिक मूल्यांकन किया जाएगा।

भाग–ख

वार्षिक उपलब्धि का पर्यवलोकन

1.0 भूवैज्ञानिक गवेषण और ड्रिलिंग

1.0.1 सीएमपीडीआईएल ने वर्ष 2019–20 में भी मुख्य रूप से सीआईएल और गैर–सीआईएल/कैप्टिव माइनिंग ब्लॉकों में कोयला गवेषण गतिविधियों को जारी रखा। सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों के प्रोजेक्ट प्लानिंग/उत्पादन सपोर्ट की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीआईएल ब्लॉकों में गवेषण किया गया, जबकि गैर–सीआईएल/कैप्टिव माइनिंग ब्लॉकों में गवेषण भावी उद्यमियों को कोयला ब्लॉकों के आवंटन को सरल बनाने के लिए किया गया था।

1.0.2 सीएमपीडीआईएल ने 11वीं एवं 12वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान ड्रिलिंग क्षमता लगातार विकसित की है। विभागीय संसाधनों और आउटसोर्सिंग के माध्यम से वर्ष 2007–08 में 2.09 लाख मीटर की उपलब्धि के मुकाबले, सीएमपीडीआईएल ने 2011–12 में 4.98 लाख मीटर (ग्यारहवीं योजना का टर्मिनल वर्ष), 2016–17 में 11.26 लाख मीटर (बारहवीं योजना का टर्मिनल वर्ष) और 2019–20 में 12.94 लाख मीटर की उपलब्धि हासिल किया है।

विभागीय ड्रिलिंग के क्षमता विस्तार के लिए, 7 नए हाइड्रोस्टेटिक ड्रिल प्राप्त किए गए हैं और जनवरी 2018 से अतिरिक्त ड्रिल के रूप में तैनात किए गए हैं, जो ड्रिल की क्षमता को 71 तक बढ़ा दिया है, जिसमें 71 ड्रिल में से 26 ड्रिल हाइड्रोस्टेटिक हैं और 45 ड्रिल मैकेनिकल हैं।

1.0.3 2008–09 में कुल लगभग **40.00** लाख मीटर ड्रिलिंग वाले **101 ब्लॉकों** के काम को पुरस्कृत किया गया, जिसमें **61 ब्लॉकों** को शामिल किया गया है।

वर्ष 2019–20 में कुल लगभग **8.05 लाख मीटर** आउट सोर्सिंग के माध्यम से ड्रिल किया गया है, जिसमें से निविदा के माध्यम से **3.08 लाख मीटर**, एमओयू के माध्यम से **4.94 लाख मी.** एमईसीएल से तथा राज्य सरकार क्षरा **0.03 लाख मीटर** किया गया।

1.1 वर्ष 2019-20 में ड्रिलिंग का कार्य-निष्पादन:

1.1.1 सीएमपीडीआईएल ने सीआईएल/गैर–सीआईएल ब्लॉकों की विस्तृत गवेषण के लिए अपने विभागीय संसाधनों को लगाया जबकि ओडिशा राज्य सरकार ने केवल सीआईएल ब्लॉकों में अपना संसाधन लगाया है। इसके अतिरिक्त, ग्यारह अन्य संविदा एजेंसियों ने सीआईएल/गैर–सीआईएल ब्लॉकों में विस्तृत ड्रिलिंग/गवेषण के लिए अपने संसाधनों को भी लगाया है। वर्ष 2019–20 में कुल 160 से 180 ड्रिल तैनात किए गए थे, जिनमें से 71 विभागीय ड्रिल थे।

सीएमपीडीआईएल ने **7 ब्लॉकों** में कोल सेक्टर (सीआईएल क्षेत्रों) में एमईसीएल द्वारा किए गए प्रमोशनल/एनएमईटी गवेषण कार्य की तकनीकी सर्वेक्षण जारी रखी। इसके अतिरिक्त, डीजीएम (नागालैंड) ने भी **1 ब्लॉक** और सीएमपीडीआईएल ने कोयला मंत्रालय की ओर से कोल सेक्टर में **3 ब्लॉकों** में प्रमोशनल गवेषण किया है। एमईसीएल द्वारा 5 ब्लॉकों में लिग्नाइट सेक्टर में प्रमोशनल/एनएमईटी गवेषण कार्य किए गए। वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआईएल के माध्यम से **कोयला (0.82 लाख मीटर)** और लिग्नाइट (**0.34 लाख मी**) कुल **1.16 लाख मीटर** प्रोमोशनल (क्षेत्रीय) ड्रिलिंग किया गया था।

आईएसओ 9001, आईएसओ 14001, आईएसओ 50001, आईएसओ 37001 इत्यादि जैसे विभिन्न प्रबंधन प्रणाली मानकों के संस्थापन, प्रलेखन, जागरूकता प्रशिक्षण आंतरिक अंकेक्षक प्रशिक्षण आडिटिंग सपोर्ट, कार्यान्वयन, प्रमाणन सपोर्ट, तथा पोस्ट प्रमाणन के लिए सीएमपीडीआईएल एक नॉडल एजेंसी है।

सभी क्षेत्रीय संस्थानों के साथ सीएमपीडीआईएल को नये संशोधित आईएसओ 9001:2015 मानकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ब्यूरो ऑफ इडियन स्टेंडर्डस द्वारा लाइसेंस मिला हुआ है। सीएमपीडीआईएल आईएसओ 14001, आईएसओ 50001 तथा आईएसओ 37001 (एन्टी ब्राइवरी प्रबंधन प्रणाली) के कार्यान्व्यन की प्रक्रिया में है।

हमारी 7 प्रयोगशाला को आईएसओ 17025, 2005 (टेस्टिंग तथा अंशशोधन प्रयोगशाला की सक्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएँ) कार्यान्वित करने के लिए एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त है। सीआइएल और उसकी सहायक कंपनियों के लिए सेवाओं का प्रबंध करने वाले सीएमपीडीआईएल के पेट्रोग्राफी लैब को अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीसीपी द्वारा मान्यता दी गयी है।

एनटीपीसी के पकरी–बरवादी कोल माइन प्रोजेक्ट के लिए 'आईएमएस के फार्मूलेशन, इम्प्लीमेंटेशन और सर्टिफिकेशन (आइएसओ 9001:2015 एआइएसओ 14001:2015 और आइएसओ 45001:2018)' के कार्य को सीएमपीडीआईएल ने अपनी विशेषज्ञ परामर्शी सेवाओं के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया।

इसके अतिरिक्त मौजूदा वर्ष के दौरान सीआइएल और उसकी सहायक कंपनियों को सीएमपीडीआईएल अपने घरेलू सहायता के साथ निम्नलिखित सेवाओं को सफलतापूर्वक प्रदान कर रहा है :–

(i). सीआईएल, मुख्यालय के ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का आईएसओ 50001: 2011 से आईएसओ 50001:2018 में उन्नयन।

(ii). एमसीएल और ईसीएल के लिए पुराने मानक वाले ओएचएसएएस 2007 का आईएसओ 45000:2018 में बदलाव।

(iii). सम्पूर्ण बीसीसीएल के लिए आईएमएस का उन्नयन।

(iv). बीसीसीएल के अधिकारियों के संवेदीकरण/जागरूकता प्रशिक्षण के साथ–साथ एंटी–ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम, आईएसओ 3700:2016 का प्रलेखन।

अगले 10 वर्षों में राजस्व सृजन के नजरिए के साथ सीएमपीडीआईएल ने अपने पहले से तैयार

स्ट्रैटेजिक बिजनेस प्लान को अपडेट किया है। मौजूदा इन–हाउस कौशल का लाभ उठाकर राजस्व में वृद्धि पर प्रमुख जोर दिया गया है। रणनीतिक व्यापार योजना 2020 में अन्य क्षेत्रों में विविधीकरण के लिए अपनाई जाने वाली उपयुक्त और व्यापक रणनीतियों, नए राजस्व सृजन मॉडल और सॉफ्टवेयर के निर्माण के लिए आईटी का उपयोग, ज्ञान प्रबंधन प्रणाली को अपनाने आदि के लिए भविष्य में प्रतिस्पर्धी होने के लिए आवश्यक उपाय शामिल हैं।

सीएमपीडीआईएल ने अपनी जोखिम प्रबंधन नीति को संशोधित करके एक कदम आगे बढ़ाया है। अपडेट की गई नीति/रूपरेखा में न केवल चिह्नित जोखिम और इसकी शमन योजना शामिल है, बल्कि इसमें उस जोखिम की निगरानी के लिए जोखिम निगरानी योजना भी शामिल है।

22.0 सामग्री प्रबंधन

22.1 2019-20 की विशेष उपलब्धि

1. पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए आपूर्ति आदेश की संख्या उनके संबंधित मूल्यानुसार निम्न हैं :

	2018-19		2019-20	
	आदेशों की संख्या	मूल्य (लाख में)	आदेशों की संख्या	मूल्य (लाख में)
कुल	144	2,919.42	185	6,481.55
एमएसईज	43	1,540.25	118	2,976.58

पिछले वर्ष की तुलना में कुल आपूर्ति आदेश 122% अधिक है और मूल्य के संदर्भ में एमएसई को आपूर्ति के आदेश समान अवधि के लिए 93% अधिक हैं।

2. महिला उद्यमी को दिए गए आपूर्ति आदेश का कुल मूल्य वर्ष 2019-20 के लिए एमएसई पर दिए गए आदेशों का लगभग 12.50% है जो आवश्यक 3% के सरकारी आदेश से अधिक है।

3. सामग्री प्रबंधन विभाग ने 29 जनवरी 2020 को सीएमपीडीआईएल के कोयल हॉल, एसटीसी, रांची में नेशनल एससी–एसटी हब, राँची (एनएसएसएचओ) से सम्बंधित अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) उद्यमियों के लिए एक विशेष विक्रेता विकास बैठक का आयोजन किया था। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। आगंतुक गणमान्य व्यक्तियों में निदेशक एमएसएमई, रांची शामिल थे। उन्होंने सीएमपीडीआईएल के प्रयासों की सराहना करते हुए टिप्पणी की कि हाल के वर्षों में रांची में किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा हासिल की गई सफलता में सीएमपीडीआईएल का प्रयास अपनी तरह का अकेला प्रयास है।

4. चेन्नई के सीएएसआर को रु. 363.35 लाख मूल्य के 02 मानवरहित एरियल वाहन (यूएवी) का आपूर्ति आदेश दिया गया है। ये यूएवी पूरी तरह से सेंसर जैसे कि एलएडीएआर/ऑप्टिकल/थर्मल इत्यादि से युक्त एक अत्याधुनिक उपकरण हैं। एक बार इनकी तैनाती हो जाने पर इनका प्रयोग ओवरबर्डन और कोल की मात्रा की नियमित निगरानी में, खदानों के परिचालन नियोजन निगरानी और कई अन्य महत्वपूर्ण संचालनों के लिए अद्यतन सूचना के उत्पादन में किया जाएगा ।

5. 692.89 लाख मूल्य के 03 टेर्रेस्ट्रियल लेजर स्कैनर (टीएलएस) के लिए आपूर्ति आदेश दिया गया।

6. 79.28 लाख रुपये मूल्य के 06 कम्पलीट इलेक्ट्रॉनिक इमेजिंग टोटल स्टेशन (ईटीएस) की खरीद पहले ही की जा चुकी है। ये सीएमपीडीआईएल के जियोमैटिक्स डिवीजन के कामकाज को मजबूत करेंगे।

7. प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु सत्त वायु परिवेश गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (सीएएक्यूएमएस) के 12 सेटों के लिए रु 772.33 लाख का आपूर्ति आदेश सफलतापूर्वक दिया गया है।

जिसमें से 11 सेट एमसीएल में विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे और 01 सेट सीएमपीडीआईएल, मुख्यालय में स्थापित किया जाएगा।

8. सीआइएल के लिए माइक्रोसॉफ्ट प्रोजेक्ट के लाइसेंस हेतु लगभग 1.5 करोड़ मूल्य का ऑर्डर रिकॉर्ड समय में रखा गया।

सीएमपीडीआईएल की वार्षिक रिपोर्ट 2020–21 को वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए लक्षित वार्षिक खरीद के साथ प्रदान किया जाना है जैसा कि पिछले वर्ष में किया गया था। इसके अलावा, एमएसएमई सम्बद्ध पोर्टल और सीएमपीडीआईएल वेबसाइट में एमएसई कार्नर में इस जानकारी की आवश्यकता है। इस संबंध में, पिछले 3 वर्षों के लिए खरीद डेटा निम्नानुसार दिया जा रहा है:

(आंकड़े करोड़ रु. में)

विवरण	वित्त वर्ष 2017-18	वित्त वर्ष 2018-19	वित्त वर्ष 2019-20
कुल वार्षिक खरीद (मूल्य में)	32.63	29.19	64.82

22.2 एमओयू लक्ष्य :

वित्तीय वर्ष 2020.21 के लिए लक्षित वार्षिक खरीद रु. 30.00 करोड़ है जिसमें से 9.00 करोड़ (लगभग 30%) एमएसई से खरीद के लिए अनुमानित है, जो सीएमपीडीआईएल में जारी निविदाओं में एमएसई की भागीदारी के अधीन है।

23.0 मानव संसाधन विकास :

वर्ष 2019–20 के दौरान, सीएमपीडीआईएल के शिक्षण / सम्मेलन / संगोष्ठी / कार्यशाला के आंकड़े निम्नानुसार है :

प्रमुख क्षेत्र	एसटीसी	आईआईसीएम	बाह्य	विदेशी	कुल
प्रबंधकीय	801	78	40	0	919
तकनीकी / फंक्शनल	190	52	196	15	453
क्राश फंक्शनल	33	11	17	0	61
कुल	1024	141	253	15	1433

निम्नलिखित क्षेत्रों में हमारे अधिकारियों को विशेष एक्सपोजर दिया गया।.

23.1 स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज (एसटीसी) में प्रशिक्षण :

क) प्रशिक्षण एवं विकास कर्मचारियों के विकास के अभिन्न अंग हैं। इस लिए सीएमपीडीआई में सुनिश्चित करने के लिए यह प्रयास किया गया हे कि उनका समग्र विकास सालोंभर लगातार होता रहे। इस संबंध में वर्ष 2019–20 के दौरान विभिन्न तकनीकी गैर तकनीकी पर 1000 कर्मचारियों के लक्ष्य के मुकाबले 1024 कर्मचारी प्रशिक्षित किए जा चुके हैं, जो आवश्यकता आधारित हैं तथा कस्टमाइज कर दिया गया है। कुछ नीचे दिया गया है :

1. ईएसआरआई इंडिया द्वारा नवीनतम एआरसी जीआईएस प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला का आयोजन।
2. विभिन्न आईएसओ मानकों पर कार्यक्रम पर प्रशिक्षण।
3. तकनीकी कौशल विकास कार्यक्रम (भूविज्ञान)।

4. ओपन कास्ट के लिए मैपटेक वल्कन 3 डी माइन प्लानिंग सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण।
5. व्यवहारिक प्रशिक्षण पर ऑन हैण्ड प्रशिक्षण और इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर कार्यशाला का आयोजन।
6. कार्लासन सॉफ्टवेयर भूविज्ञान पर प्रशिक्षण और अग्रतर परिचर्चा।
7. जीएसटी पर प्रशिक्षण।
8. डेटा खान सॉफ्टवेयर पर प्रशिक्षण।
9. इलेक्ट्रॉनिक कुल स्टेशन पर प्रथम चरण का प्रशिक्षण।
10. सी–इनवॉइसिंग बैठक।
11. कर्मचारियों के विभागीय परीक्षा के लिए प्रशिक्षण।
12. 'ऑनलाइन इवोल्यूशन प्रोसेस ऑफ बिड्स एंड रिपोर्ट जनरेशन फ्रॉम द सिस्टम ऑफ इ–प्रोक्योरमेंट' पर प्रशिक्षण।
13. एमएस परियोजना पर प्रशिक्षण।
14. विभिन्न प्रबंधन मानकों आंतरिक लेखा परिक्षण कौशल पर प्रशिक्षण।
15. विशेषज्ञ समिति द्वारा आईसीसीएस समीक्षा के कार्यान्वयन पर प्रशिक्षण।

23.2 एमओयू लक्ष्य 2019-20:

कार्य जीवन संतुलन के साथ–साथ नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए महिला कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए 15 पहल कार्यक्रम एचआरडी विभाग द्वारा समय पर आयोजित किया गया। प्रतिभा प्रबंधन और कैरियर की प्रगति की निरंतरता हेतु कम से कम 5% अधिकारियों (E-0 एवं ऊपर) को कम से कम 1 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया। भारत के भीतर उत्कृष्टता केंद्र, जैसे आईआईटीएस, आईआईएम, एनआईटीएस, आईसीएआई आदि को हासिल किया गया है, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 65 अधिकारीयों अर्थात 7.08% को प्रशिक्षित किया गया।

23.3 आईआईसीएम में प्रशिक्षण

प्रत्येक वर्ष एचआरडी डिवीजन आईआईसीएम के कैलेंडर के अनुसार प्रशिक्षण के लिए बहुत सारे वरीय और मध्य स्तर के कर्मचारियों के लिए नाम मनोनीत कराता है। कंपनी एवं कस्टमर की जरूरत के आधार पर विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय निदेशकों की अनुशंसा के अनुसार नामांकन किया जा रहा है। वर्ष 2018–19 के दौरान 141 अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

23.4 बाह्य प्रशिक्षण :

तकनीकी/प्रबंधकीय स्कील अपग्रेडेशन एवं आधुनिक तकनीकी विकास से संबंधित प्रत्येक वर्ष विभिन्न डिसिप्लीन से अधिकारियों को प्रशिक्षण, कान्फ्रेंस वर्कशॉप, सिम्पोजियम आदि भाग लेने के लिए विभिन्न संस्थानों/जगहों पर भेजा जा रहा है। इस वर्ष 253 अधिकारियों/कर्मचारियों को भारत में विभिन्न जगहों प्रोग्राम में भाग लेने के लिए भेजा गया है।

कुछ संस्थानों के नाम, जहाँ हमारे कर्मचारियों को भेजा गया है, नीचे दिया गया है :

- खनन अभियांत्रिकी विभाग, आईआईटी, खड़गपुर
- भारतीय मानक ब्यूरो, बैंगलोर
- सीपेट,पटिया, भुबनेश्वर
- एएससीआई, हैदराबाद

- राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीसी), मसूरी
- झारखंड राय विश्वविद्यालय, रांची
- एनआईटीटीआर, चंडीगढ़
- राष्ट्रीय भूजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनजीडब्लूटीआरआई) रायपुर, छत्तीसगढ़
- एईआरबी (परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड), मुंबई
- सीएसआईआर–सीएमआईआर, धनबाद
- खनन अभियांत्रिकी विभाग, विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी), नागपुर

23.5 विदेशों में प्रशिक्षण :

वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआईएल से कुल 15 अधिकारी ने वर्कशॉप/सेमिनार/ क्रॉन्फ्रेंस/ प्रशिक्षण/तकनीकी अपग्रेडेशन में भाग लेने के लिए विदेशों में विजिट किया।

विभिन्न संस्थानों के छात्रों के लिए सीएमपीडीआईएल में इंटर्नशिप प्रशिक्षण

विभिन्न संस्थानों के छात्रों को ग्रीष्म और शरद इंटर्नशिप प्रशिक्षण सीएमपीडीआईएल और मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों में एचआरडी डिवीजन द्वारा दिया जा रहा है। वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआईएल में कुल 252 छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। छात्र अपने संबंधित क्षेत्रों में 4–6 सप्ताहों के लिए प्रशिक्षण/परियोजना कार्य करते हैं। प्रशिक्षण/परियोजना पूर्ण करने और उनके परियोजना रिपोर्ट सौंपने के बाद एचआरडी डिवीजन प्रशिक्षण/परियोजना की सफलतापूर्वक समाप्ति पर प्रमाण–पत्र जारी करता है।

प्रशिक्षण के लिए निम्नलिखित संस्थानों ने अपनी पहुँच बनाई :

- वीआईटी, वैल्लोर
- बीएचयू, वाराणसी
- बीआईटी, राँची
- आईआईटी(आईएसएम), धनबाद
- एक्सआईएस, राँची
- आईआईटी भुवनेश्वर
- केआईआईटी भुवनेश्वर
- चाणक्या नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना
- आईआईटी, खड़गपुर
- एनआईटी, राऊरकेला आदि.

अप्रेन्टिक्स एक्ट 1961 के अनुसार अप्रेन्टिस प्रशिक्षण :

एमओयू के अनुसार सीएमपीडीआईएल ने कन्ट्रेक्टर वर्कर (31 मार्च, 2019 के अनुसार 4516) सहित सीएमपीडीआईएल के कुल मैन पावर का 2.50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। सीएमपीडीआईएल में 132 अप्रेन्टिस लगे हुए हैं, जो 2.92 प्रतिशत है। ड्रिलिंग, यांत्रिकी, सिविल, कम्प्यूटर साइन्स, माइनिंग इत्यादि जैसे विभिन्न संकाय इसमें शामिल है तथा ये विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों तथा सीएमपीडीआईएल, मुख्यालय में पदस्थापित हैं।

23.6 स्किल डेवपलमेंट :

प्लानिंग तथा खानों की डिजाइन, गवेषणत्मक कार्य, ईआईए/ईएमपी इत्यादि में सीएमपीडीआई लगा हुआ है। सीएमपीडीआई को अपना खान नहीं है। स्किल इंडिया स्कीम के तहत सीएमपीडीआई ने स्किल्ड सेमी स्किलड की पहचान की है, जो 2013 सीएमपीडीआई में कैट, 1,2,3 के रूप में ज्वाइन किया है तथा ये ओरियेंटेशन तथा रिफ्रेशर प्रशिक्षण के पद स्थापित हैं।

तद्नुसार इन कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए वर्षवार एक्शन प्लान तैयार किया जाता है तथा नीचे दिए चार्ट के अनुसार इन्हें समय–समय पर प्रशिक्षित किया जाता है।

वर्ष	लक्ष्य (व्यक्तियों में)	उपलब्धि (व्यक्तियों में)
2016-17	120	116
2017-18	200	202
2018-19	220	222
2019-20	240	241
कुल	**780**	

स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत सीएमपीडीआई के अन–स्किल्ड, सेमी स्किल्ड कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाता है, जो इस प्रकार है :

1. सीएमपीडीआई के विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों में ड्रिलिंग कैम्प के लिए कैट 1,2,3 कर्मचारियों का प्रशिक्षण
2. सीएमपीडीआई, मुख्यालय तथा क्षेत्रीय संस्थानों में संचालित विभिन्न लैब पर कैट–1,2,3 का प्रशिक्षण
3. ई–आफिस पर अन–स्किल्ड (कैट– I) तथा सेमी स्किल्ड (कैट–2 एवं 3) का प्रशिक्षण

24.0 बाह्य सीआईएल परामर्शी कार्य :

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरा सहित 21 संगठनों के लिए सीएमपीडीआईएल द्वारा कोल इंडिया से बाहर 28 परामर्शी कार्य पूरे किए गए। कुछ प्रमुख ग्राहक/संगठन जिनका कार्य पूरा किया गया वे निम्नलिखित हैं: अल्ट्राटेक इंडस्ट्रीज लिमिटेड एनटीपीसी लिमिटेड, ओडिशा कोल एंड पावर लिमिटेड, गुजरात इंडस्ट्रीज पॉवर कंपनी लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड आदि।

वर्तमान में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, एमओआईएल लिमिटेड, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड,जेएसडब्लू स्टील लिमिटेड, तालचेर फर्टिलाइजर लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज इत्यादि जैसे 18 संगठनों के लिए सीएमपीडीआईएल द्वारा कोल इंडिया से बाहर के 28 परामर्शी कार्य किए जा रहे हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान, 21 संगठनों के 27.20 करोड़ रुपये के सीआईएल से बाहर 27 परामर्शी कार्यों को सीएमपीडीआईएल द्वारा प्राप्त किया गया, जिसमें कोयला मंत्रालय, पीएसयू/सरकारी संगठन और निजी कंपनियां शामिल हैं।

25.0 श्रमशक्ति एवं कल्याण क्रिया-कलाप :

25.1 श्रमशक्ति की स्थिति :

विवरण		31 मार्च, 2019 के अनुसार	31 मार्च, 2020 के अनुसार
अधिकारी		892	862
गैर–अधिकारी	मासिक वेतनभोगी	1018	1038
	दैनिक वेतनभोगी	1376	1262
समग्र कुल		**3286**	**3162**

25.2 कल्याण संबंधित गतिविधियाँ :

क्र.सं.	कल्याण संबंधी गतिविधियाँ	कार्यक्रम कि तिथि	टिप्पणी (यदि कोई है)
1	आंबेडकर जयंती का अयोजन	14 अप्रैल, 2019	अंबेडकर की तस्वीर पर माला चढ़ाकर राष्ट्र के विकास में उनकी दृष्टि और योगदान को याद किया गया। मुख्य अतिथि श्री बी.एन.शुक्ला
2	21 मई 2019 आतंकवाद निरोधी दिवस का अवलोकन	21मई, 2019	महाप्रबंधक (का –प्रशा.) द्वारा शपथ दिलाया गया। बैनर और पोस्टर का प्रदर्शन।
3	कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विषय में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम	27 मई, 2019	
4	विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन	31 मई, 2019	तम्बाकू मुक्त कार्यालय की शपथ
5	स्वच्छता पखवाड़ा	16 जून से 31 जून, 2019	16 जून से 31 जून, 2019
6	स्वतंत्रता दिवस 2019	15 अगस्त, 2019	
7	सीएमडी बनाम निदेशक फुटबॉल मैच	15 अगस्त, 2019	
8	वीप्स और कस्तूरी महिला सभा द्वारा कोयल हॉल में सभी कर्मचारियों के लिए एक्यूप्रेशर में प्रशिक्षण और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया	21 से 25 अगस्त, 2019	21 से 25 अगस्त, 2019
9	चाय पर चर्चा	हर महीने के पहले सप्ताह में (सितंबर, 2019 से दिसंबर, 2019)	
10	एकता दौड़	31 अक्टूबर, 2019	
11	विधान/स्थापना दिवस	26 नवंबर, 2019	
12	सांप्रदायिक सद्भाव	27.11.2019	
13	बालिकाओं के लिए क्रीड़ा गतिविधियाँ (एमओयू पैरामीटर के अनुसार)	14.12.2019	
14	नव वर्ष उत्सव	1 जनवरी, 2020	
15	बिरसा हाई स्कूल के वरिष्ठ छात्रों के साथ महात्मा गांधी पर एक सत्र	7 जनवरी, 2020	
16	सीएमडी बनाम निदेशक क्रिकेट मैच	26 जनवरी, 2020	

25.3 वर्ष 2019-20 के लिए अधिकारी स्थापना से संबंधित मुख्य सूचना :

क्र.सं.	वार्षिक कार्ययोजना	की गई कार्रवाई
1.	टर्मिनल लाभ का निपटारा	सेवा निवृत - 47 मृतक अधिकारी - 05 त्याग पत्र देने वाले अधिकारी - 18
2.	लाइफ कवर का भुगतान	04
3.	सीपीआरएमएसई के तहत मेडिकल कार्ड जारी करना	57
4.	प्राप्त सेवा निवृत्ति के मामले पर छुट्टी का नकदीकरण	54
5.	सेटल्ड	39
6.	प्रक्रिया के अंतर्गत	15
7.	मेडिकल रेफर के मामले	633

25.4 वर्ष 2019-20 के दौरान आरटीआई संबंधित सूचना

क्र.सं.	वार्षिक कार्ययोजना	की गई कार्रवाई
1.	आवेदन प्राप्ति की कुल संख्या	45
2.	वर्ष के दौरान आवेदनों का निपटारा किया गया	42
3.	प्रक्रियाधीन	03
4.	वर्ष के दौरान अपील प्राप्त	06
5.	अपिलों का निपटारा	05
6.	शेष	01
7.	सीआईसी (द्वितीय अपील आवेदन प्राप्त)	00
8.	सीआईसी अपील का निपटारा	00

25.5 वर्ष 2019-20 के दौरान सीपीजीआरएएम से संबंधित सूचना :

क्र.सं.	शिकायत का स्रोत	कुल आवेदन प्राप्त	आवेदनों का निपटारा किया गया	अतिशेष/प्रक्रियाधीन
1.	लोकल/इंटरनेट	30	27	3
2.	पेंसन	0	0	0
3.	पीएमओ	15	15	0

25.6 वर्ष 2019-20 के दौरान वीआईपी रेफरेंस से संबंधित सूचना :

क्र.सं.	शिकायत का स्रोत	कुल प्राप्त	निपटारा किया गया	अतिशेष/प्रक्रियाधीन
1.	लोकल/इंटरनेट	9	9	0

25.7 वर्ष 2019-20 के दौरान पेंशन की स्थिति :

क्र.सं.	वर्ष के दौरान प्राप्त कुल मामले	निपटाएं गए	विचारकधीन		अभियुक्ति
			सीएमपीडीआईएल	सीएमपीफओ	
1.	154	90	10	54	

25.8 वर्ष 2019-20 के दौरान गैर-अधिकारी वर्ग के कर्मचारियों से संबंधित सूचना :

क्र.सं.	वार्षिक कार्य योजना	कार्रवाई की गई
1	टर्मिनल लाभों का निपटान	119
2	जीवन कवर का भुगतान	21
3	सीपीआरएमएसएनई के तहत मेडिकल कार्ड का वितरण	153
4	सेवा निवृत्ति के बाद छुट्टी नगदीकरण के मामले प्राप्त हुए	75
5	निपटाए गए	55
6	प्रक्रियाधीन	20

25.9 राजभाषा

आपकी कंपनी समीक्षाधीन अवधि में कोयला मंत्रालय, गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग), कोल इंडिया लिमिटेड तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के निदेशों और राजभाषा अधिनियम के सांविधिक प्रावधानों को लागू करने में सत्त् प्रयत्नशील रही और कार्यालयीन कार्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए इसके द्वारा बहुआयामी प्रयास किया गया। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित पत्राचार के लक्ष्य को 'ग' क्षेत्र में प्राप्त कर लिया तथा 'क' और 'ख' क्षेत्र में भी पत्राचार का लक्ष्य प्राप्त करने के बहुत नजदीक रही। इसके अलावे राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के तहत जारी दस्तावेज, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक/निदेशक स्तर पर आयोजित विभिन्न बैठकों के कार्यवृत, आपकी कंपनी की मासिक और वार्षिक रिपोर्ट द्विभाषी रूप में तैयार करना जारी रहा। हिन्दी में रचनात्मक लेखन को बढ़ावा देने के लिए आपकी कंपनी की प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय स्तर की घरेलू पत्रिका का प्रकाशन भी लगातार जारी है, जिसे सारे देश से प्रशंसा मिल रही है।

कोयला मंत्रालय के निदेशानुसार सितम्बर, 2019 में ''राजभाषा माह'' का आयोजन किया गया। कंपनी के कामगारों के बीच हिन्दी को लोकप्रिय बनाने के लिए तथा इसे प्रोन्नत करने के लिए कई हिन्दी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विवेच्य माह के दौरान सभी प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार में 5000 रू., द्वितीय पुरस्कार 4000/–रू., तृतीय पुरस्कार 3000/–रू. और सांत्वना पुरस्कार 800 रू. से नवाजा गया। सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके संबंधित कैटगरी में प्रमाण–पत्र भी दिया गया। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक द्वारा दो विभागों जिन्होंने अपना अधिकांश कार्यालयीन कार्य हिन्दी में किया है, को चेयरमेंस विनर (अध्यक्षीय विजेता) तथा उप विजेता का शील्ड दिया गया तथा एक क्षेत्रीय संस्थान जिन्होंने अपना अधिकांश कार्यालयीन कार्य हिन्दी में किया, को अध्यक्षीय विजेता का शील्ड द्वारा दिया गया। इसके अलावे सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

दिन प्रति दिन के सरकारी कार्य में राजभाषा 'हिन्दी' के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज, मानव संसाधन विकास विभाग के त्त्वावधान में चार हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। सभी हिन्दी कार्यशालाएँ दैनिक रूटिन कार्य में हिन्दी के प्रयोग में कर्मचारियों के झिझक को दूर करने में अधिक प्रभावी हुई। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा–निर्देश और वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्रीय संस्थानों और मुख्यालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण भी किया गया।

गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देश और वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार आपकी कंपनी के विभिन्न विभागों में राजभाषा के त्रैमासिक प्रगति की संवीखा करने के लिए अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार त्रैमासिक बैठकें भी आयोजित की गई।

आपकी कंपनी ने अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (लोक उपक्रम), राँची दो छमाही बैठकें आयोजित की जिसमें विभिन्न लोक उपक्रमों में राजभाषा हिन्दी की प्रगति की समीक्षा की गई।

25.10 महिलाओं के सेक्सुअल हरासमेंट के अंतर्गत डिस्क्लोजर (प्रकटीकरण) एवं सूचना

वर्ष 2019–20 के दौरान सीएमपीडीआई में कार्यस्थल (रोक/निवारण, निषेध, (रिड्रेसल) अधिनियम–2013 के अंतर्गत कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के दर्ज किए मामलों की संख्या इस प्रकार है:

1. वर्ष के दौरान प्राप्त सेक्सुअल हरासमेंट की शिकायतों की संख्या	-	शून्य
2. वर्ष के दौरान निपटाए गए शिकायतों की संख्या	-	01
3. 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों की संख्या	-	शून्य
4. वर्ष के दौरान आयोजित सेक्सुअल हरासमेंट संबंधी जागरूकता कार्यक्रम अथवा कार्यशालाओं की संख्या	-	01
5. मामले से संबंधित नियोक्ता द्वारा या जिला अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति	-	मामले को आंतरिक शिकायत समिति की सिफारिशों के साथ निपटाया गया क्योंकि मामले की प्रकृति कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के बजाय व्यक्तिगत/पारिवारिक विवाद से अधिक थी

26.0 सीएमपीडीआईएल में कोल इंडिया स्थापना दिवस का आयोजन :

राँची 16 नवम्बर, सीएमपीडीआईएल, जो एक मिनी रत्न कंपनी है, ने दिनांक 16 नवम्बर, 2018 मयूरी हाल, सीएमपीडीआईएल में पूरे उत्साह से कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर के मुख्य अतिथि, माननीय न्यायमूर्ति श्री अजय भनोट, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने भाषण में कहा कि स्थापना दिवस मनाने से न केवल जश्न मनाने का अवसर मिलता है, बल्कि आत्ममूल्यांकन का और मूल्य प्रणाली, समानुभूति व संवाद दीक्षा का विकास किस रूप में हो कि संगठन के भीतर बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद मिल सके, इसका अवसर भी प्रदान करता है। श्री भनोट ने यह भी कहा कि किसी भी संगठन में 'मूल्यों का फ्रेम वर्क' संगठन को निरंतर बनाए रखने और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के कॉर्पोरेट लक्ष्यों के सामान ही महत्वपूर्ण होता है।

इस अवसर पर, सीएमपीडीआईएल के अध्यक्ष सह प्रबंध श्री शेखर सरन ने सीआईएल और सीएमपीडीआईएल की स्थापना के मूल में निहित कारणों तथा इनके विकास और गठन के बारे में जानकारी दी। श्री सरन ने गवेषण और इसके संचालन के अन्य क्षेत्रों में सीएमपीडीआईएल की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा अधिकारियों को सीएमपीडीआईएल की नियमित सेवाओं के अलावा नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने और कार्यात्मक क्षेत्र में विविधता लाने और आइओटी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा खनन जैसे क्षेत्रों में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने थ्रस्ट क्षेत्र के बारे में भी बताया कि वर्तमान में सीएमपीडीआईएल कोल बेड मिथेन (सीबीएम) और भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूजीसी) की तरफ ध्यान केंद्रित कर रहा है।

सीएमपीडीआईएल के कर्मचारियों को ऑपरेशन से संबंधित उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों से नवाजा गया। इस अवसर पर ड्रिल उत्पादकता, के आधार पर दुर्गापुर कैंप, क्षे. संस्थान 4, नागपुर को सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग कैंप (मैकेनिकल) और सिंहपुर कैंप, क्षे. संस्थान 5, बिलासपुर (हाइड्रोस्टैटिक) श्रेणी के लिए पुरस्कार मिला।

सर्वोत्तम ड्रिल क्रूव केटेगरी अवार्ड (उच्चतम उत्पादकता) के तहत, ड्रिल डीएम–1000–2 (मुरपार), क्षे. संस्थान 4, नागपुर और सिंहपुर कैंप के.के. आर.–डब्लू.ए.आई.आई.सी–07, क्षे.संस्थान 5, बिलासपुर को क्रमशः मैकेनिकल और हाइड्रोस्टैटिक्स ड्रिल के लिए पुरस्कार मिला।

रिपोर्ट तैयार करने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए, ओपेनकास्ट रिपोर्ट हेतु मुख्य प्रबंधक (खनन) श्री बीरेंद्र कुमार को, भूमिगत रिपोर्ट के लिए श्री बी.के.ठाकुर मुख्य प्रबंधक (खनन) को, भूवैज्ञानिक रिपोर्ट के लिए श्री एस.एन. बोहिदार, जीएम (भूविज्ञान) और उनकी टीम आरआई–7, भुवनेश्वर को, पर्यावरण सेवाओं के लिए श्री बी. एन. दुपट्टावाला को इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग में अवर्गीकृत एलवीएमवी के पुनर्वर्गीकरण के लिए श्री सुनील कुमार जायसवाल, श्रीमती आभा प्रसाद और श्री जयंत प्रसाद को तथा श्री एस. कुंडू और उनकी टीम (मुख्यालय) को मिनी स्मार्ट कॉलोनियों के विकास की डीपीआर तैयार करने के लिए पुरस्कार दिए गए।

श्री आर.के. सिंह और श्री पी.के. सोमानी को क्रमशः 'गवेषण' और 'वित्तीय सेवाओं' में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिला। सीएमपीडीआईएल (मुख्यालय) टीम की मिस स्वेता राय और मिस विक्टोरिया कुजूर को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार मिला।

जीएम (सीएमपी) को 2018–19 में के अधिकतम मूल्य के बाहरी परामर्श कार्यों को प्राप्त करने के लिए य क्षे.नि.,क्षे.सं.7, भुवनेश्वर को 2018–19 में बाहर की कंसल्टेंसी जॉब्स में अधिकतम वृद्धि के लिए और क्षे.नि.,क्षे.सं.4, नागपुर को 2018–19 में बाहर की कंसल्टेंसी जॉब्स में सराहना के लिए पुरस्कार मिला।

तकनीकी श्रेणी में नवाचार के लिए पुरस्कार आरआई–I, आसनसोल की टीम के श्री एन.पी. घाटोपार और श्री तापस रॉय को राजमहल ट्रैप के एकीकृत भूभौतिकीय सर्वेक्षण के कार्यान्वयन के लिए दिए गए। एएनएन और डब्लूटी का उपयोग करते हुए Carbonaceous बेड की ऑटोमैटिक लिथोलॉजी आइडेंटिफिकेशन में इनोवेशन के लिए श्री थिनेश कुमार कोय कोल डैशबोर्ड डिजाइनिंग के लिए सीएमपीडीआईएल (मुख्या.) की टीम के श्री संदीप कुमार, श्री अवनीश कुमार और श्री नीलेश कुमार को इनोवेशन श्रेणी में पुरस्कार मिला बिलासपुर के श्री रामबाबू सिंह और उनकी टीम को भूजल बजट संगणना पर पहली वैज्ञानिक मॉडल रिपोर्ट तैयार करने के लिए पुरस्कार मिला।

सीएसआर के तहत, सीएमपीडीआईएल, रांची को 18–19 में सीएसआर बजट के अधिकतम उपयोग के लिए पुरस्कार मिला और क्षेत्रीय संस्थान–IV, नागपुर को सभी आरआई के बीच, दूरदराज के क्षेत्रों में अधिकतम खर्च के लिए पुरस्कार मिला।

श्री दीपांशु साहू, श्री अतुल कुमार, श्री मुन्ना दत्ता, श्री अभिषेक मूंदड़ा, श्री नारायण कुमार साव, श्री हिमांशु वशिष्ठ, श्री एम.बी. सिंह, श्रीमती ममता टोप्पो, तुषार, श्री पुष्प राज वर्मा और उनकी टीम के श्री अनूप कुमार, श्री धनंजय जैन, श्री राकेश रंजन, श्री अनिल कुमार सिंह, सीएमपी लैब सीएमपीडीआईएल (मुख्यालय) के श्री बिनोद कुमार माटोय श्री लक्ष्मीदीप, श्री शैलेश चंद्र, श्री आदित्य श्रेष्ठकर को 'विशेष उपलब्धि पुरस्कार' मिला।

श्री ए.के. मोहंती, श्री वाई.के. सिंह, श्री अनिल सावनूर को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए आजीवन उपलब्धि पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त, श्रीमती जॉली भट्टाचार्जी, श्री राम प्रसाद आधिकारी, श्री प्रीतेश वी पारोलिकल को 'युवा अधिकारी' पुरस्कार मिला। इसके अलावा, श्री ओम प्रकाश सिंह, श्री दीपक प्रसाद, श्री दशरथ राम, श्री अभिराम कुजूर को गैर–अधिकारी की श्रेणी में उनकी सेवाओं के क्षेत्र में पुरस्कार मिले।

इस अवसर पर, श्री के.के. मिश्रा, निदेशक (टी/ईएस); श्री आर.एन. झा, निदेशक (टी/आरडी एंड टी); श्री ए.के. श्रीवास्तव, सीवीओ; कोल इंडिया परिवार के पूर्व सीएमडी और निदेशक, जीएम/एचओडी, जेसीसी के सदस्य, सीएमओएआई के प्रतिनिधि, श्रीमती मीता सरन अध्यक्ष कस्तूरी महिला सभा और अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति भी उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कोल इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट गीत के गायन के साथ हुई।

27.0 2019-20 में पब्लिक सेक्टर (विप्स) सीएमपीडीआईएल में फोरम ऑफ वीमेन का क्रिया-कलाप :

नवगठित ''फंक्शनल मैनेजमेंट कमिटि'' ऑफ विप्स, सीएमपीडीआईएल चैप्टर (मुख्यालय एवं क्षेत्रीय संस्थान–3) के पदाधिकारी (ऑफिस बियरर) और एक्जीक्यूटिव सदस्य निम्नलिखित हैं :

1. कोआर्डिनेटर/प्रेसीडेंट– श्रीमती सुनीता मेहता, महाप्रबंधक, (का0एवं प्र0)
2. अतिरिक्त को आर्डिनेटर/वाइस प्रेसीडेंट, श्रीमती विनीता अरोड़ा, वरीय प्रबंधक (पर्यावरण)
3. सहायक को आर्डिनेटर, श्रीमती सुमन रस्तोगी, वरीय प्रबंधक (कार्मिक)
4. जेनरल सेक्रेटरी, श्रीमती जेबा इमाम : वरीय प्रबंधक (जियोलॉजी)

27.1 अप्रैल, 2019 से मार्च, 2020 तक किए गए प्रमुख क्रिया-कलाप :

16-05-2019 को 'विकासशील कौशल का विकास' पर कार्यशाला

रांची में 16.05.2019 को विप्स द्वारा सीएमपीडीआईएल (मुख्या.) क्षे. संस्थान 3 की महिला कर्मचारियों के लिए 'विकासशील कौशल के विकास' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहाँ सूचनाप्रद भूमिका के साथ मुखर संचार कौशल सिखाए गए।

पॉवर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नोएडा, एनटीपीसी के एपेक्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से सेवानिवृत्त महाप्रबंधक और बहुत प्रसिद्ध और प्रशंसित कार्यशाला सुविधा प्रदाता और प्रशिक्षक, डॉ सुनीता सिंह, इस कार्यशाला की फैकल्टी थीं। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला को बहुत ज्ञानवर्धक पाया और इसे सभी ने सराहा।

27.2 27.05.2019 को 'लैंगिक संवेदनशीलता' और 'कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न' (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम -2013 पर कार्यशाला।

विप्स सीएमपीडीआईएल ने 27.05.2019 को 'लैंगिक संवेदनशीलता' और 'कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न' (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम – 2013 पर मयूरी सभागार, राँची में कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला की शुरुआत कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती मीता सरन, श्री आर.के. झा, निदेशक (टी/आरडी एंड टी), श्री हेमंत श्रीवास्तव, प्रबंधन सलाहकार और अनूप कुमार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

श्री हेमंत श्रीवास्तव ने 'कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न' (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम – 2013, लैंगिक व्यवहार और यौन उत्पीड़न के विभिन्न रूपों जैसे कि यौन रिश्वत, यौन शोषण, यौन उत्पीड़न आदि के बारे में संक्षेप में चर्चा की।

श्री अनूप कुमार मेहता ने मुख्य रूप से 'कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न' (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम – 2013, में विवाद निवारण तंत्र, आईसीसी (आंतरिक शिकायत समिति) की कार्यप्रणाली, खंड, परिभाषा और अध्याय पर प्रकाश डाला।

27.3 अच्छे स्वास्थ्य के लिए औषधि मुक्त पथ पर कार्यशाला

तनाव से संबंधित बीमारियों से प्रभावी राहत के लिए सीएमपीडीआईएल के कर्मचारियों के बीच स्व उपचार और निवारक प्रबंधन की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए और एक्यूप्रेशर शोध, प्रशिक्षण एवम उपचार संस्थान, इलाहाबाद के सहयोग से विप्स, सीएमपीडीआईएल और कस्तूरी महिला सभा ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल हेतु सीएमपीडीआईएल के कोयल हॉल में 21.08.2019 से 25.08.2019 तक अच्छे स्वास्थ्य के लिए औषधि मुक्त विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

27.4 महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर

महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 23.08.2019 को सीएमपीडीआईएल डिस्पेंसरी, रांची में किया गया। मेदांता अस्पताल, रांची से डॉ अनुपमा को महिला कर्मचारियों के सामान्य चेकअप के लिए बुलाया गया था जिसमें लिपिड प्रोफाइल, डायबिटीज का पता लगाना और स्त्री रोग संबंधी चेकअप शामिल था।

27.5 सीएमपीडीआईएल की महिला अधिकारियों के लिए व्यवहार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

एसटीसी भवन, सीएमपीडीआईएल में 15.11.2019 और 23.11.2019 को सीएमपीडीआईएल की महिला अधिकारियों के लिए "विकासशील व्यवहार कौशल" पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न व्यवहार कौशल विकसित करने पर केंद्रित था जो पारस्परिक संबंधों, प्रभावी संचार, आकर्षक व्यवहार और उत्पादक भावनाओं के लिए आवश्यक होते है और कर्मचारियों को अपने सहकर्मियों के साथ काम करने और अच्छा प्रदर्शन करने की अनुमति देगा।

27.6 18 से 26 नवंबर 2019 तक चिकित्सीय कल्याण कार्यक्रम

महिला, कर्मचारियों के लिए 18 से 26 नवंबर 2019 तक स्वर्णरेखा हॉल, एसटीसी भवन, सीएमपीडीआईएल में विभिन्न फन थेरेपी जैसे नृत्य, संगीत, योग, मार्शल आर्ट आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक चिकित्सकीय कल्याण

कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कर्मचारियों के बीच उनके शरीर के बारे में जागरूकता पैदा करने, स्व–विनियमन कौशल विकसित करने और लचीलापन बनाने पर केंद्रित था। सीएमपीडीआईएल की सभी महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों के संचालन की आवश्यकता व्यक्त की क्योंकि इससे काम–तनाव प्रबंधन में बहुत मदद मिलती है।

27.7 महिलाओं से संबंधित विकारों पर जागरूकता कार्यक्रम :

एमओयू पैरामीटर 2019–20 और विप्स के सहयोग से, 13 दिसंबर 2019 को महिला कर्मचारियों के लिए कोयल हॉल, एसटीसी बिल्डिंग, सीएमपीडीआईएल में महिलाओं से संबंधित विकारों पर एक घंटे का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ रेड्डीज फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा (डीआरएफएचई) के लिए सीएमपीडीआईएल की महिला कर्मचारियों में निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था।।

27.8 फन एक्टिविटीज फॉर गर्ल चाइल्ड

एमओयू पैरामीटर 2019–20 के तहत, 'फन एक्टिविटीज फॉर गर्ल चाइल्ड' का आयोजन विप्स, सीएमपीडीआईएल द्वारा 14.12.2019 को एचआरडी क्लास रूम, सीएमपीडीआईएल में सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया गया। गतिविधियों का विषय 'प्ले एंड लर्न' था। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकांक्षा सिन्हा, सेल्फ एनहांसर एंड सॉफ्ट स्किल फैसिलिटेटर, डोरंडा, रांची द्वारा किया गया। यह बच्चों के लिए एक यादगार और सुखद गतिविधि थी, जहाँ उन्होंने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

27.9 नि:शक्त बच्चों को मुफ्त शिक्षा

विप्स, सीएमपीडीआईएल जरूरतमंदों को सांत्वना देने के उद्देश्य से, गोंडवाना प्राथमिक विद्यालय, सीएमपीडीआईएल परिसर, रांची में आस–पास के क्षेत्रों के कमजोर बच्चों के लिए नि:शुल्क कक्षाएं चलाता है। कुल 30 छात्रों को मुफ्त प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। श्रीमती अमिता मेहता, क्लर्क, एमटी लैब सीएमपीडीआईएल द्वारा पिछले 5 वर्षों से कक्षाएं ली जाती हैं।

27.10 महात्मा गांधी की शिक्षाओं पर एक संवादात्मक सत्र

07.01.2020 को बिरसा हाई स्कूल के छात्रों के लिए विप्स, सीएमपीडीआईएल द्वारा महात्मा गांधी की शिक्षाओं पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया था। इस सत्र की अध्यक्षता श्रीमती मीता सरन, संरक्षिका, बिरसा हाई स्कूल ने की थी। इस समारोह में प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ पत्रकार, श्री मधुकर अध्यक्ष थे। उन्होंने दर्शकों से महात्मा गांधी के बचपन और जीवन के बारे में बात की और कैसे वे दुनिया की महान हस्तियों में से एक बन गए।

27.11 महिला कर्मचारियों का जन्मदिन समारोह

कर्मचारी की संलग्नता को सुधारने और कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से विप्स, सीएमपीडीआईएल, हर महीने के पहले दिन जन्मदिन का आयोजन करती है। सभी महिला कर्मचारी जिनकी जन्म तिथि उस विशेष महीने में आती है, उन्हें उत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इसकी शुरुआत केक काटने और जलपान से होती है। सभी महिला कर्मचारियों को संगठन में अपने अनुभव को साझा करने और कार्य संस्कृति, प्रक्रियाओं आदि में सुधार के लिए विचार और तरीके सुझाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

27.12 2019-20 के दौरान विप्स, सीएमपीडीआईएल द्वारा प्राप्त पुरस्कार और लॉरेल

विप्स, सीएमपीडीआईएल ने 30 वीं राष्ट्रीय मीट ऑफ विप्स, हैदराबाद में 12 फरवरी 2020 को अपनी गतिविधियों के लिए मान्यता पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार तेलंगाना के माननीय राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सुंदरराजन द्वारा दिया गया था।

28.0 निदेशकों का उत्तरदायित्व उक्ति

28.1 वार्षिक लेखे की तैयारी में मेटेरियल डिपार्चर से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण सहित अप्लीकेबल एकाउंटिंग स्टैंडर्ड का अनुपालन किया जा रहा है।

28.2 निदेशकों ने ऐसा लेखा–नीति का चयन किया और उसे लगातार व्यवहार में लाया, जिससे निर्णय और आकलन किया जा सके, जो यथोचित एवं बुद्धिपरक है ताकि यह वित्तीय वर्ष के अंत में इस अवधि के लिए कंपनी की लाभ–हानि के विषय में कंपनी मामलों की स्थिति पर सत्य एवं स्पष्ट विचार किया जा सके।

28.3 निदेशक ने लेखा रिकार्डों के अनुसरण के लिए इस नियम के प्रावधान के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा जालसाजी एवं अन्य अनियमित्ताओं से बचाने एवं इसका पता लगाने के लिए यथेष्ट एवं उपयुक्त ध्यान दिया है।

28.4 निदेशकों ने प्रचलित आधार (गोईंग कन्सर्न) में वार्षिक लेखा तैयार किया है।

28.5 निदेशकों ने संपुष्ट की है कि उन्होंने सभी लागू कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली विकसित की है। इस प्रकार की प्रणाली पर्याप्त था तथा प्रभावी तरीके से काम कर रहा था।

अंकेक्षक :

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से मेसर्स लोदा पटेल, वाधवा एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउन्टेंट, रांची को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी का सांविधिक अंकेक्षक नियुक्त किया गया।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कॉस्ट आडिटर (लागत अंकेक्षक) के रूप में नियुक्त मेंसर्स डीजीएम एंड एसोसिएट को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए जीएसटी अंकेक्षक के रूप में भी नियुक्त किया गया है।

आभारोक्ति

आपके निदेशकगण, भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड तथा इसकी सहायक कंपनियाँ, राज्य सरकार और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों जिसके संपर्क में कंपनी ने चयन किया है तथा कंपनी के कार्यों के पूरा करने में सहयोग एवं प्रोत्साहन दिया है, उसके प्रति आभारी हैं। हम अपने सम्मानित ग्राहकों के प्रति कृतज्ञ हैं, जिन्होंने हम पर और हमारे समर्पित कर्मचारियों पर विश्वास प्रकट किया और हमें संरक्षण दिया।

परिशिष्ट

कंपनी आधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के तहत अपेक्षित ऊर्जा के संरक्षण, टेक्नोजाली एब्जार्पसन और फॉरेन एक्सचेंज अर्निंग एवं आउटगो, अनुसंधान एवं विकास, सीईओ और सीएफओ प्रमाणन, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 के तहत एनुअल रिटर्न का सारांश, कारपोरेट गवर्नेस के अनुपालन पर अंकेक्षकों की रिपोर्ट, सचिवीय अंकेक्षकों की रिपोर्ट, प्रबंधन का जवाब, कंपनी अधिनियम, 2013 की सेक्शन 143 के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंधन का जवाब, एमओयू 2019–20 पर रिपोर्ट तथा मैनेजेरियल पर्सनल के पारिश्रमिक आदि का विस्तृत सूचना पर रिपोर्ट भी, इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

निदेशक मंडल की ओर से एवं वास्ते

08/06/2020

(शेखर सरन)

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

रॉंची

तिथि : 08.06.2020

परिशिष्ट - I

निदेशक मंडली की रिपोर्ट का परिशिष्ट

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन तथा विदेशी मुद्रा का अर्जन एवं खर्च के बारे में निदेशक मंडल की रिपोर्ट के साथ पठित नियम 8 में शामिल किए जाने वाले मामले कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3) (एम) के तहत निदेशकों की रिपोर्ट में दिए जाने के लिए अपेक्षित सूचना।

क) कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए ऊर्जा का संरक्षण

सीएमपीडीआईएल ने वर्ष 2019–20 में ऊर्जा संरक्षण अध्ययन शुरू किया है और बीईई मान्यता प्राप्त ऊर्जा अंकेक्षकों द्वारा कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में स्थित विभिन्न खुली खदान और भूमिगत खानों में विशेष इलेक्ट्रीकल ऊर्जा खपत का बेंचमार्किंग तथा इलेक्ट्रीकल ऊर्जा अंकेक्षण के साथ–साथ स्पेशिफिक डीजल कंजप्सन का बेंचमार्किंग एवं डीजल अंकेक्षण किया गया।

कोल इंडिया के विभिन्न कोयला क्षेत्रों में किए गए डीजल बेंच मार्किंग अध्ययन में डीजल संरक्षण के लिए निम्नलिखित ब्रोड हेड को स्वीकार किया गया।

i) नियोजित एचईएमएम के लिए प्रीवेंटिव मेंटेनेंस मेजर्स को अपनाते हुए तथा लीकेज की पहचान करना और कम करना।

ii) एचईएमएम कंसीडरिंग हॉल रोड कंडीशन्स का स्पीड ऑप्टीमाइजेशन

iii) आइडियल आवर को मिनिमाइज करने के लिए टाइम अध्ययन और एचईएमएम के अनावश्यक मूवमेंट से बचाव

iv) इलेक्ट्रिकल व्हील माउन्टेड एचईएमएम के लिए 0.054 लीटर प्रति बीएचपी घंटे तथा व्हील माउन्टेड के लिए 0.06 लीटर प्रति/बीएचपी घंटे, ट्रैक माउन्टेड के लए 0.1 लीटर/बीएचपी घंटे को सीएमपीडीआईएल आयोजन एवं अभिकल्पन के मानदंड के साथ तुलना।

कोल इंडिया के विभिन्न कोयला क्षेत्रों में इलेक्ट्रीकल एनर्जी आडिट एवं बेंचमार्किंग अध्ययन किया गया। भूमिगत और खुली खदान खानों के क्षेत्र निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रीकल मेजरमेंट एवं 3 वर्षों के हिस्टोरिकल डाटा के आधार पर ट्रेंड एनालिसिस (प्रवृति विश्लेषण) किया गया। निम्नलिखित ऊर्जा संरक्षण विधि अपनाई गई है :

i) डिमांड साइट मैनेजमेंट

ii) संचरण एवं वितरण हानि में कमी

iii) पावर फैक्टर में सुधार

iv) इफिशिएंट इल्यूमिनेशन सिस्टम

v) ट्रांसफर्मर की पहचान कर ट्रांसफार्मेशन हानि में कमी लाना

vi) ऊर्जा की मॉनीटरिंग के लिए एनर्जी मीटर की स्थापना

vii) पम्पिंग प्रणाली में ऊर्जा संरक्षण उपाय

बीईई मान्यता प्राप्त ऊर्जा अंकेक्षकों के द्वारा ऊर्जा अंकेक्षण तथा ऊर्जा बेंचमार्किंग अध्ययन किए गए। कृपया नीचे दी गई तालिका पर ध्यान दिया जाए :

(क.1) वर्ष 2019-20 के लिए सीएमपीडीआई द्वारा उठाए गए ऊर्जा संरक्षण पहल

क.	डीजल अंकेक्षण एवं बेंचमार्किंग	डीजल की खपत	प्रस्तावित बचत संभावना
1.	बीसीसीएल द्वारा चिन्हित 14 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	31088 किलो लीटर	1483 किलो लीटर/वर्ष
2.	सीसीएल द्वारा चिन्हित 30 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	51542 किलो लीटर	2490 किलो लीटर/वर्ष
3.	ईसीएल द्वारा चिन्हित 8 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	29033किलो लीटर	1363 किलो लीटर/वर्ष
4.	एमसीएल द्वारा चिन्हित 12 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	39190 किलो लीटर	1367 किलो लीटर/वर्ष
5.	एनसीएल द्वारा चिन्हित 10 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	110443 किला लीटर	5293 किलो लीटर/वर्ष
6.	एसईसीएल द्वारा चिन्हित 03 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	59696 किलो लीटर	2861 किलो लीटर/वर्ष
7.	डब्ल्यूसीएल द्वारा चिन्हित 14 ओसीपी का वार्षिक बेंचमार्किंग	63197 किलो लीटर	3024 किलो लीटर/वर्ष
ख.	**2019-20 के दौरान इलेक्ट्रीकल ऊर्जा अंकेक्षण एवं बेंचमार्किंग पर किया गया अध्ययन**	**प्रस्तावित निवेश (लाख रू. में)**	**प्रस्तावित बचत संभावना**
1.	सीएमपीडीआई मुख्यालय द्वारा ब्लाक बी ओसीपी, एनसीएल का इलेक्ट्रीकल ऊर्जा अंकेक्षण और बेंचमार्किंग	55.81	85.93 ला. रू./वर्ष
2.	सीएमपीडीआई मुख्यालय द्वारा एनसीएल मुख्यालय का इलेक्ट्रीकल ऊर्जा अंकेक्षण	69.47	72.55 ला. रू./वर्ष
3.	सीएमपीडीआई मुख्यालय द्वारा डब्लू जे एरिया, बीसीसीएल के मूनिडिह यूजी प्रोजेक्ट का इलेक्ट्रीकल ऊर्जा अंकेक्षण	70	192 ला. रू./वर्ष

(क2) वर्ष 2019-20 के लिए सीएमपीडीआईएल द्वारा शुरू कए गए माइन इल्यूमिनेशन रिपोर्ट

क्र.सं.	कार्य विवरण	प्रस्तावित निवेश (लाख रू.में)
1.	एनसीएल के जयंत ओसीपी का इल्यूमिनेशन सर्वेक्षण	994
2.	सीएमपीडीआईएल क्षेत्रीय संस्थान–2, धनबाद द्वारा बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र के एकेडब्लूएमसी प्रोजेक्ट काइल्यूमिनेशन सर्वेक्षण	53.76

(क3) प्रौद्योगिकी समावेशन (एब्जार्पसन) :

रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट / सौर ऊर्जा संयंत्र की पहल

क्षेत्रीय संस्थान - II, धनबाद

- 2019–20 में क्षेत्रीय संस्थान–2 में 30 केडब्लूपी सोलर रूफटॉप पावर प्लांट को चालू किया गया है।

क्षेत्रीय संस्थान - IV, नागपुर

- जून–2019 में क्षेत्रीय संस्थान–IV में 50 केडब्लूपी का सोलर रूफटॉप पावर प्लांट चालू किया गया है।
- रु. 55 लाख की राशि के 100 केडब्लूपी सोलर रूफटॉप पावर के लिए टेंडर किया गया है।
- सीएसआर गतिविधियों के तहत जिला परिषद स्कूल, आनंदवन वरोरा (एमएस) में 6 केडब्लूपी रूफटॉप सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया।

क्षेत्रीय संस्थान - V, बिलासपुर

- कार्यालय भवन में 100 केवीपी रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट की स्थापना, कमीशन और परीक्षण।

ख). विदेशी विनिमय अर्जन और आउटगो :

क्र.सं.	कार्य विवरण	2019-20
1.	उत्पादों और सेवाओं तथा निर्यात योजनाओं के तलए नए निर्यात बाजारों का विकास, निर्यात में वृद्धि की पहल, निर्यात से संबंधित क्रिया–कलाप	कंपनी निर्यात नहीं करती है।
2.	उपयोग और अर्जित किए गए कुल विदेशी विनियम	
	क) अर्जित कुल विदेशी विनियम (करोड़ रू. में)	0.02 करोड़ रू.
	ख) उपयोग किए गए कुल विदेशी विनियम (करोड़ रू. में)	4.50 करोड़ रू.
	(यात्रा व्यय 0.32 करोड़ रू. + अन्य 0.32 करोड रू. + अन्य पूंजीगत सामग्री 3.86 करोड रू.)	

ग) अनुसन्धान और विकास और प्रौद्योगिकी समावेशन

i) एनसीएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल), नेवेली एंड नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तिरूचिरापल्ली), एनआईटीटी), तमिलनाडू, द्वारा ''इलेक्ट्रीफिकेशन ऑफ ग्राउण्ड वाटर कंट्रोल एंड कन्वेयर सिस्टम इन माइन्स'' नामक एक एसएंडटी परियोजना हाल ही में शुरू की गई है। परियोजना की कुल अनुमोदित लागत 179.53 लाख रू. है। [एनएलसीआईएल–113.54 लाख रू. और एनआईटीटीः 65.99 लाख रू.]

- उपर्युक्त परियोजना का प्रमुख उद्देश्य टेम्परेचर वाइब्रेशन बोल्टेज, करेंट आदि को मॉनीटर करने और वायरलेस टेक्नोलॉजी पर आधारित आरएफ/जीपीआरएस के जरिए एनसीआईएल में कन्वेयर प्रणाली के लिए सोल्यूशन आधारित प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोल करने के लिए स्वदेशी कम लागत उच्च कार्य निष्पादन वाली सेंसरर्स का विकास करना है। इस परियोजना में उपकरण संयंत्र को प्रभावित करने से पहले अग्रिम में विभिन्न दोषों का पता लगाने के लिए पारंपरिक और बुद्धिमान तकनीकों का उपयोग करके उपयुक्त दोष का पता लगाने और पहचान (एफडीआई) का डिजाइन किया जाएगा।

घ) प्रौद्योगिकी समावेशन (एब्जार्पसन) :

कोयला सेक्टर में आरएंडडी मुख्यतः खान–सुरक्षा तथा कोयला परिष्करण (विनिर्देशन)/उपयोग तथा खान पर्यावरण पर नियंत्रण जैसे सम्बद्ध क्रिया–कलाप सहित खनन परिचालन में दक्षता मापदंड (पारामीटर) में वृद्धि के लिए है। जबकि कुछ अनुसंधान परियोजनाएँ उद्योग पर सीधे प्रभाव डालती है जबकि कुछ अन्य चालू खानों तथा भावी खनन परियोजनाओं दोनों के लए जरूरी खान आयोजन अभिकल्पन तथा तकनीकी सेवाओं को मजबूत बनाया है।

वर्ष 2019–20 के दौरान इस दिशा में निम्नलिखित अनुसंधान परियोजनाएँ पूरी की जा चुकी है :

1. भारत के दामोदर बेसिन की शेल गैस क्षमता का मूल्यांकन

इस परियोजना को एनजीआरआई, हैदराबाद द्वारा सीएमपीडीआईएल, रांची और सीआईएमएफआर, धनबाद के सहयोग से निष्पादित किया गया था।

इस परियोजना के तहत, दामोदर बेसिन की शेल गैस क्षमता का मूल्यांकन एकीकृत भूभौतिकीय, भूवैज्ञानिक, भू–रासायनिक और पेट्रो भौतिक जांच के माध्यम से किया गया है।

2. एसिड खान जल निकासी और इंडिविजुअल मेटल सल्फाइड की रिकवरी के साथ-साथ उपचार के लिए हाइब्रिड पीआरईएसआरआईएक्स प्रक्रिया

इस परियोजना को आईआईटी, रुड़की ने एनईसी, मार्गेरिटा और एससीसीएल, कोथागुडेम के सहयोग से निष्पादित किया था

इस परियोजना के तहत, एसिड माइन ड्रेनेज (एएमडी) उपचार प्रक्रिया प्रदूषित पानी में अम्लता के निष्प्रभावीकरण द्वारा पर्याप्त क्षारीयता पैदा करके और भारी धातुओं को हटाने और एएमडी की कुल भंग ठोस सामग्री को कम करके किया गया है। साथ ही, वाणिज्यिक मूल्यों वाले एएमडी से क्रमिक रूप से भारी धातु आयनों को पुनर्प्राप्त करने के लिए प्रयास किए गए हैं।

3. गुरुत्वाकर्षण, चुंबकीय और एएमटी डेटा के 3 डी व्युत्क्रम मॉडलिंग का उपयोग करके सिंगरौली कोयला क्षेत्र के मुख्य कोयला बेसिन में विवर्तनिक अध्ययन के लिए एक एकीकृत भू-भौतिक

इस परियोजना को आईआईटी–आइएसएम, धनबाद ने सीएमपीडीआईएल,रांची के सहयोग से क्रियान्वित किया था

इस परियोजना के तहत, सिंगरौली कोयला क्षेत्रों के मुख्य बेसिन में 3 डी पृथ्वी की उप–सतह संरचना को चित्रित करने के लिए गुरुत्वाकर्षण, चुंबकीय और ऑडियो–मैग्नेटोटेलुरिक्स ध्वनि विधियों का एक विवेकपूर्ण संयोजन किया गया था।

क्षेत्र की जांच से मॉडलिंग परिणामों की व्याख्या के आधार पर, प्रमुख परिणाम सूचीबद्ध किए गए

- मुख्य कोयला बेसिन के पश्चिमी क्षेत्र में कोयला सीमों की मोटाई अधिक है, जबकि पूर्वी क्षेत्र में कोयले की सीमों की संख्या कम है। इन दोनों क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखा का सीमांकन किया जा सकता है।
- पांच संभावित कोयला सीमों को मध्य के साथ–साथ पूर्वी क्षेत्र में वितरित किया गया है, यह देखा गया कि कोयला सीमों की संख्या और कोयले की मात्रा मुख्य कोयला बेसिन के पूर्वी क्षेत्र से पश्चिमी की ओर बढ़ती है।
- सामान्य तौर पर तलछट में पूर्वी क्षेत्र के ऊपर बारी–जारिया, कुंडा और पचुर पहाड़ियों के पश्चिम में महत्वपूर्ण मोटाई होती है।
- अध्ययन क्षेत्र के मध्य क्षेत्र के दक्षिण में पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र के बीच एक मध्यम गहरी तहखाने की पहचान की जाती है।
- कोयला सीम और भी तलछटी मोटाई कुकरॉन, तिंगुरी और उत्तरी तलवा और देवरा मोर के उत्तर में घटती है, ई–डब्ल्यू ट्रेंडिंग फॉल्ट जोन के उत्तरी किनारे को समाप्त करती है।
- फ्रैक्चर जोन की उपस्थिति के कारण पूर्वी और मध्य के उत्तर और एन–ई में कई स्थानों पर सीम की मोटाई पतली और नगण्य हो जाती है। हालांकि, विशेष रूप से एमटी डेटा में देखा गया है कि पश्चिमी क्षेत्र में सीम की मोटाई और तलछट दक्षिण की ओर जारी है।
- चुंबकीय विसंगतियों से कई छिपे हुए कोयला सीमों की उपस्थिति और दोषों, फ्रैक्चर जैसे कई टेक्टोनिक विशेषताओं की मौजूदगी की संभावना है।

4. हाई ऐश भारतीय थर्मल कोयले का ड्राई बेनिफिकेशन:

इस परियोजना को एनएमएल, जमशेदपुर द्वारा सीएमपीडीआईएल, रांची के सहयोग से निष्पादित किया गया था।

यह परियोजना सीएमपीडीआईएल तथा सीसीएल, राँची के सहयोग से आईआईटी, रूड़की द्वारा कार्यान्वित की गई है।

इस अध्ययन के तहत, एमसीएल के लखनपुर क्षेत्र, इब वैली और तालचेर कोयला क्षेत्रों के गैर–कोकिंग कोयलों के शुष्क लाभकारीकरण का अध्ययन किया गया है, जो थर्मल पावर प्लांट में आवेदन के लिए

34% राख के लिए स्वच्छ कोयला उत्पादन के लिए वायु–द्रवीकरण कंपन डेक विभाजक तकनीक द्वारा अध्ययन किया गया है।

पायलट पैमाने के परिणाम के आधार पर, धोया हुआ कोयला (34% राख) की वसूली को अधिकतम करने के लिए उपरोक्त कोयले के ड्राई बेनिफिकेशन के लिए प्रक्रिया प्रवाह पत्रक तैयार किए गए हैं। हिंगुला और लखनपुर की कोयले के आकार -50+3 मिमी और -50+6 मिमी से कोयले के वेट और ड्राई बेनिफिकेशन को एनएमएल में आयोजित किया गया और यह पाया गया कि ड्राई बेनिफिकेशन के परिणाम वेट बेनिफिकेशन के करीब हैं। ड्राई बेनिफिकेशन पर अलग–अलग नमी की मात्रा का प्रभाव और अध्ययन के तहत सेपेरेशन प्रदर्शन पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया गया है।

उपरोक्त तकनीक का उपयोग वाशरी स्थापित करने के लिए किया जा सकता है जो पानी के बिना चल सकता है। पानी से जुड़े पर्यावरणीय मुद्दों को भी समाप्त किया जा सकता है।

5. *भूगर्भीयडेटा प्रसंस्करण, व्याख्या और संसाधन निरंतरता के लिए उलटे सत्त तरंगिका ट्रांसफॉर्म डेकोवोल्यूशन (आईसीडब्लूटी- डेकोन) का उपयोग करते हुए कोयले के पतले सीम की पहचान*

इस परियोजना को गुजरात एनर्जी रिसर्च एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (जीईआरएमआई), गांधी नगर द्वारा सीईएमपीडीआईएल, रांची के सहयोग से निष्पादित किया गया था।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आईसीडब्ल्यूटी–डेकोन नामक एक सॉफ्टवेयर विकसित करके, कोयले की पतली सहित विभिन्न कोयला सीमों का परिसीमन करना था। विकसित सॉफ्टवेयर संसाधनों का आकलन करने के लिए कोयले के पतले सीम सहित कोयला सीम की विभिन्न परतों को रिसोल्व और अलग कर सकता है।

विकसित सॉफ्टवेयर को सीएमपीडीआईएल में मौजूद पैराडाइम सॉफ्टवेयर, सीस्मिक डेटा प्रोसेसिंग और इंटरप्रिटेशन सॉफ्टवेयर के लिए अतिरिक्त पैकेज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपर्युक्त अनुसंधान कार्य के माध्यम से प्राप्त होने वाले परियोजना लाभ निम्न हैं :

- सहसंबंध के लिए कुछ बोरहोल के साथ 2डी भूगर्भीय आंकड़ों की एकीकृत व्याख्या संसाधनों को प्रमाणित श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान करेगी और साथ ही यह कोयले की संरचना, दोष, कोयले की गुणवत्ता और आगे की योजना के लिए अन्य जानकारी प्रदान करेगी।
- उपरोक्त परियोजना प्रभावी मानचित्रण और इंडिविजुअल कोयला सीम लागत के लिए एक वर्कफ्लो लाएगी।
- परियोजना कोयले के लिए त्वरित अन्वेषण और भूगर्भीय और सीमित कोर कुओं के साथ कोयला भंडार के आकलन के लिए गुंजाइश प्रदान करेगी।
- आईसीडब्ल्यूटी–डेकोन सॉफ्टवेयर सीएमपीडीआईएल भू–वैज्ञानिकों के लिए उपयोगी होगा जो इंडिविजुअल कोयले के सीम के विस्तार के लिए संकल्प को बढ़ाएगा।
- यह कोयला सीमों के अन्वेषण और दोहन के लिए आवश्यक ग्रिड 2डी और 3डी भूगर्भीय आंकड़ों के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

6. *कोयले की खदानों में ब्लास्टिंग ओवरबर्डन के लिए कम घनत्व वाले छिद्रयुक्त अमोनियम नाइट्रेट के साथ एएनएफओ की तकनीकी-व्यावसायिक प्रभावकारिता का अध्ययन*

सीएमपीडीआईएल, रांची द्वारा डीएफपीसीएल, पुणे और डब्ल्यूसीएल, नागपुर के सहयोग से इस परियोजना को अंजाम दिया गया।

इस आरएंडडी परियोजना का मुख्य उद्देश्य एएनएफओ विस्फोटकों की तकनीकी–आर्थिक प्रभावकारिता का पता लगाना था, जिसमें सीआईएल की खानों में कम घनत्व, पोरस, ऊष्मीय रूप से स्थिर, प्रिल्ड अमोनियम

नाइट्रेट के साथ एसएमई (स्लरी मिक्स्ड इमल्शन–कॉलम चार्ज विस्फोटक) जैसे पारंपरिक विस्फोटक थे। पाउडर फैक्टर (पीएफ) के सन्दर्भ में, पोस्ट ब्लास्ट एनालिसिस आदि के लिए इसके ठोस और सुस्पष्ट ब्लास्ट छेद में फील्ड ट्रेल्स के साथ मूर्अत और मूर्त लाभ थे।

चंद्रपुर ओसीपी में किए गए परीक्षण विस्फोटों के डेटा विश्लेषण के आधार पर एएनएफओ और इमल्शन विस्फोटक दोनों के साथ विस्फोट के पैटर्न और परिणामों की पहचान की गई थी और उन्हें निकाला गया था। इसके बाद, निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए हैं:

- एएनएफओ के मामले में औसत पाउडर का कारक 2.44 है और एसएमई के मामले में 1.69 है। यह इंगित करता है कि 44.37% उच्च औसत पाउडर फैक्टर मान एसएमई के सम्बन्ध ब्लास्टिंग के लिए विस्फोटक के रूप में एएनएफओ के उपयोग के साथ प्राप्त किया जा सकता है। इसका तात्पर्य है कि एएनएफओ का उपयोग करके लगभग 44.37 से 53.34% उच्च पाउडर फैक्टर प्राप्त किया जा सकता है।
- यह पाया गया है कि एसएमई के बजाय एएनएफओ विस्फोटक के उपयोग से प्रति क्यूबिक मीटर रु. 0.52 से रु. 3.77 तक की बचत होगी। यह बचत बहुत बड़ी होगी क्योंकि ओपेकैस्ट खदानों से कोयले की खुदाई के लिए ओबी की एक बड़ी मात्रा को वार्षिक रूप से हटाया जाता है।

7. सतह खनन ढलानों की सुरक्षा जोनिंग में ग्राउंड आधारित इंटरफेरोमेट्री सिंथेटिक एपर्चर रडार (GbInSAR) की प्रयोज्यता और प्रदर्शन का आकलन

इस परियोजना को आईआईटी, खड़गपुर ने ईसीएल, सैंक्टोरिया के साथ मिलकर क्रियान्वित किया था।

उपरोक्त परियोजना का मुख्य उद्देश्य आरएंडडी प्रयासों के माध्यम से ब्लास्टिंग टाइम को शामिल करते हुए मौजूदा ओवरबर्डन (ओबी) डंप के इष्टतम ढलान डिजाइन और प्रबंधन के लिए दिशा–निर्देश तथा सिफारिशें करने के लिए वास्तविक समय (24X7, 365 दिन) के आधार पर सतह खनन ढलानों की सुरक्षा जोनिंग में ग्राउंड आधारित इंटरफेरोमेट्रिक सिंथेटिक एपर्चर रडार की प्रयोज्यता और प्रदर्शन का आकलन करना था।

उपरोक्त परियोजना के परिणाम वास्तविक समय में गतिशील लोडिंग के मामले में, बहुत धीमी ढलान गति /विस्थापन और मौजूदा उच्च ओवरबर्डन (ओबी) डंप में तनाव के निर्माण मामले में अग्रिम पूर्व–विफलता संकेत प्रदान करेंगे। सोनपुर बाजारी खुली खनन परियोजना, ईसीएल को परियोजना के निष्पादन के लिए पहचाना गया।

परिशिष्ट - II

सेवा में,
निदेशक मंडल,
सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लि.,

सीईओ एवं सीएफओ प्रमाणन

हम, शेखर सरन, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक एवं बी.के पाण्डेय, महाप्रबंधक (वित्त)/सीएफओ जो कि वित्तीय कार्यों के लिए जिम्मेवार है, प्रमाणित करते हैं कि :

क. हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरण तथा नकद प्रवाह के विवरण की समीक्षा की है तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार :

i. इन विवरणों में न तो कोई भी वस्तुपरक असत्य विवरण शामिल है, न ही कोई प्रमुख तथ्य छोड़ दिया गया है और न ही कोई गुमराह करने वाला विवरण शामिल किया गया है।

ii. ये विवरण कंपनी के कार्यों का सच्चा एवं सही चित्र प्रस्तुत करते हैं तथा विद्यमान लेखा मानकों, लागू कानून एवं विनियमों के अनुरूप हैं।

ख. हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा किया गया कोई भी लेन–देन कपटपूर्ण, गैर–कानूनी एवं कंपनी की आचार संहिता का उल्लंघन करने वाला नहीं है।

ग. वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण की स्थापना एवं रख–रखाव हेतु हम अपनी जिम्मेवारी स्वीकार करते हैं तथा हमने वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है तथा ऐसे आन्तरिक नियंत्रण के डिजाइन अथवा संचालन में यदि कोई कमियाँ हैं तो उनके बारे में आडिटरों तथा ऑडिट समितियों को बताया है एवं इनके बारे में उन्हें जानकारी है वे इन कमियों को दूर करने के लिए कदम उठा रहे हैं अथवा उनके द्वारा प्रस्तावित हैं।

घ. हमने आडिटरों तथा ऑडिट समितियों को निम्नलिखित जानकारी दी है :

i. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्ट के संदर्भ के अंतर्गत आंतरिक नियंत्रण में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ है।

ii. मैटीरियल्टी नीति में परिवर्तन हुआ है। दिनांक 01.04.2019 से चालू वर्ष में खोजे गए पूर्व अवधि से सम्बंधित एरर/ओमिसंस को अपरिवर्तित माना जाता है और चालू वर्ष के दौरान समायोजित किया जाता है, अगर इस तरह की सभी त्रुटियां और चूक कंपनी के अंतिम लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार परिचालन से कुल राजस्व का 1% से अधिक नहीं हैं (वैधानिक शुल्क का नेट)।

iii. किसी बड़े धोखाधड़ी के किसी भी दृष्टांत के बारे में, जिसमें प्रबंधन की भूमिका हो अथवा किसी ऐसे कर्मचारी जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका हो, की कोई जानकारी हमें नहीं है।

08/04/2020

(बी.के पाण्डेय)
महाप्रबंधक (वित्त)

(शेखर सरन)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

परिशिष्ट - III

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

M. No. : A45022
C. P. No. : 17016
Email ID: sj@way2corporates.in

निगमित शासन अनुपालन का प्रमाण–पत्र

कंपनी का सीआईएन	:	यू 14292 जेएच 1975 जीओई 001223
नॉमिनल पूंजी	:	150,00,00,000 रू. (एक सौ पचास करोड़ रू.)
प्रदत्त पूंजी	:	38,08,00,000 रू. (अड़तीस करोड़ आठ लाख रू. मात्र)

सेवा में,

सदस्यगण,
सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड,
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची– 834 008

हमने केंद्रीय लोक उपक्रमों के लिए लोक उद्यम विभाग (डीपीई), के दिशा–निर्देश 2010 की शर्तों के अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (दि ''कंपनी'') द्वारा निगमित शासन के अनुपालन की स्थिति की जाँच की है।

हमारी जाँच का सारांश नीचे दिया गया है :

1. निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन करना कंपनी की जिम्मेवारी है। हमारे द्वारा की गई जाँच भारत के कंपनी सचिव के संस्थान एवं लोक उपक्रम विभाग के दिशा–निर्देश 2010 में उद्धृत निगमित शासन के दिशा–निर्देश के अनुरूप है। यह जाँच निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपानई गई प्रक्रिया तथा उसके कार्यान्वयन तक ही सीमित थी। यह न तो कंपनी की वित्तीय स्थिति पर राय है और न ही अंकेक्षण है। हमने प्रमाणन के उद्देश्य से अपनी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सभी आवश्यक जानकारी एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिया है तथा हमारे द्वारा अपेक्षित इस तरह के सभी अभिलेख, दस्तावेज तथा प्रमाण–पत्र आदि उपलब्ध करवाया गया है।

2. हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण तथा निदेशक और प्रबंधन द्वारा दिए गए अभ्यावेदन के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधान तथा इस संबंध में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी अनेक माड्यूलों तथा मानक के अनुसार स्वच्छ (अच्छा) शासन (गुड गवर्नेन्स) की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए जारी कानून तथा मानक के अनुपालन हेतु कदम उठाया है।

1. निदेशक-मंडल :

कंपनी का कार्य व्यापार निदेशक–मंडल द्वारा संचालिय किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति समय–समय पर कंपनी के निदेशकों की संख्या का निर्धारण करते हैं। निदेशक को किसी तरह का क्वालिफिकेशन शेयर रखने की जरूरत नहीं है। अध्यक्ष, कार्यकारी निदेशक, अंशकालिक सरकारी निदेशक तथा गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशकों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान तथा नियुक्ति आदेश के अनुबंध एवं शर्त के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित वेतन, भत्ते एवं सिटिंग फीस का भुगतान किया जाता है।

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

M. No. : A45022
C. P. No. : 17016
Email ID: sj@way2corporates.in

क) बोर्ड का आकार :

कंपनी के आर्टिकल ऑफ असोसिएशन के अुनसार हमारे बोर्ड में 3 से कम तथा 15 से अधिक निदेशक नहीं होंगे। ये निदेशक पूर्णकालिक निदेशक/कार्यकारी निदेशक नहीं होंगे। ये निदेशक पूर्णकालिक निदेशक/कार्यकारी निदेशक या सरकारी अंशकालिक निदेशक या गैर–सरकारी अंशकालिक/स्वतंत्र निदेशक हो सकते हैं।

ख) निदेशक मंडल का कोटिवार गठन :

31 मार्च, 2020 के अनुसार सीएमपीडीआई के निदेशक मंडल में 10 सदस्य हैं, जिनमें से अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सहित पांच पूर्णकालिक निदेशक,दो सरकारी अंशकालिक निदेशकतथा तीन गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक हैं। इस बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष श्री शेखर सरन हैं। कंपनी के बोर्ड में एक महिला निदेशक सहित तीन स्वतंत्र निदेशक हैं। पूर्व में नियुक्त स्वतंत्र निदेशक के सेवा समाप्ति के बाद भारत सरकार, कोयला मंत्रालय के द्वारा शेष दो निदेशकों की नियुक्ति अभी की जानी बाकी है। वास्वत में, बोर्ड के गठन के बारे में निगमित शासन के दिशा–निर्देश का अनुसरण स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के बाद में ही किया जा सकता है।

31 मार्च, 2020 की तिथि के अनुसार बोर्ड का गठन इस प्रकार है :

I. पूर्णकालिक निदेशक :

क) अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

1) श्री शेखर सरन

ख) कार्यकारी निदेशक

2) श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्रा

3) श्री रबीन्द्रनाथ झा

4) श्री अनिल कुमार राना

5) श्री सतेन्द्र कुमार गोमस्ता

II. **अंशकालिक सरकारी निदेशक :**

1) श्री विनय दयाल

2) डॉ. अनिन्द्य सिन्हा

III. **स्वतंत्र निदेशक :**

1) डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय

2) श्रीमती अलका पंडा

3) श्री प्रमोद सिंह चौहान

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

IV. स्थायी आमंत्रित सदस्य

1) श्री अजितेश कुमार

ग) आयोजित बैठकों की संख्या एवं तिथि :

निदेशक–मंडल कंपनी का सर्वोच्च निकाय (बॉडी) है, जो कंपनी का संपूर्ण कार्य का पर्यवेक्षण करता है। वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान 10 बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई।

क्र.सं.	बैठकों की संख्या	दिनांक	दिन	बैठक का स्थल
1.	223वीं	21.5.2019	मंगलवार	सीआईएल, नई दिल्ली
2.	224वीं	29.5.2019	बुधवार	सीआईएल, नई दिल्ली
3.	225वीं	29.06.2019	शनिवार	दार्जीलिंग
4.	226वीं	29.07.2019	सोमवार	सीआईएल, नई दिल्ली
5.	227वीं	18.9.2019	बुधवार	सीएमपीडीआई
6.	228वीं	29.10.2019	मंगलवार	सीएमपीडीआई
7.	229वीं	09.11.2019	शनिवार	सीएमपीडीआई
8.	230वीं	28.12.2019	शनिवार	सीएमपीडीआई
9.	231वीं	27.01.2020	सोमवार	सीएमपीडीआई
10.	232वीं	17.3.2020	मंगलवार	सीएमपीडीआई

2. (क) अंकेक्षण समिति का प्राथमिक कार्य सामान्यतः वित्त से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, लेखा तथा कंपनी का अंकेक्षण, वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली, वित्तीय रिपोर्ट की समीक्षा कर ओवरसाइट दायित्वों को पूरा करने में निदेशक–मंडल की सहायता करना है।

लेखा परिक्षण समिति आतंरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा करती है,वैधानिक लेखा परीक्षकों से मिलकर उनके निष्कर्षों, सुझावों और अन्य सम्बंधित मामलों पर चर्चा करती है और कंपनी द्वारा स्वीकृत प्रमुख लेखा नीतियों की समीक्षा करती है।

ख) विचारार्थ विषय :

अंकेक्षण समिति का विचारार्थ विषय, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के अनुसार तथा भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा सीपीएसईएस के कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार होता है।

अंकेक्षण समिति के विचार–विमर्श में निम्नलिखित के साथ सभी प्रकार के वाणिज्यिक पहलू शामिल हैः

क) बोर्ड के समक्ष पेश करने से पहले वित्तीय विवरण की समीक्षा

ख) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली समय–समय पर समीक्षा

ग) सरकारी अंकेक्षण तथा साविधिक अंकेक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

M. No. : A45022
C. P. No. : 17016
Email ID: sj@way2corporates.in

घ) मानक पारामीटर की तुलना में परिचालन उपलब्धि की समीक्षा

ङ) परियोजना एवं अन्य पूंजीगत (बड़ी) योजनाओं की समीक्षा

च) आंतरिक अंकेक्षण का जाँच–परिणाम/टिप्पणी की समीक्षा

छ) अनुकूल एवं कारगर आंतरिक अंकेक्षण कार्य का विकास

ज) बोर्ड द्वारा प्रेषित मामलों के साथ–साथ किसी भी तरह के मामलों का विशेष अध्ययन/तहकीकात करना

ग) अंकेक्षण समिति का कार्य-क्षेत्र :

1. वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त एवं विश्वनीय है, यह सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा वित्तीय जानकारी के प्रकटीकरण का पर्यवेक्षण।
2. अंकेक्षण शुल्क निर्धारित करने के लिए बोर्ड के पास अनुशंसा करना।
3. सांविधिक अंकेक्षकों द्वारा दी गई कोई अन्य सेवा के लिए भुगतान हेतु अनुमोदन।
4. खासकर निम्नलिखित मामल्रे में अनुमोदन हेतु बोर्ड के समक्ष पेश करने से पहले प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्तीय विवरण की समीक्षा :
   - क) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) तथा 134(5) के संदर्भ में बोर्ड रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले निदेशकों के दायित्व में सम्मिलित मामले
   - ख) लेखा नीति तथा प्रचलन में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसका कारण।
   - ग) प्रबंधन द्वारा निर्णय देने की प्रक्रिया के आधार पर प्राक्कलन सहित महत्वपूर्ण लेखे की प्रविष्टि
   - घ) अंकेक्षण परिणाम से उत्पन्न वित्तीय विवरण में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन।
   - ड.) वित्तीय विवरण से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं (प्रयोज्य नियम, विनियमन एवं कंपनी की नीति) का अनुपालन
   - च.) किसी भी संबंधित पार्टी मामलों का प्रकटीकरण (डिस्क्लोजर) तथा
   - (छ) मसौदा अंकेक्षण रिपोर्ट में योग्यता (क्वालिफिकेशन)
5. अनुमोदन हेतु बोर्ड में प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ वित्तीय विवरण की समीक्षा करना।
6. आंतरिक अंकेक्षकों का कार्य निष्पादन तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की उपयुक्तता का प्रबंधन के साथ समीक्षा करना।
7. आंतरिक अंकेक्षण कार्य, यदि कोई हो, की उपयुक्तता की समीक्षा, जिसमें आंतरिक अंकेक्षण विभाग की संरचना, कर्मचारियों तथा विभाग के नेतृत्व करने वाले अधिकारियों की वरीयता, आंतरिक अंकेक्षण का रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर कवरेज तथा आंतरिक अंकेक्षण की आवृति शामिल है।
8. कोई महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा उससे संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई, यदि कोई हो, पर आंतरिक अंकेक्षण तथा/अथवा अंकेक्षक के साथ विचार विमर्श करना।

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

9. आंतरिक अंकेक्षकों/अंकेक्षकों/एजेसिंयों द्वारा किसी आंतरिक जाँच के निष्कर्षों की समीक्षा करना, जिसमें महत्वपूर्ण (मैटिरियल) प्रकृति के संदिग्ध धोखाधड़ी या अनियमितता या आंतरिक नियंत्रण की विफलता हो तथा इस मामले की रिपोर्ट बोर्ड को देना।
10. अंकेक्षण की प्रकृति तथा कार्यक्षेत्र इससे संबंधित किसी भी क्षेत्र का पता लगाने के लिए पोस्ट ऑडिट विचार–विमर्श, के साथ–साथ ऑडिट कामनसेंस के पहले सांविधिक अंकेक्षण के साथ विचार–विमर्श करना।
11. व्हिसिल ब्लोअर मैकेनिज्म कीकार्यप्रणाली की समीक्षा करना।
12. सी एंड एजी ऑडिट के अंकेक्षण टिप्पणी पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करना।
13. स्वतंत्र अंकेक्षक, आंतरिक अंकेक्षक तथा बोर्ड आफ डाइरेक्टर्स के बीच सम्पर्क हेतु खुला मंच उपलब्ध कराना।
14. कंपनी के सभी संबंधित पार्टी लेन–देन की समीक्षा करना तथा अनुमोदित करना। इस उद्देश्य के लिए अंकेक्षण समिति एक ऐसे सदस्य को नामित कर सकता है, जो इन्स्टीच्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंड आफ इंडिया द्वारा जारी एकाउटिंग स्टैंडर्ड 18 में वर्णित पार्टी ट्रांजेक्शन से संबंधित पुनरीक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।
15. कवरेज, की संपूर्णता, अनावश्यक प्रयास में कटौती तथा सभी आडिट संसाधनों के प्रभावी इस्तेमाल को सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्र ऑडिटर के साथ पुनरीक्षण करना।
16. आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्ता के साथ–साथ कम्प्यूटरीकृत सूचना प्रबंधन नियंत्रण एवं सुरक्षा तथा संबंधित निष्कर्ष पर स्वतंत्र अंकेक्षकों के साथ समीक्षा और आंतरिक अंकेक्षक एवं स्वतंत्र अंकेक्षकों की अनुशंसा के साथ–साथ प्रबंधन का प्रत्युर।
17. विवेच्य वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण परिणाम (निष्कर्ष) पर प्रबंधन, आंतरिक अंकेक्षण तथा स्वतंत्र अंकेक्षकों के साथ विचार एवं समीक्षा जिसमें गत अंकेक्षण अनुशंसा की स्थिति तथा अंकेक्षण कार्य के दौरान सामना की गई कठिनाइयों के साथ–साथ कार्य क्षेत्र या अपेक्षित सूचना तक पहुँचने में किसी तरह की रूकावट शामिल है।
18. डिपोजिटर, डिबेन्चर होल्डर, शेयर होल्डर (घोषित डिविडेंट का भुगतान न करने के मामले) और क्रेडिटर्स को भुगतान।
19. संसद के लोक उपक्रमों की समिति (कोपु) की अनुशंसाओं पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।
20. अंकेक्षण समिति के विचारार्थ विषय में यथा उल्लेखित को अन्य कार्य करना।

घ) अंकेक्षण समिति के अधिकार

अंकेक्षण समिति को इसकी भूमिका के अनुरूप अधिकार भी प्राप्त रहेगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :

1. विचारार्थ विषय के भीतर किसी भी क्रिया–कलापों की जाँच करना।
2. किसी भी कर्मचारी से सूचना (जानकारी) प्राप्त करना।

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

M. No. : A45022
C. P. No. : 17016
Email ID: sj@way2corporates.in

3. बाहरी कानूनी या अन्य व्यावसायिक सलाह प्राप्त करना।
4. संबंधित विशेषज्ञता वाले आउटसाइडरों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, यदि आवश्यक हो,
5. मुखबिरों (विसिल ब्लोअर) की रक्षा करना।
6. अंकेक्षकों की स्वतंत्रता को सशक्त कर कनफ्लिक्ट ऑफ इन्टरेस्ट को समाप्त करना।
7. आंतरिक नियंत्रण एवं जोखिम प्रबंधन की प्रभावकारिता सुनिश्चित करना।

ड.) अंकेक्षण समिति द्वारा सूचना की समीक्षा :

अंकेक्षण समिति निम्नलिखित सूचनाओं की समीक्षा करेगी :

i. वित्तीय स्थिति तथा कार्य के परिणामों पर प्रबंधन के साथ मिलकर विचार–विमर्श तथा विश्लेषण।
ii. प्रबंधन द्वारा सुपुर्द संबंधित पार्टी लेनदेन का विवरण।
iii. सांविधिक अंकेक्षकों द्वारा जारी कमियों पर आंतरिक नियंत्रण का पत्र/प्रबंधन का पत्र।
iv. आंतरिक नियंत्रण (इंटरनल कंट्रोल विकनेसेज) से संबंधित आंतरिक अंकेक्षण रिपोर्ट।
v. मुख्य आंतरिक अंकेक्षकों की नियुक्ति तथा पदच्युति को अंकेक्षण समिति के समक्ष रखा जाएगा तथा,
vi. मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्त अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरण का प्रमाणन/घोषणा।

च) गठनः

31/03/2020 को,अंकेक्षण समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं तथा इसकी अध्यक्षता गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) द्वारा की जाती है :

क्र.सं.	निदेशक के नाम	स्थिति	
1.	श्रीमती अलका पंडा	अध्यक्ष (17.11.2019 से) सदस्य–(10.07.2019 से16.11.2019 तक)	स्वतन्त्र निदेशक
2	श्री बिनय दयाल	सदस्य–(09.11.2017 से)	सरकारी अंशकालिक निदेशक
3.	डा.अनिंद्या सिन्हा	सदस्य (09.03.2018 से)	सरकारी अंशकालिक निदेशक
4.	डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	सदस्य– (10.07.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
5.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य–(17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
6.	श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्रा	सदस्य–(29.05.2019 से)	कार्यकारी निदेशक

महाप्रबंधक (वित्त), महाप्रबंधक (आईएडी) और सांविधिक अंकेक्षक को आडिट कमिटि की बैठक में आमंत्रित किया जाता है। कंपनी सचिव इस समिति के सचिव होते हैं। समिति को आवश्यक स्पष्टीकरण देने के लिए, जब और जहाँ जरूरत हो, वरीय कार्यकारी अधिकारी को भी बुलाया जाता है। आंतरिक अंकेक्षण विभाग आडिट कमिटि की बैठक को आयोजित और संपन्न करने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध करता है।

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

छ) वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान आयोजित अंकेक्षण समिति की बैठक का विवरण :

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान क्रमशः दिनांक : 21.5.2019, 29.5.2019, 28.6.2019, 29.7.2019, 18.9.2019, 29.10.2019, 27.01.2020, और 17.3.2020 को कुल आठ बैठकें आयोजित की गई।

3. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

निगमित शासन के सर्वोत्तम प्रक्रिया का अनुसरण करने तथा निगमित शासन का अनुपालन करने एवं स्टॉक एक्सचेंज के साथ कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा किए गए करार की लिस्टिंग करवाने के लिए दिनांकः 30.12.2015 को आयोजित बोर्ड की 191वीं बैठक में सीएमपीडीआईएल के नामांकन एवं पारिश्रमिक कमिटि का गठन किया गया।

क) गठन

दिनांक : 09.11.2019 को आयोजित 229वीं बोर्ड की बैठक में सीएमपीडीआईएल के नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया, जिसमें निम्नलखित सदस्य शामिल हैं और इसकी अध्यक्षता गैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) द्वारा की जाती है :

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	
1.	श्रीमती अलका पंडा	अध्यक्ष (17.11.2019 से)	स्वतंत्र निदेशक
2.	डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	सदस्य (17.11.2019 से)	स्वतंत्र निदेशक
3.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य (17.11.2019 से)	स्वतंत्र निदेशक
4.	डा. अनिंद्या सिन्हा	सदस्य (12.05.2018 से)	सरकारी अंशकालिक निदेशक
5.	श्री कौशलेन्द्र कुमार मिश्रा	परमानेंट इनवाईटी (17.11.2019 से)	कार्यकारी निदेशक

कंपनी सचिव इस समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे तथा इस समिति को सभी तरह की सेवाएँ प्रदान करने के लिए महाप्रबंधक (का. एवं प्र.) नोडल अधिकारी होंगे।

ख. वित्त वर्ष 19–20 में नॉमिनेशन और पारिश्रमिक समिति की बैठकों का विवरण

वित्त वर्ष 19–20 के दौरान कोई बैठक आयोजित नहीं की गयी

4.0 सीएसआर कमिटी:

निगमित सामाजिक दायित्व तथा सस्टेनेबिलिटि कंपनी की अपने स्टेक होल्डरों के प्रति प्रतिबद्धता है, जो कंपनी आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणिक रूप से सस्टेनेबल तरीके से कार्य व्यापार सम्पन्न करने से संबंधित है, जो पारदर्शी तथा नीतिपरक हो। स्टेक होल्डरों में कर्मचारी, निदेशक, शेयर होल्डर, ग्राहक, बिजनेस पार्टनर, सिविल सोसायटी ग्रूप, सरकारी तथा गैर–सरकारी संगठन, स्थानीय समुदाय, पर्यावरण एवं बड़े पैमाने पर समाज शामिल है।

प्रत्येक सीपीएसईएस को बोर्ड स्तर की एक समिति होती है, जिसकी अध्यक्षता या तो अध्यक्ष तथा/अथवा प्रबंध निदेशक अथवा एक स्वतंत्र निदेशक करते हैं और ये 1.4.2013 के तत्काल प्रभाव से डीपीई द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुसार इच्छित दिशा में कंपनी–बोर्ड के इस एजेंडा को लागू करने और नीति तथा रणनीति

Surabhi Jain, ACS
Company Secretary

M. No. : A45022
C. P. No. : 17016
Email ID: sj@way2corporates.in

बनाने के लिए निदेशक मंडल को सहयोग एवं कंपनी के सीएसआर तथा सस्टेनेबल नीति को कार्यान्वित करते हैं। दिशा–निर्देशों में, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सस्टेबिलिटि, एमओयू में गैर–वित्तीय परामीटरों के तहत एक आवश्यक घटक के रूप में शामिल किया जा चुका है।

इस दिशा–निर्देश के अनुरूप 10.05.2013 को आयोजित 172वीं बैठक में बोर्ड ने सीएसआर समिति का गठन किया है।

कऋ गठन :

31/03/2020 को,सीएसआर कमिटि में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं तथा इसके अध्यक्षगैर–सरकारी अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) हैं।

क्र.सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	
1.	श्री प्रमोद सिंह चौहान	सदस्य (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
2.	श्रीमती अलका पंडा	अध्यक्ष (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
3.	डॉ. कृष्ण चन्द्र पाण्डेय	सदस्य (17.11.2019 से)	स्वतन्त्र निदेशक
4.	श्री के.के.मिश्रा	सदस्य (21.05.2019 से)	कार्यकारी निदेशक
5.	श्री रबीन्द्रनाथ झा	सदस्य (17.11.2019 से)	कार्यकारी निदेशक

महाप्रबंधक (एचआरडी) कमिटि के नोडल अधिकारी हैं, जो सीएसआर कमिटि को सारी सेवाएँ उपलब्ध कराएँगे।

ख) वित्तीय वर्ष 2019-20 में आयोजित सीएसआर समिति की बैठक का ब्यौरा

वित्तीय वर्ष 2019–20 में दिनांक 29.05.2019, 29.07.2019, 17.09.2019, 27.01.2020, तथा 17.3.2020 को कुल 5 (पांच) बैठकें आयोजित की गईं।

आगे हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि यह अनुपालन न तो कंपनी के भविष्य की व्यवहार्यता है और न ही इसकी दक्षता या प्रभावकारित के रूप में है, जिसे प्रबंधन ने कंपनी के मामले को संचालित किया है।

कृते सुरभि जैन
कंपनी सचिव

Surabhi

(सुरभि जैन)
एसीएस संख्या : 45022
सी.पी. संख्या : 17016

स्थान : राँची
दिनांक : 02.06.2020

परिशिष्ट - IV

लोधा पटेल वाधवा एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स
304ए श्रीलोक कंपलेक्स, 4 एच.बी. रोड, राँची - 834001

स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट

सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट के सदस्यगण

वित्तीय विवरण के अंकेक्षण पर रिपोर्ट

विचार

हमने सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड ''दि कंपनी'' का संलग्न वित्तीय विवरण का अंकेक्षण किया है, जिसमें 31 मार्च, 2020 के अनुसार तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि का विवरण (अन्य विस्तृत आय सहित), उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन का विवरण तथा नकद प्रवाह का विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश व अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएँ शामिल हैं।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दी गई सूचना के अनुसार, उपयुक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 (दी एक्ट) द्वारा अपेक्षित जानकारी देता है तथा अधिनियम की धारा 133 में विहित भारतीय लेखा मानकों दी कंपनीज (इंडियन आकाउंटिंग स्टैंडर्ड) नियम 2015, यथा संशोधित ("Ind As") के साथ पठित तथा 31 मार्च, 2019 तक कंपनी की स्थिति से संबंधित भारत में सामान्यतः स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार सकल विस्तृत आय, उस तिथि को समाप्त वर्ष में इक्विटी तथा उसके नकद प्रवाहों में परिवर्तन के बारे में सत्य और स्पष्ट दृष्टिकोण देता है।

विचार के लिए आधार:

वित्तीय विवरण के अंकेक्षण का संचालन, हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत वर्णित अंकेक्षण के मानकों के अनुसार किया है। उन मानकों के अंतर्गत हमारे दायित्वों का विसतृत वर्णन वित्तीय विवरणों के अंकेक्षण हमारी रिपोर्ट के लिए अंकेक्षकों के दायित्व से संबंधित अनुभाग में किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंटस् ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा जारी कोड ऑफ एथिक्स के साथ–साथ कंपनी अधिनियम 2013 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों, जो नैतिक आवश्यकताओं से संबंधित हैं और वित्तीय विवरण के हमारे अंकेक्षण के लिए प्रासंगित हैं, के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं तथा (ICAI) के कोड ऑफ एथिक्स के अनुसार अन्य नैतिक दायित्वों को पूरा किया है। हमें विश्वास है कि अंकेक्षण के लिए जो प्रमाण हमने प्राप्त किया है, वह वित्तीय विवरण के अंकेक्षण विचार (audit Opinion) आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

अंकेक्षण के मुख्य मुद्दे :

अंकेक्षकों की हमारी रिपोर्ट का यह भाग प्रबंधन के साथ आदान–प्रदान किए गए उन चुनिन्दा मुद्दों को वर्णित करने के लिए अभिप्रेत है, जो हमारें व्यावसायिक निर्णय के अनुसार मौजूदा अवधि के वित्तीय विवरणों के हमारे अंकेक्षण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह मुद्दे पूर्ण रूप से वित्तीय विवरण के हमारे अंकेक्षण के संदर्भ में ही संबंधित थे, और हमारी राय बनाने में, और हम इन मुद्दों पर एक अलग राय नहीं प्रदान करते हैं। हमने निर्धारित किया है कि नीचे वर्णित मुद्दे हमारी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखा परीक्षा के मुद्दे हैं।

क्र.सं.	अंकेक्षण के मुख्य मुद्दे	अंकेक्षकों की प्रतिक्रिया
1.	**<u>आईएनडीएएस 116 की स्वीकृति</u>** आईएनडीएएस 116 एक नया लीज अकाउंटिंग मॉडल प्रस्तुत करता है, जिसमें पट्टों को लागत पर राइट–ऑफ–यूज परिसंपत्ति और पट्टे के भुगतान के वर्तमान मूल्य पर एक लीज देयता को पहचानने की आवश्यकता होती है। वित्त प्रभार को हानि और लाभ लेखांकन के विवरण में वित्तीय व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है और राइट ऑफ यूज परिसंपत्ति के उपयोगी जीवन पर किया जाता है। पट्टे की देनदारियों को शुरू में संविदा/व्यवस्था के अनुसार पट्टे की अवधि के दौरान भविष्य के पट्टे के भुगतान को छूट देकर मापा जाता है, मानक को अपनाने में, महत्वपूर्ण निर्णय और अनुमान शामिल हैं, जिसमें छूट दरों को निर्धारण और पट्टा अवधि शामिल है। इसके अतिरिक्त मानक संक्रमण के संबंध में व्यापक खुलासे को समेकित वित्तीय विवरणों के लिए नोट 2.5.1 और अन्य सूचना 5(एन) देखें।	अनुबंध संबंधी समझौतों और 1 अप्रैल, 2019 के संक्रमण के आधार पर पट्टों की पहचान पर कंपनी के मूलयांकन को आँका गया : • संक्रमण और संबंधित समायोजन की विधि का मूल्यांकन • आरओयू परिसंपत्ति और पट्टा देयताओं की गणना में उपयोग किए गए डेटा के लिए कंपनी के परिचालन पट्टे की प्रतिबद्धताओं को शामिल कर, आँकड़े की पूर्णता का परीक्षण किया गया। • सांख्यिकीय सैंपलिंग दृष्टिकोण का उपयोग कर सैम्पल का चयन। ऐसे चयनित सैंपलों के लिए, हमने अंतर्निहित लीज संविदा के साथ लीज के मुख्य नियमों और शर्तों का मूल्यांकन किया। साथ ही हमने लीज देयता की गणना का मूल्यांकन किया और हर दर व लीज टर्म जैसे मुख्य अनुमानों को चैलेंज्ड किया। • लेखंकन नीति, नए जील मानकों के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए प्रक्कटीकरणों की उपयुक्तता का मूल्यांकनल किया और संक्रमण से संबंधित प्रासंगित प्रकटीकरणों को शामिल करते हुए उनकी पूर्णता और गणितीय शुद्धता का भी आकलन किया। **ऑडिट निष्कर्ष :** हमारी प्रक्रियों ने किन्ही महत्वपूर्ण अपवादों की पहचान नहीं की है।
2.	**कर स्थितियों का मूल्यांकन** कंपनी भारत में परिचालन कर रही है और स्थानीय कर प्राधिकारियों द्वारा प्रत्यक्ष कर और परोक्ष कर मामलों सहित व्यापार के नार्मल कोर्स के दौरान कर मामलों की एक सीमा पर आवधिक चुनौतियों के अधीन है। आयकर व्यय का अनुमान लगाने के लिए कंपनी को संभावित कर जोखिमों के लिए एक विशेष कर उपचार स्वीकार करने वाले अधिकारियों को निर्धारित करने की आवश्यकता होती है इसमें कर मुकदमों के संभावित परिणाम और संभावित कर जोखिमों को निर्धारित करने के कंपनी द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप वित्तीय विवरणों में कर लेखांकन और प्रकटीकरण की संबंधित संभावना पर प्रभाव पड़ता है। वित्तीय विवरणों के लिए नोट 2.10 देखें।	हमारी अंकेक्षण प्रक्रियों में निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ शामिल हैं : • मुख्य कर मुकदमों और संभावित कर जोखिमों की समझ प्राप्त करना। • अंकेक्षण दल ने • कंपनी द्वारा किए गए चुनिंदा प्रमुख पत्राचारों और परामर्शों को पढ़ा और उनका विश्लेषण किया, जिसमें प्रमुख कर मुकदमों और संभावित कर जोखिमों के लिए बाहरी कर विशेषज्ञों के साथ शामिल है। • वर्तमान और आस्थगति कर शेषों का आकलन करने में कंपनी द्वारा विचार की गई महत्वपूर्ण मान्यताओं और अपीलों के आधार पर उपयुक्त वरिष्ठ प्रबंधन के साथ चर्चा की गई, मूल्यांकन और बैलेन्ज्ड किया गया। • हालिया कर निर्धारणों/पूछताछ, पिछले कर निर्धारणों के परिणामों कानूनीपूर्वता/न्यायिक निर्णयों और कर वातावरण में परिवर्तन और प्रमुख कर मुकदमों और संभावित कर जोखिमों के संभावित परिणाम के कंपनी के अनुमान को चुनौती देने के लिए आकलन की स्थिति का मूल्याकन किया गया। • करों से संबंधित वित्तीय विवरणों में प्रस्तुति और प्रक्कटीकरण का मूल्यांकन और परीक्षण किया गया। **ऑडिट निष्कर्ष :** हमारी प्रक्रियाओं ने किन्हीं महत्वपूर्ण अपवादों की पहचान नहीं की है।

3.	**प्रावधानों और आकस्मिक देयताओं का मूल्यांकन** प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से युक्त कुछ निश्चित मुकदमों के संबंध में, अन्य पार्टियों द्वारा किए गए विभिन्न दावों की पहचान ऋण के रूप में नहीं की गई है। प्रोविजनिंग के स्तरों के आकलन के लिए निर्णयन के एक उच्च स्तर की आवश्यकता होती है। कंपनी के मूल्यांकन मामले के तथ्यों, अपने स्वयं के निर्णय, पिछले अनुभव और विधिक तथा स्वतंत्र कर सलाहकारों के सलाहों, जहाँ कहीं भी आवश्यक हो, के द्वारा समर्थित हैं। तद्नुसार, अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणाम कंपनी की रिपोर्टड लाभ और निल परिसंपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। परिणाम से संबंधित एसोसिएटेड अनिश्चित्ता को कानून की व्याख्या में निर्णय के आवेदन की आवश्यकता होती है। वित्तीय विवरणों के लिए नोट 2.14 को देखें।	**मुख्य अंकेक्षण प्रक्रियाएँ** हमारा अंकेक्षण विचाराधीन विषयगत मामलों और प्रासंगिक कानूनों के निर्णयन/व्याख्या पर केंद्रित था। • विभिन्न कर प्राधिकरणों/न्यायिक फोरमों से प्राप्त हालिया आदेशों और/या पत्राचारों का परीक्षण और उस पर अनुवर्ती कार्यवाही। • मुकदामों/कर आकलनों की मौजूदा स्थिति को समझाना। • प्रस्तुत आधार के संदर्भ में विचाराधीन विषय में और उपलब्ध स्वतंत्र विधिक/कर सलाह की मेरिट का मूल्यांकन। • चर्चा के माध्यम से कंपनी की सामग्री की समीक्षा और विश्लेषण, विचाराधीन विषय–वस्तु के विवरणों का संग्रह उन मुद्दो पर संभावित परिणाम और संभावित बहिर्वाह की समीक्षा और विश्लेषण। **आडिट निष्कर्ष :** हमारी प्रक्रियाओं ने किन्हीं महत्वपूर्ण अपवादों की पहचान नहीं की है।
4.	**आईएनडी एएस-19 में संशोधन-कर्मचारी लाभ** आईएनडीएस 19 कर्मचारी लाभ में संशोधन योजनागत संशोधन, क्लेमेंट और निपटान से संबंधित है। जब कोई इकाई योजना संशोधन या परित्याग के समय पिछली सेवा की लागत को विलंबित करती है, तो यह हमारी निर्धारित परिसंपत्तियों और एक्चुरियल मान का उपयोग करके शुद्ध परिभाषित लाभ की क्षमता/संपत्ति की मात्रा को फिर से बताएगी जों प्रस्तावित लाभों को दर्शाती है। योजना संशोधन स्थापना और निपटान के पहले और बाद की योजना के तहत संपत्ति	**आईएनडीएस 19 के संशोधन पर हमारी अंकेक्षण प्रक्रिया** हमारा मूल्यांकन मुख्यतः उन विशेषज्ञों के विचारों पर आधारित है, जिन्होंने यह मूल्यांकन तब किया जब कोई योजना संशोधन, करटेलमेंट या निपटान लागत कंपनी में नहीं थी। इसलिए आइएननडीएस 19 के संशोधन के लिए वैलूएशन रिपोर्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। **ऑडिट निष्कर्ष :** **हमारी प्रक्रियाओं ने किन्हीं महत्वपूर्ण अपवादों की पहचान नहीं की है।**

मामले का महत्व

क) वित्तीय विवरण में अन्य सूचना– 5(0)(I) की तरफ हमने ध्यान आकर्षित किया, जिसमें यह वर्णित है कि पुनर्विचार और मौजूदा आर्थिक संकेतकों के आधार पर कंपनी के वित्तीय परिणामों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है। कंपनी भविष्य की स्थितियों के कारण और इसके व्यवसाय पर पड़ने वाले प्रभाव से उत्पन्न होने वाले

महतवपूर्ण परिवर्तनों की सतर्क निगरानी करना जारी रखेगी।

ख) नोट सं. 2.16.3 ''मैटिरियलटी'' का संदर्भ लें– मौजूदा वर्ष में खोजी गई तथा पिछली अवधि से संबंधित त्रूटियों/भूलों को महत्वपूर्ण नहीं माना जाएगा और यदि ये त्रुटियाँ और भूलें अपने सकल रूप में कंपनी की पिछले अंकेक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार परिचालनों से प्राप्त

(वैधानिक लेवी से प्राप्त निबल) कुल राजस्व के 1% से अधिक नहीं है, तो मौजूदा वर्ष में इनका समायोजन किया जाएगा।

ग) अन्य सूचना के 5(0)(II) का संदर्भ लें– फरवरी, 2020 तथा मार्च 2020 माह के लिए आंतरिक लेखा परीक्षण कोविड–19 के कारण नहीं किया गया हे और इसे अभी शुरू किया जाना है। कंपनी का प्रबंधन दैनिक मामलों की रिपोर्टिंग पर इसका कोइ महत्वपूर्ण प्रभाव देखता है।

घ) नोट सं. 11 अन्य चाले परिसंपत्तियों का संदर्भ लें– (वैधानिक बकायों का अग्रिम भुगतान) कंपनी के वित्तीय विवरणों के भाग का निर्माण करने वाले, जिसमें कुल 26.70 करोड़ रू. भी शामिल है का अंतरण कंपनी द्वारा प्रोटेस्ट के अंतर्गत आयकर के भुगतान के रूप में किया गया हे, जहाँ तक राशि का संबंध है, प्रथमतः इसका समावेश कंपनी को भुगतान नहीं किए/या कम भुगतान किए गए आयकर रिफंड में किया गया है।

हमारी राय उपर्युक्त के संबंध में क्वालीफाइड नहीं है।

अन्य सूचनाः

अन्य सूचना के लिए कंपनी का प्रबंधन और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर उत्तरदायी हैं। अन्य सूचना में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी का समावेश है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारी लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं है। वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना को आच्छादित नहीं करती है और हम उस पर आश्वासन निष्कर्ष के किसी भी रूप को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणें की हमारी लेखा परीखा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना और ध्यान रखना कि अन्य सूचना वित्तीय विवरणों या लेखा परीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी के साथ सामग्री असंगत या अन्यथा सामग्री गलत बयानी पर आधारित तो नहीं है।

यदि, हमने जो काम किया है, उसके आधार पर हम यह निष्कर्ष निकालते हैं इस अन्य सूचना की सामग्री गलत है य तो उस तथ्य को रिपोर्ट करना हमारे लिए आवश्यक है। चूँकि अन्य जानकारी हमें प्रदान नहीं की गयी है। अतः इस संबंध में हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ नहीं है।

वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन का दायित्व

यह वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 में विहित भारतीय लेखा मानकों के साथ पठित कंपनीज (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथा संशोधित और भारत में सामान्यतः स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार नकद प्रवाह तथा कंपनी की इक्विटी में परिवर्तन, वित्तीय कार्य निष्पादन (अन्य विस्तृत आय सहित), जो वित्तीय कार्य निष्पादन (अन्य विस्तृत आय सहित), जो वित्तीय स्थिति के बारे में सत्य और स्पष्ट विचार देता है, की तैयारी के संबंध में कंपनी अधिनियम 2013 (दी एक्ट) की धारा 134(5) में उल्लिखि तमामले की जिम्मेवारी निदेशक मंडली की है। इस दायित्व में, कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखा रिकार्ड का रखरखाव तथा फ्राड अन्य अनियमितताओं, यथोचित लेखा नीति का चयन और प्रयोग, निर्णय और आकलन जो उचित और विश्वसनीय हों, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों जो लेखा रिकार्डों की शुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए

संचालित किया जा रहा हो, जो भौतिक गलतबयानी, चाहे वह फ्रॉड या भूलवश हो से मुक्त हो तथा सत्य एवं स्पष्ट विचार देते हों, को पहचानने और उनसे बचाने का दायित्व भी शामिल है।

वित्तीय विवरणें को तैयारी करने में, वर्तमान चिंताओं के साथ जारी रखने प्रकटीकरणों, वर्तमान चिंताअें से संबंधित उपयोग करते हुए जब तक प्रबंधन या तो करने का इरादा रखता है, या ऐसा करने के लिए कोई वास्तविक विकल्प नहीं है से संबंधित कंपनी क्षमता के आकलन के लिए प्रबंधन उत्तरदायी है।

कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स उत्तरदायी है।

वित्तीय विवरणों के लिए अंकेक्षकों का दायित्व :

वित्तीय विवरणों के बारे में हमारा लक्ष्य, उस तार्किक आश्वासन को प्राप्त करना है कि क्या ये विवरण अपनी पूर्णता में फ्रॉड या त्रुटि के कारण होने वाले किसी गलतबयानी से मुक्त हैं। इस संबंध में इससे जुड़े हमारे विचारों से युक्त अंकेक्षकों की रिपोर्ट जारी करना भी हमारा लक्ष्य है। यद्यपि तार्किक आश्वासन एक उच्च श्रेणी का आश्वासन है तथापि SAs के सहयोग से किये जाने वाले लेखा परीक्षा में इस बात की गारंटी नहीं है कि यह हमेशा वित्तीय विवरणों में मौजूद गलतबयानी की पहचान कर दी जाए। गलतबयानियाँ फ्रॉड या त्रुटि के कारण उत्पन्न हो सकती है। या अलग–अलग या पूर्ण से महत्वपूर्ण यानि जा सकती हैं, यदि वे वित्तीय विवरणों के आधार पर आर्थिक निर्णयों लेने वाले निर्णयकर्ताओं को युक्तिपूर्वक प्रभावित करने के लिए अपेक्षित हों।

SAs के साथ संचालित इस लेखा परीक्षा के एक सदस्य के रूप में हमने पूरी लेखा परीक्षा के दौरान पेशेवर निर्णयों का प्रयोग किया है तथा पेशेवर संशयवाद (Scepticism) को बनाए रखा है।

इसके साथ ही हमने :

- वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण गलतबयानी, चाहे वह फ्रॉड या त्रुटि के कारण हुई हो, के जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन किया है। उन जोखिम के लिए उत्तरदायी निष्पादित लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं की पहचान और मूल्यांकन भी किया है और उन लेखा परीक्षा प्रमाणों को प्राप्त किया है जो हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं। त्रुटि की बजाय फ्रॉड के कारण होने वाली महत्वपूर्ण गलतबयानी को नहीं पहचान पाने का जोखिम अधिक है क्योंकि फ्रॉड में कपटपूर्ण समझौता, फर्जीवाड़ा, जानबूझकर की गई भूल, गलत अर्थ या आंतरिक नियंत्रण पर ओवरवाइड होना शामिल हो सकता है।
- लेखा परीक्षा प्रक्रिया की रूपरेखा जो कि इन परिस्थितियों में उपयुक्त हो, को तेयार करने हेतु लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक, आंतरिक नियंत्रण की एक समझ प्राप्त की। कंपनी 2013 की धार 143(3)(।)के अंतर्गत हम इस पर भी विचार देने के लिए उत्तरदायी हैं कि कंपनी के पास आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए पर्याप्त तंत्र मौजूद है और उन नियंत्रणों की परिचालनगत प्रभावशीलता कितनी है।
- प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता, और लेखांकन आकलनों की उपयुक्तता और सम्बद्ध प्रकटीकरणों का मूल्यांकन किया।
- लेखांकन के लिए वर्तमान चिंताओं को आधार बनाकर प्रबंधन द्वारा उनके प्रयोग की उपयुक्तता का निष्कर्ष निकाला है और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर, यह भी निष्कर्ष निकाला है कि क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित एक महत्वपूर्ण अनिश्चितता व्याप्त है जो वर्तमान चिंताओं के साथ कंपनी को जारी रखने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हमने यह निष्कर्ष निकाला कि एक महत्वपूर्ण अनिश्चितता व्याप्त है तो यह आवश्यक है कि वित्तीय विवरणों में हम अपनी लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में संबंधित प्रकटीकरणों की तरफ ध्यान आकर्षित करें, या ऐसे प्रकटीकरण हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। लेखा

परीक्षकों की हमारी रिपोर्ट के हमारे निष्कर्ष प्रापत आधारित (up to date) लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालाँकि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थिति के कंपनी की चिंता समाप्त हो सकती है।

- समग्र प्रस्तुतियों, संरचना और प्रकटीकरण युक्त वित्तीय विवरणों की अंतर्वस्तु का मूल्यांकन किया। तथा इसका भी मूल्यांकन की क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस ढंग से प्रतिनिधित्व करते हैं कि वे निष्पक्ष प्रस्तुती को प्राप्त करते हों।

हमें विश्वास है कि जो लेखा परीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किया, वह वित्तीय विवरणों पर हमारी अंकेक्षण राय देने के लिए आधार देने हेतु पर्याप्त ओर उपयुक्त है। हम अन्य मामलों में, ऑडिट के नियोजित दायरे और समय व महत्वपूर्ण ऑडिट निष्कर्षों कमियों को शामिल करते हैं, जिसकी पहचान हम ऑडिट के दौरान करते हैं।

हम अन्य मामलों के अलावा, शासन से संबंधित आरोप लगाने वाले लोगों से संपर्क करते हैं। ऑडिट और महत्वपूर्ण ऑडिट निष्कर्षों की योजनाबद्ध गुंजाइश और समय, जिसमें अंतरिम नियंत्रण में कोई महत्वपूर्ण कमी शामिल है जिसे हम अपने ऑडिट के दौरान पहचानते हैं।

हम एक स्टेटमेंट के साथ शासन को उन आरोपों को भी प्रदान करते हैं जिनका हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन किया है, और संबंध्रें और अन्य मामलों, जो कि हमारी स्वतंत्रता पर सहन करने के लिए सोचे जा सकते हैं और सुरक्षा से संबंधित उपाय जहाँ लागू होते हों को संप्रेषित किया है।

शासन के साथ उन आरोपों जिनका संप्रेषण किया गया, हम मानते हैं कि वे मामले मौजूदा अवधि के वित्तीय विवरणों के अंकेक्षण में महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे मुख्य अंकेक्षण मामले लेखा परीक्षा की अपनी रिपोर्ट में हमने इन मामलों का वर्णन किया है, जब तक विधि या विनियम इन मामलों के संबंध में सार्वजनिक प्रकटीकरण को प्रतिबंधित करते हों या जब अत्यंत असामान्य परिस्थितियाँ हों, हमने निश्चय किया कि एक मामला हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं होना चाहिए क्योंकि ऐसा करने दुष्परिणामों से इस तरह के सार्वजनिक हित लाभों के पिछड़ने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट :

1. जैसा कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(5) के तहत अपेक्षित है, हम सुझाए गए अंकेक्षण कार्य प्रणाली, इस पर की गई कार्रवाई तथा कंपनी के वित्तीय विवरण एवं लेखे पर इसके प्रीााव का अनुपालन करने के बाद भारत के नियंत्रण एवं लेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देश/अतिरिक्त निर्देश पर एक विवरण ''परिशिष्ट–।'' में संलग्न कर रहे हैं।

2. अधिनियम (दिएक्ट) की धारा 143(II) के संदर्भ में भारत के केंद्रीय सरकार द्वारा जारी कंपनी (अंकेक्षकों) की रिपोर्ट आदेश 2016 (दि आर्डर) की अपेक्षा के अनुसार हम इस आदेश के अनुच्छेद 3 एवं 4 में विहित मामले पर ''परिशिष्ट–2'' संलग्न करते हैं।

3. जैसा कि इस अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा यथा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   क) हमने आवश्यक वैसी सभी जानकारी माँगी है तथा प्राप्त की है जो हमारे अंकेक्षण के लिए हमारी जानकारी एवं विश्वास हेतु आवश्यक थी।

   ख) हमारी राय में, पुस्तकों की अब तक की गई हमारी जाँच से पता चलता है कि कंपनी ने विधि द्वारा अपेक्षित लेखा–पुस्तक रखी है।

   ग) इस रिपोर्ट से संबंधित तुलन–पत्र, लाभ एवं हानि विवरण, नकद प्रवाह विवरण, इक्विटी में परिवर्तन संबंधी विवरण लेखे की पुस्तक के अनुसार सही है।

घ) हमारी राय में उपर्युक्त वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के तहत विहित +लेखा मानकों के अनुसार सही है।

ड.) निदेशक–मंडल द्वारा अभिलेख में दर्ज किए गए 31 मार्च, 2020 के अनुसार निदेशक–मंडली से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के आधार पर इस अधिनियम की धारा 164(2) के अनुसार निदेशक के लिए 31 मार्च, 2020 के अनुसार कोई भी निदेशक अयोग्य नहीं है।

च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण तथा ऐसे नियंत्रण की प्रभावकारिता की उपयुक्तता के संबंध में हमारी पृथक रिपोर्ट ''परिशिष्ट–3'' में उल्लेखित है। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता तथा प्रभावकारिता पर असंशोधित राय व्यक्त करता है।

छ) कंपनी (अंकेक्षण एवं अंकेक्षक) नियमावाली 2014 के नियम 11 के अनुसार अंकेक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामले के संबंध्में हमारी राय में तथा हमें दी गई जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार

I. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरण में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित विवादों के प्रभाव को प्रकट किया है।

II. कंपनी ने व्युत्पन्न संविदा सहित दीर्घकालीन संविदा पर आर्थिक भावी हानि, यदि कोई हो, के लिए लागू कानून या लेखा मानक के तहत अपेक्षित प्रावधान बनाया है।

III. प्रबंधन द्वारा प्राप्त लिखित अभ्यावेदन के अनुसार कोई ऐसी रकम नहीं है, जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष में स्थानांतरित किया जाना है।

वास्ते/लोधा पटेल वाधवा एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स
फर्म निबंधन सं. 006271सी

सीए संजय कुमार वाधवा
सदस्य
सदस्यता सं. 074749

स्थान : राँची
दिनांक : 9 जून, 2020

स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट - ।

(अन्य कानूनी और नियामकीय आवश्यकताओं पर रिपोर्ट के तहत अनुच्छेद । में संदर्भित सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड के सदस्यों के लिए हमारी रिपोर्ट का अनुभाग)

परिशिष्ट - ए

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लेखा परीक्षा के लिए लागू कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत धारा 143(5) के तहत दिशा-निर्देश

1) क्या कंपनी के पास लेखांकन से जुड़े सभी लेनदेन को आइटी सिस्टम के द्वारा प्रोसेस करने के लिए तंत्र मौजूद है ? यदि हाँ, तो उस आईटी सिस्टम के बाहर लेखांकन से जुड़े लेन देन के वित्तीय विहितार्थ सहित खाते की इंटिग्रिटी क्या है ? यदि कोई है तों उसका वर्णन किया जाए।

कंपनी के पास लेखांकन से जुड़े सभी लेनदेन तंत्र मौजूद है लेकिन इसमें उपयुक्त आंतरिक नियंत्रण तंत्र से युक्त सुदृढ़ एकीकृत व्यवस्था के साथ-साथ सुस्पष्ट वित्तीय नियंत्रणों ओर आंतरिक चेकों, जो सभी विभागों के एकीकरण और मुख्यालय सहित क्षेत्रीय संस्थानों के कार्यालयों में प्रोसेस के लिए आवश्यक हैं, का अभाव है।

2) क्या कंपनी के आधारदाता द्वारा ऋण चुका पाने की कंपनी की अक्षमता के कारण मौजूदा ऋण की पुनर्संरचना की गई है या कर्ज/लोन/व्याज की छूट/बट्टे खाते में डालने से संबंधित आदि कोई मामला है ? यदि हाँ, तो उसके वित्तीय प्रभाव का वर्णन किया जाए।

हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के उधारदाता द्वारा ऋण चुका पाने की कंपनी की अक्षमता के कारण मौजूदा ऋण की पुनर्संरचना नहीं की गई है या उधार/लोन/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने से संबंधित कोई मामला नहीं है।

3) क्या विशिष्ट योजनाओं के लिए केंद्र/राज्य की एजेंसियों से स्वीकृत/स्वीकृति के योग्य फंड के उपयोग का उपयुक्त लेखा–जोखा उसमें निहित नियामें और शतों के अनुरूप किया गया था? विचलन से संबंधित मामलां को सूचीबद्ध करें।

हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार विशिष्ट योजनाओं के लिए केंद्र/राज्य की एजेंसियों से स्वीकृत/स्वीकृति के योग्य फंड के उपयोग का उपयुक्त लेखा-जोखा उसमें विहित नियमों और शर्तों के अधीन किया गया है।

वास्ते/लोधा पटेल वाधवा एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स
फर्म निबंधन सं.-006271सी

स्थान : राँची
दिनांक : 9 जून, 2020

सीए संजय कुमार वाधवा
सदस्य
सदस्यता सं- 074749

स्वंतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट - ॥

(अन्य कानूनी और नियामकीय आवश्यकताओं पर रिपोर्ट के तहत अनुच्छेद 2 में संदर्भित सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इस्टीच्यूट लिमिटेड के सदस्यों के लिए हमारी रिपोर्ट का अनुभाग)

i) कंपनी की अचल परिसंपत्तियों के संदर्भ में :

क) कंपनी ने अचल परिसंपत्तियों के मानात्मक विवरण और अवस्थिति सहित पूर्ण विवरणों को दिखाते हुए समुचित रिकार्ड रखा है।

ख) कंपनी के पास अचल परिसंपत्तियों के साथी मदों को शामिल करते हुए चरणबद्ध रूप में सत्यापन का एक प्रोग्राम है, जो, हमोरी राय में कंपनी के आकार और इसकी परिसंपत्तियों की प्रकृति के संबंध में तार्किक है। इस प्रोग्राम के आधार पर, कुछ निश्चित अचल परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन विवेच्य वर्ष में प्रबंधन द्वारा किया गया। हमें दी गई जानकारी के अनुसार, इस प्रकार के सत्यापन में किसी तरह की बड़ी विसंगति नहीं पाई गई है।

ग) हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, रिकार्ड की हमारी जाँच और हमें उपलब्ध कराए गए कन्वेएन्स डीड्स की जाँच के आधार पर हम रिपोर्ट करते हे कि टाइटिल डीड्स, जिसमें भूमि और भवन की सभी अचल परिसंपत्तियाँ शामिल हैं तथा जो फ्रीहोल्ड हैं बैलेंस शीट की तिथि के अनुसार कंपनी के नाम पर हैं। भूमि और भवन की अचल परिसंपत्तियाँ जो कि लीज पर ली गईं थी और वित्तीय विवरणों में जिन्हें अचल परिसंपत्तियों के रूप में प्रदर्शित किया गया था, के संबंध में लीज समझौता कंपनी के नाम से किया गया है।

ii) वस्तु सूची के संबंध में :

क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने अपनी वस्तुसूची का उचित रिकार्ड बनाए रखा है तथा प्रबंधन ने एक बाहरी एजेंसी को वर्षान्त में किया। जैसा कि हमें रिपोर्ट किया गया है, स्टॉक्स के भौतिक सत्यापन का रिकार्ड बुक से मिलान करने पर कोई महत्पूर्ण विसंगति नहीं देखी गई थी।

iii) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के तहत रखे गए रजिस्टर में शामिल किसी कंपनी, फर्म, सीमित देयता भागीदारी या अन्य पार्टियों को किसी तरह का प्रत्याभूत या अप्रत्याभूत ऋण मंजूर नहीं किया है, इसीलिए आदेश के इस क्लॉज का 3(III) प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं होता है।

iv) हमारी राय में तथा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने दिए गए ऋण एवं किए गए निवेश, जहाँ लागू हो के संबंध में अधिनियम की धारा 185 एवं 186 के प्रावधान का अनुपालन किया है।

v) हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई जमा स्वीकार नहीं किया और 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार किसी भी तरह की ऐसी जमाएँ नहीं हैं जिनका दावा न किया गया हो, इसीलिए आदेश के इस क्लॉज का प्रावधान 3(III) कंपनी के लिए लागू नहीं होता है।

vi) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी क्षरा संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के लिए, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(।) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा लागत रिकार्ड के रख–रखाव को विनिर्दिष्ट किया गया है।

vii) वैधानिक बकाये के संबंध में हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार

क) कंपनी ने भविष्य निधि, आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, वस्तु एवं सेवाकर, मूल्यवर्धित कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, सेस और उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा लगाए गए अन्य महत्वपूर्ण वैधानिक बकायों सहित अविवादित वैधानिक बकायों को सामान्यतः नियमित रूप से जमा कराया है।

ख) 31 मार्च, 2020 तक भविष्य निधि, आयकर, सेवाकर, मूल्यवर्धित कर, वस्तु एवं सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क शेस और अरियर के रूप में अन्य महत्वपूर्ण बकायों के संबंध में कोई अविवाहित देय रकम, देय होने की तिथि से 6 माह से अधिक बकाया नहीं था।

ग) आयकर, बिक्री कर, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, वस्तु एवं सेवा कर, सीमा शुल्क, सेस और अन्य महत्वपूर्ण बकायों जो कि दिनांक : 31 मार्च, 2020 विवाद की वजह से जमा नहीं किए गए उनका विस्तृत विवरण परिशिष्ट 2 ए में हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार दिया गया है।

viii) कंपनी ने किसी वित्तीय संस्थान, बैंक, सरकार ऋण या उधारी नहीं ली है, या कोई डिबेंचर जारी नहीं किया है। तद्नुसार, आदेश के अनुच्छेद 3(viii) अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी के लिए लागू नहीं होता है।

ix) हमें दी गई जानकारी व स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने इनिशीयल पब्लिक ऑफर या फर्दर पब्लिक ऑफर (डेब्ट–इन्स्ट्रूमेंट सहित) तथा टर्म लोन के रूप में धन नहीं उगाहा है। तद्नुसार आदेश के अनुच्छेद 3(ix) लागू नहीं होता है।

x) हमारी सर्वश्रेष्ठ जानकारी में और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार हमारे अंकेक्षण के दौरान कंपनी द्वारा या कंपनी पर इसके अधिकारियों के द्वारा या कर्मचारियों के द्वारा किसी तरह का गंभीर धोखाधड़ी का मामला नहीं पाया गया है या रिपोर्ट नहीं किया गया है।

xi) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार प्रबंधकीय परिलब्धि कंपनी अधिनियम की अनुसूची– अ के साथ पठित अनुच्छेद 197 के प्रावधान द्वारा अधिदेशित अपेक्षित अनुमोदन के अनुरूप दिया गया है या उपलब्ध कराया गया है।

xii) हमारी राय में तथा हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार यह कंपनी निधि कंपनी नहीं है। तद्नुसार, आदेश के अनुच्छेद 3(xii) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी के लिए लागू नहीं होता है।

xiii) हमारी राय में तथा हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार संबंधित पार्टियों के साथ लेन–देन कंपनी अधिनियम की धारा 177 एवं 188 के अनुसार की गई है तथा जहाँ लागू हो, प्रयोज्य लेखा मानक द्वारा यथा अपेक्षित वित्तीय विवरण आदि में इसे विस्तृत रूप में प्रकट किया गया है।

xiv) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी द्वारा शेयरों का अधिमान्य आवंटन या प्राइवेट प्लेसमेंट या पूर्णतः या अंशतः परिवर्तनीय डिबेंचर नहीं किया गया है। तद्नुसार, आदेश के क्लॉज 3(xiv) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी के लिए लागू नहीं होता है।

xv) हमारी राय में तथा हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने निदेशक या उनके साथ संबद्ध व्यक्ति के साथ नॉन–कैश ट्रान्जेक्शन नहीं किया है।

xvi) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम 1934 की धारा 45–1ए के तहत कंपनी का निबंधित होना अपेक्षित नहीं है।

वास्ते / लोधा पटेल वाधवा एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स
फर्म निबंधन सं.-006271सी

स्थान : राँची
दिनांक : 9 जून, 2020

सीए संजय कुमार वाधवा
सदस्य
सदस्यता सं- 074749

स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट का ''परिशिष्ट 2 ए''

परिशिष्ट 2 के पैरा vii (c) के अंतर्गत सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड के सदस्यों को हमारी रिपोर्ट का स्वतंत्र अनुभाग ''अन्य विधिक और नियामकीय आवश्यकताओं पर रिपोर्ट'' का संदर्भ

कानून की प्रकृति	ड्यूज की प्रकृति	फोरम जहाँ विवाद लंबित है	लंबित अवधि जिससे राशि का संबंध है	राशि (करोड़ रू. में)
आयकर अधिनियम 1961	पूर्व अवधि व्यय की अस्वीकृति	सीआईटी(ए)	वर्ष 2008–2009	रू. 0.61
आयकर अधिनियम, 1961	पूर्व अवधि व्यय की अस्वीकृति	सीआईटी(ए)	वर्ष 2009–2010	रू. 0.60
आयकर अधिनियम, 1961	पूर्व अवधि व्यय की अस्वीकृति	सीआईटी(ए)	वर्ष 2010–2011	रू. 0.71
आयकर अधिनियम, 1961	पूर्व अवधि व्यय की अस्वीकृति	आईटीएटी	वर्ष 2011–2012	रू.0.12
आयकर अधिनियम, 1961	सीएसआर, मेडिकल व्ययों की अस्वीकृति और परिसंपत्तियों की बिक्री से प्राप्त लाभ	आईटीएटी	वर्ष 2012–2013	रू. 1.04
आयकर अधिनियम, 1961	सीएसआर व्ययों की अस्वीकृति	आईटीएटी	वर्ष 2013–2014	रू. 0.51
आयकर अधिनियम, 1961	सीएसआर व्ययों की अस्वीकृति	आईटीएटी	वर्ष 2014–2015	रू. 0.69
आयकर अधिनियम, 1961	मेडिकल व्ययों की अस्वीकृति, विद्यालयों और संस्थानों को अनुदान, सोर्ट्स – रिक्रिएशन और पर्यावरण – वृक्षारोपण	सीआईटी(ए)	वर्ष 2016–2017	रू. 1.19
आयकर अधिनियम, 1961	सीएसआर व्ययों की अस्वीकृति, एनसीडब्लूए के लिए प्रावधान, मेडिकल व्यय, अनुदान कैंटीन क्रेच और अन्य कार्मिक लाभ	सीआईटी(ए)	वर्ष 2017–2018	रू. 31.67
सेवाकर अधिनियम	सेवा कर व्याज और पेनाल्टी के अरियर के लिए माँग	झारखंड उच्च न्यायालय	वर्ष 1999–2005	रू. 5.05
सेवाकर अधिनियम	सेवा कर व्याज और पेनाल्टी के अरियर के लिए माँग	झारखंड उच्च न्यायालय	वर्ष 1998–1999	रू. 3.82
सेवाकर अधिनियम	डिप्टी कमिश्नर, सीजीएसटी के दिनांक 28.01.2019 के आदेश के अनुसार रु. 0.02 की पेनाल्टी के भुगतान के लिए	कमिश्नर (अपील)	वर्ष 2015–2018	रू. 0.02

स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट - 3

'अन्य विधिक और नियामकीय आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' के अंतर्गत पैराग्राफ 3(f) का संदर्भ, सेट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लि. के सदस्यों के लिए हमारी रिपोर्ट का अनुभाग''

(कंपनी अधिनियम, 2013 (दि एक्ट) की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड(।) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट में उल्लिखित परिशिष्ट)

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरण के हमारे अंकेक्षण के साथ उसी तिथि के अनुसार ''सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड'' (''दि कंपनी'') की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अंकेक्षण किया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का दायित्व :

इन्स्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अंकेक्षण पर दिशा–निर्देश टिप्पणी (नोट) में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटक पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय नियंत्रण मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रमाणित (स्थापित) स्थापित करने तथा मेनटेन करने का दायित्व कंपनी प्रबंधन का है। इन दायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के डिजाइन, कार्यान्वयन तथा रख–रखाव शामिल है, जो इसके कार्यव्यापार के उचित एवं प्रभावकारी आचार सुनिश्चित करने के लिए कारगर ढंग से संचालित किए जा रहे थे। इसमें कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत यथा अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी, लेखा अभिलेख की शुद्धता एवं पूर्णता, घोखाधड़ी या त्रुटियों पर रोक एवं पता लगाना, इसकी संपत्तियों की सुरक्षा करना, कंपनी की नीति का अनुसरण शामिल है।

अंकेक्षकों का दायित्व :

हमारी जिम्मेवारी अपने अंकेक्षण के आधार पर वित्तीय रिपोटिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर राय देना है। हमने अपना अंकेक्षण आईसीएआई द्वारा जारी और कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत संबद्ध, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अंकेक्षण के लिए गाइडेंस नोट (गाइडेंस नोट) तथा अंकेक्षण के मानकों, जो आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों, के अंकेक्षण तक विस्तारित है, दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए लागू होते हैं, दोनों इंस्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए जाते हैं, के अनुसार संचालित किया गया। इन मानकों एवं दिशा–निर्देश नोट में अपेक्षित है कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित है तथा मेनटेन किया जा रहा है और क्या ऐसा नियंत्रण सभी भौतिक (मेटेरियल) संबंध में प्रभावकारी तरह से संचालित किया जा रहा है, इसके बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए नैतिक अपेक्षाओं को पूरा करें तथा योजना बनाकर अंकेक्षण करें।

हमारे अंकेक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता तथा उनकी रिपोर्टिंग प्रभावकारिता के बारे में अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया पूरा करना शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय निरीक्षण को हमारे अंकेक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्याख्या प्राप्त करना, उस जोखिम का मूल्यांकन करना जिसमें अपर्याप्तता हो तथा मूल्यांकित जोखिमों पर आधारित डिजाइन और आंतरिक नियंत्रण की संचालन प्रभावकारिता की जाँच एवं मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रिया अंकेक्षक के निर्णय पर निर्भर करता है, जिसमें वित्तीय विवरण को मैटेरियल गलतबयानी, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटिवश, का मूल्यांकन शामिल है।

हमें विश्वास है कि हमने जो अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त किया है वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के बारे में हमारी अंकेक्षण राय के लिए पर्याप्त एवं उचित आधार प्रदान करता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ :

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण सामान्यतः स्वीकृत लेखानीति के अनुसार बाहरी उद्देश्य से वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता तथा वित्तीय विवरण की तैयारी के बारे में पर्याप्त (तर्कसंगत) आश्वासन देने हेतु डिजाइन की गई प्रक्रिया है। किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियाँ तथा प्रक्रिया शामिल है जो (1) रिकार्ड के रख–रखाव से संबंधित, जो तर्कसंगत विवरण में कंपनी की परिसंपत्ति के लेन–देन तथा जमा को परिशुद्ध एवं स्वच्छ रूप से प्रतिबिम्बित करता हो (2)पर्याप्त आश्वासन देना की लेन–देन सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांत के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए अनुमति हेतु यथा आवश्यक रूप से दर्ज है तथा कि कंपनी का आय एवं व्यय कंपनी के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकार के अनुरूप किया जा रहा है (3) कंपनी की वैसी परिसंपत्तियों के अनाधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या जमा की रोकथाम तथा समय पर पता लगाने के बारे में पर्याप्त आश्वासन देना जो वित्तीय विवरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता हो।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अन्तर्निहित सीमाएँ :

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अन्तर्निहित सीमाओं के कारण मिलीभगत अपर्याप्त प्रबंधन, के कारण कमी, नियंत्रण की अवहेलना, भूलवश या धोखाघड़ी के कारण भौतिक (मैटेरियल) गलत बयानी शामिल है जो उपस्थित नहीं हो पाता है या जिसका पता नहीं लगाया जा सकता, की संभावना रहती है। इसके अतिरिक्त भावी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का कोई भी मूल्यांकन का प्रक्षेपण जोखिम के अनुसार है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थिति में परिवर्तन या प्रक्रिया के अनुपालन की स्थिति में कमी क्षरण हो सकने के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो जा सकता है।

विचार

हमारी राय में, कंपनी के पास सभी भौतिक (महत्वपूर्ण) मामलों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पद्धति है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर इस तरह के आंतरिक नियंत्रण 31 मार्च, 2020 के अनुसार प्रभावकारी ढंग से संचालित किए जा रहे थे। इसका आधार इन्स्टीच्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउन्टेंटस ऑफ इंडिया द्वारा निर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर मार्गदर्शन टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटक पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है।

वास्ते / लोधा पटेल वाधवा एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउन्टेंट्स
फर्म निबंधन सं.-006271सी

सीए संजय कुमार वाधवा
सदस्य
सदस्यता सं- 074749

स्थान : राँची
दिनांक : 9 जून, 2020

परिशिष्ट - V

सतीश कुमार एंड असोसिएट्स

(कम्पनी सचिवालय)

सचिवीय अंकेक्षण रिपोर्ट

मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(I) तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों के लिए नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम 2014 के अनुसरण में]

सतीश कुमार एंड असोसियट्स
(कंपनी सेक्रेटरीज)
फ्लैट नं. 201, द्वितीय तल, उर्मिला अपार्टमेंट
उद्भव बाबू लेन, थड़पकना, राँची' 834 001,
फोन नं. 09334606570/0913009905/0651&2212943
ई–मेल : cssatish26@gmail.com/skaranchilffice@gmail.com
PAN : ADGFS8830H

सेवा में,

सदस्यगण,
सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लि.,
गोंदवाना प्लेस काँके रोड, राँची, झारखंड–834031

